सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 35 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,118 |
| निफ्टी | 24,718 |
| सोना | 99,058 |
| चांदी | 1,06,167 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना को मिली 55.51 करोड़ की सौगात

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 14 जून 2025 | 32 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 166, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, बैंकॉक।** बम होने की सूचना मिलने पर शुक्रवार को थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइट्रेडर24 के हवाले से बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### एयरफोर्स का अपाचे हेलिकॉप्टर खेत में लैंड

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार को एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। हेलिकॉप्टर ने पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरी थी। जैसे ही वह हलेड़ा गांव के पास पहुंचा तो तकनीकी खामी आ गई। इसके बाद पायलट ने उसे खेत में लैंड करा दिया। सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर में सवार जवान सुरक्षित हैं। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। सेना ने आसपास का एरिया सील कर दिया। इसके बाद किसी को आसपास नहीं जाने दिया गया। करीब 2 घंटे बाद हेलिकॉप्टर रवाना हो गया। (अनंत ज्ञान)

### अरुणाचल के एमएलए को दो साल की सजा

**एजेंसी, चंडीगढ।** पंजाब की मोहाली अदालत ने चेक बाउंस के मामले में अरुणाचल प्रदेश के सागली से मौजूदा विधायक रायतु तेजी, उनकी पत्नी और दो अन्य सहयोगियों को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही, साढ़े पांच करोड़ रुपए का मुआवजा एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। एडवोकेट तजिंदर सिंह ने बताया कि कुलविंदर सिंह की पंजाब में स्थापित कंपनी का विधायक की कंपनी टीके इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से एक समझौता हुआ था। शुरुआत में विधायक की कंपनी समय पर भुगतान करती रही, लेकिन बाद में भुगतान में देरी होने लगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- विधायक निधि से बजट जारी होने पर भी नहीं लगे हैंडपंप -पेज 2
- जयराम बोले- सरकार के रोजगार के दावे झूठे, हवा में बांट रहे नौकरियां -पेज 3
- बैजनाथ में 92 करोड़ की पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन: किशोरी लाल -पेज 4
- अब भी सड़क सुविधा से वंचित है ठाठी गांव -पेज 9
- विनोद सुल्तानपुरी ने स्नो में किए 45 लाख के उद्घाटन और शिलान्यास -पेज 12


# सुबह 7 :30 बजे लगेंगे स्कूल

## हिमाचल में भीषण गर्मी की वजह से बदला स्कूलों का समय, 1 बजे छुट्टी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में जारी भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय ने गर्मियों में बंद होने वाले स्कूलों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव की घोषणा की है। अब ये स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित किए जाएंगे। यह निर्णय छात्रों और शिक्षकों को प्रतिकूल मौसम की स्थिति से बचाने के लिए लिया गया है।



**एसएमसी, पीटीए और अभिभावकों की शिकायतों पर लिया गया निर्णय**

शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के कई हिस्सों, विशेषकर कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और सोलन के बीबीएन क्षेत्र तथा सिरमौर के पांवटा साहिब व नाहन में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस चिलचिलाती धूप के कारण छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसकी शिकायत विभिन्न एसएमसी, पीटीए और अभिभावकों द्वारा की गई थी। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि उपनिदेशक, माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा को निर्देश दिए गए हैं कि वे आवश्यकतानुसार स्कूलों के समय को समायोजित करें।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि छात्रों को भीषण गर्मी में मैदान में खेलने की अनुमति न दी जाए और सुबह की प्रार्थना सभा का समय भी कम किया जाए, ताकि छात्र पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रह सकें।

### पानी पीने के लिए दें दो अतिरिक्त ब्रेक

**इसके** अतिरिक्त, छात्रों को स्कूल के समय के दौरान अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखने के लिए दो अतिरिक्त पानी पीने के ब्रेक देने की भी सलाह दी गई है। सभी उपनिदेशकों को बदली हुई समयसारिणी की सूचना तुरंत निदेशालय को देने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशालय ने यह भी कहा है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत या संबंधित जिले के एसडीएम द्वारा इस संबंध में पहले से जारी किसी भी निर्देश का अक्षरशः पालन किया जाए।

# अहमदाबाद में क्रैश प्लेन का ब्लैक बॉक्स मिला

## अब तक 270 लोगों के शव बरामद, डीएनए सैंपलिंग जारी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में वीरवार दोपहर को दुर्घटना की शिकार हुई एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को इमारत की छत से बरामद किया गया। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे के तुरंत बाद पूरी ताकत से जांच शुरू कर दी थी। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है।

वहीं, रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी डीएनए टेस्ट के बाद परिजनों को सौंप दी गई हैं। डीएनए सैंपलिंग अभी जारी है। विमान जिस वक्त मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हादसे में 4 एमबीबीएस छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत हुई है, जबकि हॉस्टल से 45 से ज्यादा स्टूडेंट्स को सुरक्षित निकाला गया है। यह जानकारी गुजरात आईएमए अध्यक्ष डॉ. मेहुल ने दी है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने जाना घायलों का हाल



**शुक्रवार** सुबह पीएम मोदी अहमदाबाद पहुंचे और घायल हुए लोगों से मुलाकात की। इसमें एकमात्र जीवित बचा व्यक्ति भी शामिल है और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में हम उनके और उनके परिवारों के साथ हैं। पूरा देश उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।

### आंख खुली, तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं

**हादसे** में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार ने पीएम मोदी को बताया कि सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकल सका। प्लेन क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं।

# कुल्लू में कार दुर्घटनाग्रस्त 2 की मौत, 3 गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के भेखली मार्ग पर वीरवार रात को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कुल्लू पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और घायल हुए युवकों को गाड़ी से बाहर निकाला।

घायलों को इलाज के लिए ढालपुर अस्पताल लाया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। यह घटना बीती रात 9 बजे के बाद घटी जब पांच युवक एक कार में भेखली से कुल्लू की तरफ आ रहे थे। तभी अचानक कार का संतुलन बिगड़ा और कार सड़क से नीचे लुढ़क गई। मरने वालों में फगवाना गांव का बालकृष्ण (21) व आशीष शर्मा उर्फ विशू (18) शामिल हैं। वहीं, साहिल, हिमांशु व रिपन निवासी धारा, मणिकर्ण गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# कसौली में मिला हजारों साल पुराने ताड़ के पत्ते का जीवाश्म

## 2000 मीटर ऊंचा कसौली कभी समुद्र तल से 200-500 मीटर था ऊंचा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** हिमाचल के पर्यटन क्षेत्र कसौली में हजारों साल पुराना पाम (ताड़) पत्ते का जीवाश्म मिलने का दावा किया गया है। इस प्रकार के फॉसिल्स की खोज 1864 में मेडलिकॉट ने की थी। अब भी उसी स्थान पर पाम पत्ते का जीवाश्म मिला है। भू-वैज्ञानिक डॉ. रितेश आर्य ने पाम पत्ता जीवाश्म खोजा है और नई सफलता प्राप्त की है। यह जीवाश्म ताड़ जैसे पौधे केवल निचले, आर्द्र, तटीय क्षेत्रों में होते हैं। ऐसे में कसौली में 20 मिलियन वर्ष पहले तटीय जलवायु होने का दावा किया गया है। वर्तमान में कसौली जो 2000 मीटर की ऊंचाई पर है, यहां पर जीवाश्म का पाया जाना दर्शाता है कि पहले कसौली समुद्र तल से केवल 200–500 मीटर ऊंचाई पर था। इससे स्पष्ट होता है कि उस समय कसौली भूमध्य रेखा के निकट स्थित था। इससे पहले कसौली में ग्लूटा, गार्सिनिया जैसे पौधों के जीवाश्म भी कसौली में पाए गए हैं। इस कारण कसौली जीवाश्म की राजधानी बना हुआ है। कसौली में जीवाश्म की खोज एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट्स (एपीजी) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय भू-गर्भीय फील्ड शिविर के दौरान हुई है। 11 जून को डॉ. रितेश आर्य को कसौली क्लब के पास यह जीवाश्म मिला है।



**यह** खोज ब्रिटिश भू-वैज्ञानिक मेडलिकॉट को समर्पित है, जिनकी 1864 की खोज ने युवावस्था में ही मुझे प्रेरित किया। यदि मेडलिकॉट पाम पत्ता जीवाश्म न खोजे जाते, तो शायद मैं भू-विज्ञान में नहीं आता। यह खोज मेरे लिए ऐतिहासिक स्तर पर महत्वपूर्ण है।

**-डॉ. रितेश आर्य भू-वैज्ञानिक, कसौली।**

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना ध्येय : सीएम



प्रदेश पशु एवं कृषि सखी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से बात करते सीएम सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और हिमाचल प्रदेश पशु एवं कृषि सखी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। संवाद के दौरान, मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों को मजबूत करने हेतु कई अभिनव पहलें की गई हैं।

**प्राकृतिक खेती से उत्पादित वस्तुओं को दी जा रही विशेष प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती पद्धति से उत्पादित वस्तुओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप 'हिम ईरा' और अन्य स्थानीय उत्पाद दूसरे राज्यों में काफी लोकप्रिय हुए हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश में पहली बार दूध, प्राकृतिक खेती से उगाए गए गेहूं, मक्की और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक तरीके से उगाई गई मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 और गेहूं का 60 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया है।

### हिम-ईरा से महिलाओं को होगा फायदा

**सीएम** ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट 'हिम-ईरा' लॉन्च की गई है। इससे महिलाओं को फायदा होगा। प्रदेश के 1 लाख 58 हजार से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रमाणित किया गया है।

# इसराइल ने ईरान पर दागीं मिसाइलें

## ईरान के चार एटमी ठिकानों और दो सैन्य अड्डों को किया तबाह

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। वहीं, हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्टरी और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। हमले के बाद इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इसराइली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। (अनंत ज्ञान)

**सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ, दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत**

### ईरान ने भी इसराइल पर दागे 100 ड्रोन

**तेहरान।** ईरान ने इसराइल पर जवाबी हमले में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इसराइली सेना ने दावा किया है कि उनके लड़ाकू विमान ड्रोन को रास्ते में ही गिरा रहे हैं। अभी तक एक भी ड्रोन इसराइल की सीमा में नहीं पहुंचा है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान से परमाणु समझौता करने को कहा है। ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि अगर परमाणु समझौते को तैयार नहीं हुए तो और ज्यादा बड़ा हमला झेलना होगा।

# चंडीगढ़ के युवक का शिमला के होटल में मर्डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ढली टनल के पास स्थित एक होटल में एक हत्या का मामला सामने आया है। चंडीगढ़ के एक युवक आकाश शर्मा की उसके ही चचेरे भाई अर्जुन ने निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी होटल से फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक आकाश शर्मा (27) अपने चचेरे भाई अर्जुन (25) के साथ 11 जून से ढली स्थित होटल नवरत्न के कमरा नंबर 302 में ठहरा हुआ था। 12 जून को दोनों भाइयों के बीच किसी बात पर जबरदस्त झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अर्जुन ने आवेश में आकर आकाश के सिर पर कांच की बोतल से वार कर दिया। सिर पर चोट लगने के बाद आकाश जमीन पर गिर गया और अर्जुन ने बोतल के टूटे हुए हिस्से से उसका गला काट दिया, जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब होटल स्टाफ को कमरे में आकाश खून से लथपथ मिला, तो उन्होंने तुरंत ढली पुलिस स्टेशन को सूचना दी।

**आरोपी चचेरा भाई फरार**

# हिमाचल में मौसम कूल-कूल

## कई क्षेत्रों में बारिश होने से सुहावना हुआ मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मौसम कूल-कूल हो गया है। शुक्रवार दोपहर बाद प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। शिमला, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और सिरमौर सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। कुछ स्थानों पर तेज तूफान और हल्की ओलावृष्टि भी दर्ज की गई है। वहीं, कांगड़ा जिले के धर्मशाला में भी सुबह के वक्त बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया।

जानकारी के अनुसार, राजधानी शिमला में शुक्रवार दोपहर 2 बजे के बाद से बारिश हुई, जिससे शहर का मौसम सुहाना हो गया और लोगों को लंबे समय से चली आ रही गर्मी से राहत मिली। शिमला मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शहर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे दिन का तापमान गिर गया।

### सोलन में पेड़ गिरने से वाहनों को नुकसान

**सोलन** में शुक्रवार दोपहर बाद आए तेज तूफान और बारिश से नगर निगम सोलन की पार्किंग में एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इस घटना में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों को नुकसान हुआ है, हालांकि किसी प्रकार की जान-माल की हानि की सूचना नहीं है।

### आगामी कुछ दिन यूं ही बदलता रहेगा मौसम

**मौसम** विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक ऐसे ही परिवर्तनशील मौसम की संभावना बनी हुई है। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है, जिससे तापमान सामान्य के आसपास रहने की उम्मीद है। यह मानसून पूर्व की गतिविधियां हैं और अगले सप्ताह के अंत तक मानसून के आगमन की संभावना है।

### प्रदेश में 5 दिन से पड़ रही थी भीषण गर्मी

प्रदेश के मैदानी इलाकों में बीते पांच दिन से भीषण गर्मी पड़ रही थी। ऊना का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। इसके अलावा राज्य के 12 अन्य शहरों में भी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका था। ऐसे में शुक्रवार को कई क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आएगी। शनिवार को भी कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।




## न्यूज ब्रीफ

### दरोगण, कोट, कलंझड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत दरोगण बाईपास के निकट बिजली लाइन को बदलने के कार्य के चलते 14 जून को गांव दरकोटी, गब्भा, ठाणा दरोगण, कोट, कलंझड़ी, कराड़ा, भरनांग, ख्याह और आसपास के गांवों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बंद स्कूलों के भवनों के उपयोग के लिए करें संपर्क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि जिला में बंद या मर्ज हुए सरकारी स्कूलों के भवनों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इन्हें अन्य विभागों के कार्यालयों एवं संस्थानों हेतु आवंटित किया जा सकता है। जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को इन खाली भवनों की सूची उपलब्ध करवाते हुए एडीसी ने निर्देश दिए हैं कि अगर कोई विभाग इन भवनों का उपयोग अपने कार्यालय या संस्थानों के लिए करना चाहता है तो इसके लिए सीधे शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

### भोरंज में बीएलओ के कार्डों की निविदाएं 20 तक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के पहचान पत्र बनाने के लिए पात्र फर्मों एवं प्रिंटर्स से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशिपाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के सभी बीएलओ को नए मानकों के अनुसार पहचान पत्र दिए जाएंगे। ये पहचान पत्र तैयार करने के लिए 20 जून शाम 3 बजे तक एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाएं 21 जून को सुबह 11 बजे खोल दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बीएलओ के कार्डों का आकार लगभग मतदाता पहचान पत्र के बराबर होगा तथा इसमें उच्च क्वालिटी का मैटीरियल, पारदर्शी कवर और डोरी होनी चाहिए तथा प्रिंटिंग भी उच्चतम क्वालिटी की होनी चाहिए। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के बैंक खाते में 2500 रुपए की सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। निविदा के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### लाहड़ में युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील




**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** वर्तमान समय में पड़ रही प्रचंड गर्मी से आम जनमानस का जीवन पूर्ण रूप से अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन में चल रही हीट वेव से बाजार पूर्ण रूप से सुनसान दिखाई दे रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए आज उपमंडल नादौन की सपड़ोह पंचायत के कस्बा लाहड़ में युवा वर्ग द्वारा ठंडे. पानी की छबील लगाई गई। इसमें राहगीरों को ठंडे पानी के साथ तरबूज, हलबे का प्रसाद एवं पकौड़े बांटे गए एवं भगवान इंद्र देवता से भी लोगों ने प्रार्थना करते हुए उस प्रचंड गर्मी से राहत दिलाने की प्रार्थना की।

### लोगों ने सरकार से की स्कूलों में छुट्टियों की मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ा पंचायत के लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए आग्रह. किया हैं कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार को हमीरपुर जिले के स्कूलों में छुट्टियां कर देनी चाहिएं क्योंकि दिन में चल रही हीट वेव से स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों की हालत अति दयनीय हैं। अतः. प्रदेश सरकार को अतिशीघ्र इस पर चिंतन करना चाहिए।

### धनेटा कॉलेज में परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग को बधाई दी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि वाणिज्य एवं कला स्नातक के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की आवेदन प्रक्रिया 2 जून से चल रही है और आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 19 जून है। वाणिज्य एवं कला स्नातक के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 13 जून से शुरू हो गई है।

### ट्रैफिक कर्मियों को गर्मी से बचने के लिए मिली कॉटन हैट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गर्मी के मौसम में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को गर्मी से राहत प्रदान करने एवं बढ़िया व चुस्त ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त तथा अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस हमीरपुर के द्वारा एक नई पहल के अंतर्गत ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को नई कॉटन ट्रैफिक हैट प्रदान की गई है। इस कॉटन हैट को विशेष रूप से इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि यह तेज धूप और गर्मी से सुरक्षा प्रदान करेगी व साथ ही पुलिस कर्मियों को आरामदायक एवं ठंडा वातावरण मिलेगा। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस हमीरपुर के इस प्रयास से न केवल पुलिस कर्मियों को ही सुविधा मिलेगी परंतु यह एक सकारात्मक और मानव केंद्रित कार्य संस्कृति के साथ-साथ आम जनता की सुविधा की दिशा में भी एक बडा व सकारात्मक कदम है।

### वार्डबंदी पर दर्ज आपत्तियों की सुनवाई 16 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इस माह की 2 तारीख को प्रकाशित नगर निगम हमीरपुर, नगर परिषद सुजानपुर, नगर परिषद नादौन, नगर पंचायत भोटा, नगर पंचायत बड़सर और नगर पंचायत भोरंज की वार्डबंदी के प्रारूपों के संबंध में 9 जून तक आम लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त किए गए हैं। वार्डबंदी के संबंध में प्राप्त इन आपत्तियों की सुनवाई 16 जून को सुबह 11 बजे जिलाधीश हमीरपुर के कोर्ट परिसर में की जाएगी। इस दौरान केवल उन्हीं आपत्तियों पर सुनवाई की जाएगी जोकि 9 जून तक दर्ज करवाई गई हैं। जिलाधीश अमरजीत सिंह ने नगर निगम हमीरपुर और जिला के अन्य शहरी निकायों की वार्डबंदी के संबंध में आपत्तियां दर्ज करवाने वाले लोगों से 16 जून को होने वाली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसके बाद सुनवाई का कोई भी अवसर नहीं दिया जाएगा।

### पंचायत के आदेशों को नहीं मान रहे दो लोग, प्रशासन ने न्याय नहीं दिलाया तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

# साहब ! जमीनों को बंजर होने से बचाओ

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

आजकल किसान अपने खेतों में मक्की की फसल की बिजाई करने में व्यस्त हैं और भीषण गर्मी के बावजूद भी लोग अपने खेतों में नजर आ रहे हैं। मगर गलोड़ क्षेत्र के नादौन ब्लॉक की पिछड़ी पंचायत कश्मीर के संमजाल मांजरा और दाड़ के लोग अपने खेतों में बिजाई न होने की बजह से खासे परेशान हैं।

लोगों का कहना है कि गांव के दो लोग मोहिंदर सिंह गोरा और दीनानाथ अपनी जमीन से ट्रैक्टर को नहीं जाने दे रहे हैं जिसकी बजह से उनके खेत बंजर बन जाएंगे। इस मामले को लोगों ने सामूहिक तौर पर अपना पक्ष पंचायत के समक्ष रखा। पंचायत प्रधान सुरजीत कुमार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौका देखा और खाली जमीन पर ट्रैक्टर ले जाने का फैसला सुनाया, मगर इन दोनों लोगों ने इस फैसले को नहीं माना।

राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग अन्य लोगों को भी डरा-धमका रहे हैं। किसी भी ट्रैक्टर वाले को अपनी खाली जमीन से नहीं आने देने के लिए पहले ही फोन कर देते हैं।



समस्या को लेकर जिलाधीश से मिलने जाते हुए लोग।

**डीसी बोले-खाली जमीन से ट्रैक्टर को जाने से कोई नहीं रोक सकता**

पंचायत प्रधान सुरजीत कुमार ने लोगों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्याय दिलाने के लिए पंचायत का लिखित बयान और मोहर लगाकर उच्चधिकारियों को प्रेषित कर दिया। आज इस पूरे मामले को लेकर गांव के लोग जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल थीं, जिलाधीश हमीरपुर के कार्यालय में न्याय दिलाने की गुहार लेकर पहुंच गए और अपने खेतों को बंजर होने से बचाने का दर्द जिलाधीश को सुनाया। जिलाधीश हमीरपुर ने भी तुरंत कारवाई करते हुए इसे एसपी कार्यालय को भेजा और तुरंत कारवाई करने के आदेश दिए ताकी लोग अपने खेतों में मक्की की बिजाई समय अनुसार कर सकें।

लोगों में कौशल्या देवी, बिमला देवी, रुकमनी, मिलाप सिंह, राजकुमार, हंस राज, लीला देवी, इंदु बाला, जोगिंदर सिंह, चेंचलो देवी, जगवीर सिंह, मोहर सिंह, शकुंतला देवी, कमला देवी और अन्य लोगों ने जिलाधीश को अपना शिकायत पत्र सौंपा। इस मामले पर पंचायत प्रधान सुरजीत कुमार ने बताया कि समजाल के लोग उनके पास एक शिकायत पत्र लेकर आए थे। पूरी पंचायत के लोगों की इस जायज मांग को देखते हुए मौका देखा, जिस पर इन दोनों लोगों को ट्रैक्टर को न रोकने और लोगों की जमीन में बिजाई करने देने का फैसला सुनाया। इन दोनों ने इसे नहीं माना और पंचायत ने इसे आगामी कारवाई हेतु उच्चधिकारियों को भेज दिया था

इस मामले पर जिलाधीश हमीरपुर अमरजीत सिंह ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर आज ही उनसे मिला था और ऐसे मामलों में कोई भी व्यक्ति खेतों की बिजाई के लिए ट्रैक्टर को नहीं रोक सकता है। उन्होंने इस मामले पर एसपी हमीरपुर को तुरंत कारवाई करने के आदेश दे दिए हैं ताकि लोग अपने खेतों में आसानी से बिजाई कर सकें।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने जन्म से बधिरता नौनिहाल का बदल दिया जीवन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**5.20 लाख रुपए के मुफ्त श्रवण यंत्र प्रत्यारोपण से अब सुन सकेगा बच्चा**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हमीरपुर जिले में जन्म से लेकर 18 साल तक के बच्चों की जांच और इलाज मुफ्त में किया जाता है। इसके तहत नवजात शिशुओं की जांच आयु 0-6 हफ्ते ), 6 हफ्ते से लेकर 6 साल तक के बच्चों की जांच आंगनबाड़ियों तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों और आशा कार्यकर्ता को शामिल किया जाता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चैधरी ने बताया कि हमीरपुर जिले में इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाती है और लक्षण पाए जाने पर आरबीएसके की टीम उन्हें आगे बड़े अस्पताल में भेजती है। इसमें एक बच्चा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा ब्लॉक बड़सर के आंगनबाड़ी मझेड़ से जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र हमीरपुर भेजा गया, वहां पर इस बच्चे का जन्मजात बधिरता (कान से सुनाई न देना) का निदान किया गया। सभी आवश्यक जांचों के बाद मामला आईजीएमसी शिमला को भेजा गया, जहां कॉक्लियर इंप्लांट (श्रवण यंत्र प्रत्यारोपण) की सिफारिश की गई।

आरबीएसके के तहत 5.20 लाख रुपए का वित्तीय पैकेज इस प्रक्रिया के लिए स्वीकृत किया गया। सभी चिकित्सीय मूल्यांकनों और मेडिकल क्लियरेंस पूर्ण होने के बाद, कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी गत वीरवार को को आरबीएसके के अंतर्गत सफलतापूर्वक की गई। इस योजना के तहत इस बच्चे का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। अब यह बच्चा अच्छे से सुन पाएगा, जिसकी फ्री सर्जरी हुई है। आरबीएसके के तहत कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी सिर्फ 2 साल तक के बच्चों की होती है, बाकी आरबीएसके के तहत 30 बीमारियों का फ्री इलाज 0 से 18 साल तक के बच्चों का होता है, इसलिए सभी लोग इस योजना का लाभ उठाएं।

## बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में महादेव गंगाधरेश्वर की मूर्ति का अनावरण

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**



**बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में स्थित ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए वहां पर 35 लाख की अनुमानित बजट राशि से बनाए जा रहे पार्क में स्थापित महादेव गंगाधरेश्वर की मूर्ति का आज अनावरण कर दिया गया, ताकि यहां आने बाले लोग इस मूर्ति के दर्शन कर सकें। खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि इस मूर्ति का निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण इसे पहले वस्त्र से ढका हुआ था, लेकिन अब निर्माण कार्य पूरा होने पर इस पवित्र मूर्ति से वस्त्र को हटा दिया गया हैं ताकि यहां आने वाले लोग इसके दर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि भारत में केरल के बाद यें दूसरा स्थान होगा, जहां भगवान गंगाधरेश्वर की मूर्ति स्थापित की गई है।

इस मूर्ति की उच्चाई 20 फुट है, जो कि यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। अधिकारी ने बताया कि पार्क में बनाये जा रहे 20 फुट ऊंचे कैलाश पर्वत का निर्माण कार्य भी वर्तमान समय में प्रगति पर है। अतिशीघ्र उसे भी सकारात्मक रूप दिया जाएगा, ताकि यहां पर पर्यटकों की चहलकदमी अतिशीघ्र बढ़ सके।

## विनोद चुने गए प्रेस क्लब बमसन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

आवाह देवी, टौणी देवी क्षेत्र के पत्रकारों की बैठक समीरपुर रेस्ट हाउस में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर ने की जबकि महासचिव सुरेंद्र कटोच, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया एवं कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार, पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस क्लब बमसन के चुनाव एवं गठन की चर्चा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रेस क्लब बमसन का पंजीकरण शीघ्र किया जाए।

इस मौके पर चुनाव अधिकारी पत्रकार रजनीश शर्मा की देखरेख में पत्रकारों द्वारा पत्रकार विनोद शर्मा को अध्यक्ष और पत्रकार संजीव चौहान को महासचिव चुना गया। प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि सदस्यों की सहमति के साथ ही कार्यकारिणी का गठन शीघ्र कर लिया जाएगा और पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर दी जाएगी।

बैठक में प्रेस क्लब हमीरपुर द्वारा रजत जयंती समारोह के लिए दिए गए निमंत्रण को भी स्वीकृति दी गई। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब बमसन इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपना पूर्ण सहयोग देगा।

बैठक में पत्रकार दीक्षा ठाकुर, अश्वनी गथानिया, सुभाष राज, हाकम चंद पठानिया, बलवीर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।



धूमल से प्रेस क्लब हमीरपुर और प्रेस क्लब बमसन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।

**धूमल ने प्रेस क्लब हमीरपुर और बमसन के गठन पर जताई प्रसन्नता**

**पूर्व** मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि मीडिया समाज, सरकार और प्रशासन सजग करने में आज भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शुक्रवार को प्रोफेसर धूमल से मिलने समीरपुर में प्रेस क्लब हमीरपुर और प्रेस क्लब बमसन के पदाधिकारी और पत्रकार पहुंचे हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर, महासचिव सुरेंद्र कटोच, कार्यकारिणी सदस्यों, प्रेस क्लब बमसन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद शर्मा, महासचिव संजीव चौहान को बधाई दी।

## हमीरपुर जिले में सुबह 8 से 2 बजे तक लगेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के सभी क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के समय में संशोधन के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश की ओर से जारी आदेश के अनुसार हमीरपुर जिले के सभी सरकारी और निजी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के खुलने और बंद होने का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जबकि, प्राइमरी स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा।

उन्होंने बताया कि स्कूलों की यह टाइमिंग आगामी आदेशों तक लागू रहेगी। जिलाधीश ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# हमीरपुर में मन्नत ट्रेंड्स ब्रांडेड गारमेंट्स शोरूम खुला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में मन्नत ट्रेंड्स के नए शोरूम के खुलते ही अब हमीरपुर शहर तथा आसपास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को एक ही छत के नीचे अपनी पसंद तथा सभी प्रकार के ब्रांड के कपड़े मिलने शुरू हो गए।

इसके बाद अब हमीरपुर शहर के लोगों को चंडीगढ़ तथा अन्य स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब शहर के लोग आसानी से अपने ही शहर में मन्नत ट्रेंड्स के नए शोरूम के खुलने से खरीददारी कर सकते हैं। वीरवार को मन्नत ट्रेंड्स का विधिवत रूप से उद्घाटन हुआ। शोरूम का उद्घाटन शोरूम के मालिक के माता-पिता द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर साहिब ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले भी उनका चंडीगढ़ में रेडीमेड गारमेंट्स का शोरूम है, जिसके बाद ये उनका यह दूसरा शोरूम है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पर वुडलैंड, जॉन प्लेयर, पेपे जीन्स, स्पायकर जैसे बड़े ब्रांड के कपड़े उपलब्ध रहेंगे।



मन्नत ट्रेंड्स के विधिवत रूप से उद्घाटन अवसर पर मौजूद गणमान्य व अन्य।

मन्नत ट्रेंड्स एक ऐसा स्टाइलिश डेस्टिनेशन है, जहां पुरुषों और महिलाओं के लिए देश के प्रमुख ब्रांड्स के कपड़े एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। पारंपरिक पहनावे से लेकर वेस्टर्न फैशन तक दृ हर अवसर और हर पसंद को ध्यान में रखते हुए खास कलेक्शन को रखा गया है उद्घाटन अवसर पर विशेष ऑफर ग्राहकों के लिए 50 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है, जो सीमित समय के लिए उपलब्ध है। यह मौका न केवल स्टाइलिश परिधानों की खरीददारी का है, बल्कि शानदार बचत का भी है।

उद्घाटन के मौके पर सुदर्शन, कृष्ण कुमार, संदीप संजीव, नीतू, अरुण, रोशनी, शिवानी, कुंदन रत्तन, विवेक जैन, संदीप शाह, दलीप, गुरिन्दर, वीरेंदर आदि उपस्थित रहे।

## सुजानपुर के एसडीएम ने चौगान में उगी गाजर घास को हटाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान में इन दिनों कांग्रेस घास का प्रकोप बढ़ गया है। यह घास लोगों और पशुओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। एसडीएम विकास शुक्ला ने नगर परिषद को इस समस्या से निपटने के लिए कई निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि घास की सफाई तक चौगान को जनता के लिए बंद रखा जाएगा।

नगर परिषद को घास को हटाने के लिए कई तरीके अपनाने होंगे। इनमें हाथों से उखाड़ना, जैविक नियंत्रण और रासायनिक नियंत्रण शामिल हैं। कांग्रेस घास से त्वचा में एलर्जी, दमा और आंखों में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह घास अन्य पौधों के विकास को भी रोकती है। चौगान में टहलने वाले बुजुर्गों और पशुओं के लिए यह विशेष रूप से हानिकारक है।

एसडीएम ने सैनिक स्कूल सुजानपुर के प्राचार्य से कैडेट्स और स्टाफ को इस अभियान में शामिल करने की अपील की है। नगर परिषद को 7 दिन में कार्य योजना और 30 दिन में प्रगति रिपोर्ट उपायुक्त हमीरपुर को देनी होगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा है। एसडीएम ने कहा कि चौगान की सुंदरता बहाल करने में सभी की भागीदारी जरूरी है।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए रखा मौन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला समिति जमलीधाम हमीरपुर द्वारा गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी एवं अन्य 295 यात्रियों की दुखद मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी तथा गो माता से प्रार्थना की विमान हादसे में मारे गए सभी लोगों की आत्माओं को अपने गोलोक में स्थान दें। इस अवसर पर गोशाला के प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया, प्यारे लाल शर्मा, पृथ्वीराज शर्मा, राजेश शर्मा, जगदीश ठाकुर, कै. प्रदीप कुमार, सूबेदार सुनील सिंह, ओम प्रकाश कौंडल, आशीष, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

# विधायक निधि से बजट जारी होने पर भी नहीं लगे हैंडपंप

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** विधायक सदर आशीष शर्मा की विधायक निधि से विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर में हैंडपंप व उन पर मोटर लगाने के लिए जारी हुए बजट का उपयोग जलशक्ति विभाग नहीं कर रहा है। इसे राजनीतिक दबाव कहें या कुछ और, लेकिन जनता की मांग पर जारी हुए पैसे का प्रयोग न करना विभाग की लापरवाही है।

विधायक सदर आशीष शर्मा और स्थानीय लोगों ने बार-बार विभाग को इस बार अवगत की भी करवाया है, लेकिन विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। बता दें कि सितंबर 2024 में विधायक आशीष शर्मा ने चार हैंडपंपों के लिए दस लाख रुपए की राशि जारी की। इसके अलावा फरवरी 2025 में दो अन्य हैंडपंपों के लिए राशि अपनी विधायक निधि से जारी की। इसके साथ ही तीन हैंडपंप पर मोटर लगाने के लिए भी क्रमशः 70,000 रुपए प्रति मोटर विभाग को जारी किए, लेकिन जलशक्ति विभाग इस बजट का उपयोग नहीं कर रहा है।

**विधायक आशीष शर्मा ने जलशक्ति मंडल हमीरपुर और बड़सर के तहत छह हैंडपंपों को जारी किया है पैसा**

सूत्रों की जानकारियां भी है कि राजनीतिक दबाव के चलते इन हैंडपंपों के कार्य को रोका जा रहा है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा है कि जलशक्ति मंडल बड़सर के तहत साहनवीं पंचायत के ककून गांव, पंचायत चौकी कनकरी के कनकरी गांव, जलशक्ति मंडल मंडल हमीरपुर के तहत पंचायत अमरोह, धलोट के कल्लर गांव एवं बल्ह और नगर निगम में नजदीक बस स्टैंड हमीरपुर सहित कुल छह हैंडपंपों को कुल पंद्रह लाख रुपए जारी किए हैं। इसके अलावा चिंघड़ और ब्राह्लडी पंचायत के डूढाना में दो हैंडपंपों के लिए सबमर्सिबल मोटर्स लगाने के लिए दो लाख दस हजार रुपए जारी किए हैं। इनमें से महज कल्लर हैंडपंप की बोरिंग दो दिन पहले विभाग ने स्थानीय लोगों के बार बार आग्रह पर करवाई है।

शेष हैंडपंप अभी नहीं लगे हैं। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को बाकायदा पत्र लिखकर अवगत भी करवाया गया है, लेकिन करीब दस माह का समय बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**पहल** ‘एक पेड़ मां के नाम’ के अंतर्गत एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पौधरोपण अभियान चलाया

# टौणी देवी के स्काउट्स व गाइड्स ने दिखाया प्रकृति के प्रति प्रेम

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के स्काउट्स और गाइड्स ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम ‘एक पेड़ मां के नाम’ के अंतर्गत एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पौधरोपण अभियान चलाया।

गाइड कैप्टेन कुसुम लता और स्काउट मास्टर राजेश के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर न केवल प्रकृति से आत्मिक जुड़ाव दर्शाया, बल्कि समाज को एक गहरा संदेश भी दिया कि मां और प्रकृति दोनों जीवन की जननी हैं और दोनों की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह छात्रों के हृदय में पर्यावरण संरक्षण की चेतना और मातृत्व के प्रति सम्मान को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास था।




क

स्काउट्स व गाइड्स ने इस भावनात्मक पहल को पूरे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ अपनाया। स्काउट्स व गाइड्स की यह पहल बताती है कि यदि युवावर्ग भावनात्मक जुड़ाव के साथ प्रकृति से नाता जोड़ ले, तो पर्यावरण संरक्षण केवल नारा नहीं, एक जीवनशैली बन सकता है।

प्रधानाचार्य ने स्काउट्स गाइड्स की इस सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की भावनात्मक गतिविधियाँ भविष्य में भी विद्यालय परिवार की पहचान बनेंगी। यह पहल एक संदेश है कि जब स्काउट्स और गाइड्स जैसी युवा शक्तियां प्रकृति और ममता के प्रति समर्पण भाव से आगे आती हैं, तो पर्यावरण संरक्षण एक आंदोलन नहीं, एक संस्कार बन जाता है।

इस अवसर पर नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी सृजनात्मकता और भावनाओं का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम प्रज्ञान, द्वितीय अक्षिता, तृतीय परिणिति जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम चेतना, द्वितीय प्रियांशु और तृतीय स्थान पर प्रियांजली रही।

## श्रमिकों का हक छीनने वालों पर होगी एफआईआर : नरदेव कंवर

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा है कि श्रमिकों के कल्याण और उत्थान के लिए चलाई जा रही 14 योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिन साधन संपन्न लोगों ने लाभ उठाने में कोई कोर कसर नहीं रखी, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इसका सारा मसौदा तैयार किया जा रहा है। इनमें 30 ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने फिर से लाभ उठाने के लिए अप्लाई किया हुआ है। यही नहीं इसमें शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को यहां बोर्ड के मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अधिकारियों एवं बोर्ड की उपमंडल स्तर की 26 शाखाओं के मोटीवेटरों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान नरदेव सिंह कंवर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार बोर्ड की 14 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी तत्परता के साथ कार्य कर रहे हैं।

**भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने किया ऐलान**



उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने बोर्ड की योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण, उनके बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई और विवाह, चिकित्सा और मकान निर्माण इत्यादि के लिए बड़ी आर्थिक मदद का प्रावधान किया है, लेकिन कई साधन संपन्न लोग इन योजनाओं का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। पात्र श्रमिकों के हक छीनने का प्रयास कर रहे हैं। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**38 साधन संपन्न लोगों ने अपनाए गलत हथकंडे**

कंवर ने बताया कि शुरुआती दौर में बड़सर उपमंडल की 9 पंचायतों और भोरंज उपमंडल की एक पंचायत में जांच के दौरान लगभग 38 ऐसे साधन संपन्न लोगों का पता चला है, जिन्होंने गलत हथकंडे अपनाकर बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाया है। इन्होंने 10 लाख रुपए से अधिक के वित्तीय लाभ लिए हैं। इनमें कई सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों और संपन्न व्यावसायियों के परिजन भी शामिल हैं। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। नरदेव ने बताया कि श्रमिकों की केवाईसी करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि अपात्र लोगों के नाम हटाए जा सकें और सभी पात्र श्रमिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# भदरोया में कल होगा पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025'

## मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे समारोह का शुभारंभ

### इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि और नूरपुर के एसपी अशोक रत्न विशेष अतिथि होंगे

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। पहला अनंत पुलिस प्राइड समारोह कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में अरुण कैसल में रविवार 15 जून को आयोजित होगा। समारोह सुबह ठीक 11:00 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार करेंगे। इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन विशिष्ट अतिथि एवं नूरपुर के एसपी अशोक रत्न बतौर विशेष अतिथि शिरकत करेंगे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र Presents अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड — आपकी सेवाओं का सम्मान

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**आर** एंड टीएफ कांगड़ा, चंबा एवं ऊना के एएसपी राजेंद्र जस्वाल, पुलिस थाना डमटाल के प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह, पुलिस थाना नूरपुर के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, पुलिस थाना इंदौरा के प्रभारी निरीक्षक आशीष पठानिया, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के प्रभारी उपनिरीक्षक अजायब सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक विनय कश्यप एवं आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के कार्यालय प्रभारी सतेंद्र सिंह, पुलिस पोस्ट सदवां के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक भजन सिंह एवं पुलिस पोस्ट कंडवाल के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नीरज कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात मुख्य आरक्षी संजीव कुमार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी दिनेश, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी रणजीत सिंह, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी कुलजीत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के मुख्य आरक्षी उमाकांत, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी संसार, आपराधिक जांच एजेंसी नूरपुर के आरक्षी रोहित कुमार, एसपी ऑफिस नूरपुर में तैनात आरक्षी लवलीत, हेड कांस्टेबल ए एंड टीएफ कांगड़ा-चंबा एवं ऊना रॉकी कुमार तथा इंदौरा थाने में तैनात कुक बिट्टू को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा।

## सीएम सुक्खू से मिले प्रतिनिधिमंडल



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शुक्रवार को शिमला में कंडाघाट क्षेत्र, बीएड छात्रों, नगर निगम शिमला आजीविका भवन और एमबीबीएस व बीडीएस के इच्छुक छात्रों के प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल के राज्यपाल शुक्ल ने पंजाब के राज्यपाल की पत्नी का पूछा कुशलक्षेम



आईजीएमसी में राज्यपाल, कटारिया का कुशलक्षेम पूछते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुक्रवार सुबह इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) का दौरा किया। उन्होंने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की पत्नी अनीता कटारिया का कुशलक्षेम पूछा, जो वीरवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती की गई थीं। राज्यपाल शुक्ल ने कटारिया के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### शिमला बालिका आश्रम में युवती ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित मशोबरा बालिका आश्रम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां 19 वर्षीय एक युवती अपने कमरे में मृत पाई गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवती परिसर की सीढ़ियों के पास लटकी हुई मिली, जिससे आत्महत्या का संदेह जताया जा रहा है। यह घटना उस समय सामने आई, जब आश्रम के अन्य निवासियों ने युवती को देखा और तुरंत स्थानीय पुलिस तथा फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को सूचित किया। मृतक युवती मूल रूप से चंबा जिले की निवासी थी। शिमला के पुलिस अधीक्षक (अतिरिक्त प्रभार), गौरव सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आश्रम के कर्मचारियों तथा अन्य निवासियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से गहन और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### विमल नेगी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खड़े किए गंभीर सवालः बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के बाद वायरल हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। बिंदल ने कहा कि यह रिपोर्ट कई नए प्रश्न खड़े करती है और पूरे प्रदेश में शंकाओं को जन्म दे रही है। बिंदल ने बताया कि बिलासपुर के गोबिंदसागर झील में विमल नेगी का शव मिलने के बाद एम्स बिलासपुर में उनका पोस्टमार्टम हुआ था। वायरल हुई रिपोर्ट के अनुसार, नेगी के फेफड़ों या पेट में पानी नहीं पाया गया है।



यह स्थिति इस बात पर सवाल उठाती है कि क्या उनकी मृत्यु डूबने से हुई थी या डूबने से पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि नेगी के शरीर पर किसी प्रकार की आंतरिक या बाहरी चोट के निशान नहीं थे, जबकि उनका शव गोबिंदसागर झील से बरामद हुआ था और मौत का कारण डूबना बताया गया था।

### 'विकसित भारत संकल्प अभियान 2025' कुफरी में हुआ संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की 'विकसित भारत-2047' की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से चलाए गए विकसित भारत संकल्प अभियान-2025 का कुफरी में सफलतापूर्वक समापन हो गया। केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई), शिमला द्वारा आयोजित इस अभियान में 250 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। अभियान का समापन एक भव्य किसान गोष्ठी और मेले के रूप में हुआ, जिसकी अध्यक्षता कृषि मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश के सचिव पालरासू और सीपीआरआई, शिमला के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी कुमार व अन्य विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल में 'अन्ना' सेब की दस्तक

## सेब मंडियों में बिखरी 'अन्ना' की लालिमा, किसानों की बढ़ीं उम्मीदें

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन ने अपने आगमन का बिगुल बजा दिया है। 'अन्ना' नामक अर्ली वैरायटी के सेब ने समय से पूर्व ही बाजार में अपनी लालिमा बिखेरी है, जिससे बागवानों के चेहरों पर खुशियों की कोंपलें फूट पड़ी हैं। यह महज एक फल नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की धड़कन कहे जाने वाले सेब उद्योग के लिए आशा की एक नई किरण है।

**समय से पहले बाजार में पहुंची गर्मी की सौगात**

जिस 'अन्ना' की प्रतीक्षा जून के अंतिम सप्ताह में की जाती थी, वह इस बार जून के दूसरे सप्ताह में ही मंडियों की शोभा बढ़ा रहा है। अपनी संतुलित खटास-मिठास, क्रिस्पी बनावट और मनमोहक लाल-हरे रंग के लिए यह किस्म निचले व मध्य पहाड़ी क्षेत्रों की विशिष्ट पहचान बन चुकी है।

जानकारी के अनुसार शिमला, सोलन और सिरमौर की जमीन से निकली इसकी प्रारंभिक खेप ने बाजार को जीवंत कर दिया है। भट्टाकुफर मंडी में इसकी एक पेटी 1500 से 2500 रुपए तक बिक रही हैं, जो बागवानों के श्रम का उचित प्रतिफल जान पड़ता है।

बागवानों का कहना है कि इस बार 'अन्ना' की फसल न केवल अच्छी हुई है, बल्कि शीघ्र पकी भी है। विशेषज्ञ इसे बदलते मौसम के अनुरूप एक बुद्धिमत्तापूर्ण बागवानी पहल मानते हैं, जो बागवानों को बेहतर मुनाफे की ओर ले जाती है। यह अन्ना की अगेती दस्तक, आगामी रॉयल, रेड गोल्ड और गेल गाला जैसी मुख्य किस्मों के आगमन से पहले, हिमाचल के सेब सीजन के लिए एक अच्छी शुरुआत है, जो प्रदेश की समृद्धि के द्वार खोल रही है।

### सेब बाजार में लौटी रौनक

**व्यापारियों** का कहना है कि अन्ना की आमद से सेब बाजार में नई रौनक आई है और यह आने वाले सेब सीजन के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

### जलवायु परिवर्तन में 'अन्ना' वैरायटी सही


**बागवानी** एवं वानिकी विश्वविद्यालय में एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि अन्ना जैसी अर्ली वैरायटीज जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए बागवानों के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो रही है। यह बागवानों को अपनी फसल को बाजार में पहले लाने और बेहतर मुनाफा कमाने का अवसर देती है।

# फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना को मिली 55 .51 करोड़ की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की बहु-प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार से बड़ी सौगात मिली है। इस परियोजना के लिए 55.51 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत और जारी कर दी गई है। यह स्वीकृति प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत प्रदान की गई है, जिससे दशकों से लंबित इस परियोजना को अब गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय केंद्र सरकार के साथ अपनी निरंतर वार्ता और अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने शिमला से जारी बयान में बताया कि सरकार के गठन के बाद से ही उन्होंने इस परियोजना के लंबित मामलों को प्राथमिकता पर रखा और केंद्र के समक्ष हिमाचल का मजबूत पक्ष रखा, जिसके परिणामस्वरूप यह धनराशि जारी हो पाई है।

**डिप्टी सीएम के प्रयासों से कांगड़ा के हजारों किसानों को मिलेगा लाभ**



### एक दशक बाद मिली स्वीकृति : अग्निहोत्री

**यह** परियोजना पिछले एक दशक से अधिक समय से अधर में लटकी हुई थी, जिससे कांगड़ा जिले के किसान सिंचाई सुविधाओं से वंचित थे। अब इस स्वीकृति के साथ यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई है। अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह स्वीकृति किसानों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार हर किसान को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अभाविप प्रदेश के कॉलेजों में लगाएगी मार्गदर्शक केंद्र : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राज्य इकाई ने एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। परिषद राज्य के सभी महाविद्यालयों में नए विद्यार्थियों के दाखिले के समय उनकी सहायता के लिए मार्गदर्शक केंद्र स्थापित करेगी। यह निर्णय मंडी के जागृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग में लिया गया है। यह पहल छात्र हित में एबीवीपी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सहजता से दाखिला प्रक्रिया पूरी करने में मदद करना है। एबीवीपी में राज्य इकाई की मंत्री नैंसी अटल ने शिमला से जारी एक बयान में बताया कि 5 से 8 जून तक चले इस अभ्यास वर्ग में प्रदेशभर से कुल 239 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें 147 छात्र, 69 छात्राएं, 20 प्राध्यापक और 3 अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। यह वर्ग कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, वैचारिक बौद्धिक विकास और संगठनात्मक कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। नैंसी के मुताबिक सभी महाविद्यालयों में नए विद्यार्थियों के दाखिले के समय उनकी मदद के लिए मार्गदर्शक केंद्र लगाए जाएंगे। 10 जून से 20 जून तक स्कूल सदस्यता अभियान, 25 जून को आपातकाल निषेध दिवस मनाया जाएगा तथा 5 से 12 जुलाई तक नगर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। 9 जुलाई को जिला स्तरीय राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर प्रमुख कार्यक्रम होंगे। 5 से 20 अगस्त तक महाविद्यालय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद 15 अगस्त को एक गांव एक तिरंगा कार्यक्रम और तिरंगा रैली निकाली जाएगी।



**नए छात्रों को दाखिले में मिलेगा सहारा**

# केंद्र कर रहा हिमाचल के हितों की अनदेखीः नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने केंद्र की भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल के हितों की पूरी तरह अनदेखी की है और प्रदेश से भाजपा सांसद भी महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में विफल रहे हैं।

चौहान ने आरोप लगाया कि हिमाचल से रहे 11 लोकसभा सांसद कर्मचारियों के एनपीएस और आपदा राहत के लिए विशेष पैकेज की मांग भी नहीं उठा पाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के हिमाचल को दूसरा घर बताने और पर्यटन व बागवानी

**केंद्र सरकार के 11 साल के पूरे होने पर निशाना साधा**



को बढ़ावा देने के वादों पर भी सवाल उठाया कि जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं हुई। उन्होंने विदेशी सेब पर आयात शुल्क घटाने और शीतल पेय में प्राकृतिक फलों का रस मिलाने का वादा अधूरा रहने का भी जिक्र किया। चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा राहत के लिए हिमाचल को कोई विशेष वित्तीय सहायता नहीं दी है, बल्कि जो 10,000 करोड़ रुपए मिले

**भाजपा सांसद महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने में रहे नाकामयाब**

हैं, वे केंद्र प्रायोजित योजनाओं का हिस्सा हैं, जिस पर राज्य का हक बनता है। उन्होंने भाजपा सांसदों पर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

उन्होंने बीबीएमबी से लंबित देनदारी और पौंग डैम विस्थापितों के प्रति केंद्र के उदासीन रवैये को भी उठाया। वहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पौंग डैम विस्थापितों को भूमि प्रमाण-पत्र वितरित करने और पुरानी पेंशन योजना बहाल कर 1.36 लाख कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने की बात कही। चौहान ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य को मिलने वाले 16,000 करोड़ रुपए के अनुदान को रोक दिया है और एनपीएस की 9000 करोड़ रुपए की राशि भी जमा नहीं करवाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर जश्न मनाने का कोई आधार नहीं है, क्योंकि उसने हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव किया है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, और नोटबंदी जैसे मुद्दों पर भी केंद्र सरकार को घेरा।

## भाजपा ने पूर्व सीएम रूपाणी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित हिमाचल भाजपा के प्रमुख नेताओं ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद विजय रूपाणी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में उनके असामयिक निधन को पार्टी और देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया है। प्रदेश भाजपा ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## सोलन पुलिस ने नशा तस्कर को भेजा जेल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस की ओर से आदतन नशा तस्कर पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को भी पुलिस ने एक आरोपी को तीन माह की जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा जिला सोलन से 15 आरोपियों का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है। इसमें से पुलिस ने अब तक 5 को तीन माह के लिए जेल भेज दिया हैं।

एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि आदतन अपराधी जितेंद्र कुमार निवासी गांव झाझयाना, डाकखाना



सुझैला, तहसील अर्की, जिला सोलन को हिरासत में लेकर 3 महीने के लिए जेल में भेजा गया है। यह आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी का एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 3 मामले दर्ज हैं। इनमें 2 मामले बालूगंज शिमला और 1 मामला पुलिस थाना अर्की के तहत पंजीकृत हुए थे। इसमें 17 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। यह आरोपी इन मामलों में न्यायालय से जमानत पर था, लेकिन फिर भी यह आरोपी नशा तस्करी में लगातार सक्रिय था और जिला पुलिस द्वारा बार-बार पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर बाहर आकर फिर नशा तस्करी करने लग जाता था। जिला पुलिस की कार्रवाई में अभी तक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुल 5 आदतन अपराधियों को जेल भेजा गया है।

## जयराम बोले-सुक्खू सरकार के रोजगार के दावे झूठे, हवा में बांट रहे नौकरियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेशभर में हवा में हजारों नौकरियां बांटने का दावा कर रहे हैं, जबकि युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर सरकार के पास नौकरियां हैं, तो वे युवाओं को मिल क्यों नहीं रही हैं? उन्होंने अढ़ाई साल से कर्मचारी चयन आयोग के भंग होने का जिक्र करते हुए सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

जयराम शिमला से जारी बयान में सरकार की चुनावी गारंटी पर भी सवाल उठाए, जिसमें 18 से 59 साल की हर महिला को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का वादा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने प्रदेश की मातृशक्ति के साथ धोखा किया है।

### बालिका आश्रम की घटना और सुरक्षा

**मशोबरा** स्थित बालिका आश्रम में हुई युवती की मृत्यु को जयराम ठाकुर ने बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने सरकार से इस मामले में संवेदनशीलता और निष्पक्षता से जांच करवाने की मांग की। उन्होंने जोर दिया कि बालिका आश्रम में रह रही अन्य बालिकाओं के लिए सुरक्षित और संरक्षणात्मक वातावरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## सड़क हादसे में एक की मौत, 29 जख्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह मंदिर के समीप वीरवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक छोटी गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया है। बाकी घायलों का ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र से श्रद्धालुओं का एक जत्था बाबा बालक नाथ मंदिर और डेरा बाबा वड़भाग सिंह में माथा टेकने के बाद पीरनिगाह मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचा था। रात को दर्शन के बाद जब श्रद्धालु वापस लौट रहे थे, तो मंदिर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों, 108 एंबुलेंस और एक निजी बस की मदद से सभी घायलों को ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया।

**सम्मान** | बलिदानियों की बहादुरी को याद करने के लिए चलाया अभियान

# सेना कारगिल शहीदों के परिजनों का घर-घर कर रही सम्मान

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** कारगिल की चोटियों पर जहां आज तिरंगा लहराता है, वहां एक समय गोलियों की बौछार थी, पर हमारे वीरों ने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देकर भारत माता की शान बढ़ाई। कारगिल के उन अमर बलिदानियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए सेना के जवान प्रदेश में घर-घर पहुंच कर उनके परिजनों को 'स्मृति सम्मान चिन्ह' भेंट कर रहे हैं।

बिलासपुर जिले के घुमारवीं के बड़ाघाट के शहीद हवलदार उद्यम सिंह (वीरचक्र मरणोपरांत) (18 ग्रेनेडियर) की पत्नी निर्मला देवी और झंडुता के शहीद नायक अश्वनी कुमार (सेना मेडल मरणोपरांत) (9 पैरा-स्पेशल फोर्सिस) के पिता जोगिंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह, डीओ लैटर सेना के जवानों ने उनके घर पर पहुंच कर दिए और उनसे बातचीत कर उसकी समस्याएं बारे भी पूछा। सेना द्वारा भेजे गए इस सम्मान को घर-द्वार पर मिलने पर निर्मला और





हमीरपुर। शहीद हवलदार उद्यम सिंह की पत्नी निर्मला देवी तथा (दाएं) शहीद नायक अश्वनी कुमार के पिता जोगिंद्र सिंह को सम्मानित करते सेना के जवान।

**फॉरएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन में किया जा रहा सम्मानित**

जोगिंद्र सिंह की आंखों में आंसू निकल आए और अपने पति और बेटे की यादें भी ताजा हो गई। झंडुता में शहीद के नाम पर स्कूल और शहीद स्मारक भी बनाया गया है, जहां पर भी सेना के जवान गए।

बलिदानियों को हमेशा याद किया जाएगा। भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में इन बलिदानियों की बहादुरी को याद किया जा रहा है और उनके परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है। जवानों का कहना था कि वह अपने वीर साथियों को नहीं भूले हैं। उनका यह कर्तव्य भी बनता है कि वह बलिदानियों के परिजनों को यह बताएं कि सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं गया है। इनका कहना है कि फॉरएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन के तहत इनको सम्मानित किया जा रहा है। उनका कहना था कि यह एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक संदेश भी है कि राष्ट्र अपने वीरों को कभी नहीं भूलता है। सेना केवल अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि शहीदों के परिजनों का भी ख्याल रखती है।

कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। कारगिल युद्ध में हिमाचल के 54 जवान शहीद हुए थे, जिसमें जिला कांगड़ा के 15, मंडी के 10 और हमीरपुर के 8 जवान शामिल थे।

अनंत ज्ञान खास खबर

### परिजन बोले-हमारे साथ खड़ी है भारतीय सेना

**शहीद** हवलदार उद्यम सिंह की पत्नी निर्मला देवी और नायक अश्वनी कुमार के पिता जोगिंद्र सिंह का कहना है कि जो जवान देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बना रहेगा। उनके घर सेना के जवानों का पहुंचना मानो ऐसा लग रहा था कि पति और बेटा तो खो दिया, लेकिन पूरी भारतीय सेना उनके पीछे खड़ी है।

# न्यूज ब्रीफ

## छात्रों को बताए नशे से होने वाले दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर के सबसे पुराने बायज स्कूल में आज छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरुकता कैंप लगाया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कमांडेंट रमेश मंडियाल का स्कूल की प्रिंसीपल सुनिता सागर सहित पूरे स्टाफ ने मिलकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि ने मंच से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे मनुष्य को मौत के अंधकार में धकेल देता है। नशा न रह कर तब जहर बन जाता है जब आदमी का नशे पर कंट्रोल खत्म हो जाता है तथा यह धीरे-धीरे एक आदत बन जाता हैं। मुख्यातिथि ने कहा कि आजकल तरह-तरह के नशा युवाओं द्वारा किए जा रहे हैं तंबाकू, गुटखा, सिगरेट-बीड़ी, शराब के अलावा आजकल हेरोइन जिसे हम चिट्टा के नाम से भी जानते हैं इसका प्रचलन युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है, जो प्राणघातक जहर है। स्कूल प्रिंसिपल सुनिता सागर ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा नशे से दूर रहने की भी सलाह छात्रों को दी।

## शाहपुर स्कूल में प्रवेश परामर्श प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परामर्श प्रक्रिया 13 जून से आरंभ हो चुकी है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए परामर्श की समुचित व्यवस्था की गई है। परामर्श के दौरान सभी विषयों के *प्राध्यापक उपस्थित रहेंगे, जो विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, विषयों के चयन तथा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे वे मौके पर ही आवेदन पत्र भर सकें।

## लोगों के लिए ठंडे पानी की लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** गांव भदरेहड़ जोगल खड्ड पर सर्व धर्म मंदिर में शीतल जल पिलाते स्थानीय गांववासी।

## टैक्सी चालकों व दुकानदारों ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह बाबा सिद्धरूपी चौक बस स्टैंड पर स्थानीय टैक्सी चालकों व दुकानदारों ने आपसी सहयोग से मीठे पानी की छबील लगाई।

## वनाग्नि रोकथाम के लिए निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ ब्लॉक के घरथोली वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वनाग्नि की रोकथाम और शमन को लेकर एक विशेष जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम द हंस फाउंडेशन के प्रयास से आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। इस रैली का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जंगलों में लगने वाली आग के कारणों, उसके दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करना था। प्रतिभागियों को वनाग्नि से निपटने के प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गई और जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में द हंस फाउंडेशन से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर महिमा पासवान, आयोजक शीतल, सुदेश, हितेश और ओमदत्त ने भाग लिया। छात्रों ने इस रैली में हिस्सा लिया और वनाग्नि की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# बैजनाथ में 92 करोड़ की पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन : किशोरी लाल

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत खड़ानाल के मलघोटा गांव का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय गांववासियों के साथ एक बैठक की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर अपनी चिंताएं साझा कीं। विधायक ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के माध्यम से त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ में 92 करोड़ की राशि से पेयजल की योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है जिनका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार गांव के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगामी समय में मगलोटा गांव के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत खड़ानाल रोहित, सहायक अभियंत शर्ती शर्मा, कनिष्ठ अभियंता पवन धीमन, एडवोकेट अजय अवस्थी, सहित ग्रामीण तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने अग्निकांड प्रभावित परिवार से की मुलाकात

**उपमंडल** बैजनाथ के वही गांव में हाल ही में संतोष कुमारी के घर में लगी आग की घटना में लगभग 1 लाख रुपये की नकदी जलकर राख हो गई तथा घर में रखा अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। विधायक बैजनाथ किशोरी लाल मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। सरकार की ओर से प्रभावित परिवार को फौरी राहत के तौर पर सहायता राशि प्रदान की गई है ।

## बच्चों से बाल मजदूरी करवाना अपराध : मस्ताना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में बच्चों के लिए कार्य कर रही उत्थान संस्था द्वारा धर्मशाला के साथ लगते कंड स्कूल में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। उत्थान संस्था द्वारा बच्चों के साथ गतिविधियां की गई जिसमें निबंध लेखन, स्लोगन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान जन्नाती, द्वितीय स्थान काव्या व तृतीय स्थान पर आस्था और तनवी रही। स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान पर मानवी, द्वितीय स्थान छोटू मुंडा व तृतीय स्थान पर तमन्ना रही।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा, द्वितीय स्थान पर आकाश तथा तृतीय स्थान पर आयुषी व करण रहे। उत्थान संस्था के निर्देशक स्वास्तिक मस्ताना द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया तथा बच्चों से 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों से बाल मजदूरी करवाना कानूनन अपराध है। मुख्याध्यापक विवेक ने संस्था के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# धीरा के जवान नरेश कुमार की राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि




नरेश कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर देते सीमा सुरक्षा बल के जवान।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अधीन आने वाले ग्राम पंचायत डईं के स्थायी निवासी नरेश कुमार जोकि सीमा सुरक्षा बल की 113 बटालियन में पंजाब के डेरा बाबा नानक में तैनात थे का गत दिवस ड्यूटी के दौरान पेट में अचानक दर्द पड़ने के कारण देहांत हो गया।

शुक्रवार को बालोटी स्थित श्मशानघाट में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीमा सुरक्षा बल के बनोई कांगड़ा बटालियन से कमांडेंट

### ड्यूटी के दौरान पेट दर्द के कारण हुआ था देहांत

बिजेश राणा, सब इंस्पेक्टर हरदीप कटोच गार्ड शाहिद नरेश कुमार के शव को लेकर आए थे और सुरक्षा बल की गार्ड ऑफ ऑनर द्वारा सलामी देकर शहीद नरेश कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नरेश कुमार अपने पीछे पत्नी और एक बेटा छोड़ गए। नरेश कुमार की अंतिम यात्रा में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और नाम आंखों से विदाई दी।

# विमान हादसे के मृतकों को गगल एयरपोर्ट कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा हवाई अड्डे पर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के पीड़ितों के प्रति सम्मान और संवेदना व्यक्त करने के लिए सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में एक शोक सभा आयोजित की गई। इस शोक सभा में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा के दौरान, इस दुखद घटना में जान गंवाने वालों के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन और एकजुटता के शब्द व्यक्त किए गए। कांगड़ा हवाई अड्डे के निदेशक धीरेन्द्र सिंह, एटीसी प्रभारी अमित सकलानी और इंडिगो के स्टेशन प्रबंधक सुश्री के मरीना ने भी अपने विचार साझा किए और विमानन क्षेत्र में सेफ्टी के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने विमानन उद्योग में सेफ्टी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने और कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विमानन क्षेत्र में सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया।



श्रद्धांजलि देते हुए एयरपोर्ट के कर्मचारी व अधिकारी।

## कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को आईआईआरएफ रैंकिंग में 13वां स्थान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर को एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा देश के राज्य और केंद्रीय कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालयों में इसे 13वां स्थान प्रदान दिया गया है।

इस रैंकिंग की जानकारी कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने साझा की। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार गतिविधियों की गुणवत्ता और सतत प्रयासों का परिणाम है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक परिश्रम और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

आईआईआरएफ एक प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संस्था है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों की समय-समय पर विभिन्न मापदंडों पर मूल्यांकन कर रैंकिंग जारी करती है। रैंकिंग में प्लेसमेंट प्रदर्शन, शिक्षण संसाधन और पद्धति, शोध, उद्योग सहयोग, प्लेसमेंट रणनीति, भविष्य की तैयारी, बाहरी छवि और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।

प्रो. कुमार ने विश्वविद्यालय परिवार से अपील की कि वे इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहें और विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी कृषि संस्थानों की सूची में और ऊपर ले जाएं।

# छात्रों ने स्टेट लेवल प्री शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**इंदौरा।** विजय मेमोरियल स्कूल, इंदौरा के विद्यार्थियों का प्रदर्शन 9 जून से 12 जून तक आयोजित प्रथम हिमाचल प्रदेश प्री शूटिंग चैंपियनशिप में राइफल, स्मॉल बोर और पिस्टल इवेंट प्रतियोगिता शिमला में शानदार रहा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए लगभग 1200 से ज्यादा शूटर्स ने भाग लिया। प्रथम हिमाचल प्रदेश प्री स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में विजय मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सबसे अधिक मेडल जीतना इंदौरा विधानसभा के साथ-साथ जिला कांगड़ा के लिए भी गर्व की बात है।

पुरस्कार वितरण समारोह में चीफ गेस्ट ईश्वर रोहिल सचिव जनरल एचपीएसआर हनी सचिव एनआरएआई इंटरनेशनल जूरी तथा स्पेशल गेस्ट में अग्रिम कंवर मेडलिस्ट इन स्टीट वूमेन इवेंट उपस्थित रही।सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए। इस प्रतियोगिता में 10 मीटर राइफल कैटिगरी सब यूथ में कैटेगरी में रुद्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, ईशान ठाकुर ने अंडर -12, 10 मीटर राइफल कैटेगरी में दो सिल्वर प्राप्त किए । वहीं दिव्या शर्मा ने तीन मेडल, दो गोल्ड तथा एक कांस्य पदक, सब यूथ कैटिगरी 10 मीटर राइफल वूमेन में कांस्य मेडल और जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर खूब वाहवाही लूटी । वहीं अनमोल पीखन, लक्ष्य धीमान, गौरव पूरी, कनिष्क चौधरी और वैष्णवी जसरोटिया ने स्टेट लेवल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने अध्यापकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने बताया कि विजय मेमोरियल स्कूल पिछले 38 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियों को प्राप्त कर चुका है ।




# लहसुन की बंपर पैदावार अब अच्छे दामों का इंतजार

**सिरमौर** और सोलन जिले की प्रमुख नकदी फसल लहसुन ने देश की विभिन्न मंडियों दस्तक दे दी है। इस बार पिछले साल के मुकाबले बंपर फसल हुई है। सीजन के शुरुआत में किसानों को पिछले साल के मुकाबले कम दाम मिल रहे हैं पर लागत के हिसाब से अभी किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। कारोबारियों की माने तो इस बार किसानों को औसत दाम ही मिल पाएंगे। इसका मुख्य कारण बंपर फसल होने के साथ कश्मीर के लहसुन से मुकाबला करना पड़ेगा। कुल्लू में भी लहसुन की अच्छी पैदावार हुई है। वहीं पक्की फसल पर बारिश आने से इस बार पल्प की समस्या आ रही है। इससे पति क्विंटल में छंटनी से 2 से 3 किलो पल्प वाला लहसुन अलग करना पड़ रहा है। देश में सबसे अधिक मांग तमिलनाडु में होती है। अगस्त में अफगानिस्तान से भी इंडिया में लहसुन आना शुरू होगा।

ऐसे में यदि सिरमौर और सोलन के लहसुन उत्पादक अपनी फसल को स्टोर करते हैं तो दाम की गारंटी नहीं है। वहीं अगस्त के अंत तक चीन से भी समगल होकर देश की मंडियों में लहसुन पहुंचता है। जिससे प्रदेश के लहसुन उत्पादकों को नुकसान झेलना पड़ता है।

### कश्मीर का लहसुन दे रहा टक्कर

### मांग घटने से गिर सकते हैं दाम



### नेपाल और थाईलैंड में भी मांग

**नेपाल** और थाईलैंड को भी प्रदेश का लहसुन निर्यात होता है। इसका मुख्य कारण यहां का लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर होता है । स्वाद में भी बाकी क्षेत्रों से अच्छा बताया जाता है । खेत से निकालने के बाद लहसुन को अच्छी तरह से सुखाया जाता है और फिर इसे अलग अलग श्रेणी में ग्रेंड किया जाता है । लहसुन की ग्रेडिंग हाथों के साथ अब मशीनों से भी हो रही है। ग्रेडिंग में ट्रिपल ए को सुपर लहसुन का नाम दिया गया है। जबकि, इससे नीचे की ग्रेडिंग में ए वन यानी डबल ए, फिर मीडियम और गोली सबसे निचले स्तर का लहसुन है। उल्लेखनीय है कि कि सबसे अधिक लहसुन सोलन सब्जी मंडी में ही पहुंचता है। इस समय सिरमौर में लगभग 4,000 हेक्टेयर भूमि में लहसुन की पैदावार हो रही है। यह प्रदेश में सबसे ज्यादा है। यहां औसतन लगभग 60,735 मीट्रिक टन उत्पादन का उत्पादन होता है।

**-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।**

## सिरमौरी लहसुन की देशभर में अपनी अलग पहचान : सुनील

**सोलन** (शामती) के लहसुन कारोबारी सुनील ठाकुर ने बताया कि देश भर में अपनी अलग पहचान के लिए मशहूर सिरमौरी लहसुन इन दिनों 48 रुपए से 110 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है। पिछले साल यह दाम 80 से 150 रुपए प्रति किलो थे। अभी तो सीजन आरंभ हुआ अगर आने वाले समय में लहसुन के दामों में गिरावट आती है तो किसानों को हानि का सामना भी करना पड़ता है। इस समय सिरमौर जिले की यह प्रमुख नकदी फसल लगभग पक कर तैयार है। कई जगह किसानों ने खेतों से लहसुन की फसल को निकालना आरंभ कर दिया है। सिरमौर जिले के राजगढ़, पच्छाद,शिलाई, रेणुका क्षेत्रों में उगाए जाने वाले हाइब्रिड लहसुन की दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा मांग है। तमिलनाडु के बडगापट्टी और कोच्चि जैसी बड़ी मंडियों में यह काफी मात्रा में बिकता है। कश्मीर और अफगानिस्तान से लहसुन आने की स्थिति में सिरमौर, सोलन और शिमला के किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल पाएंगे। ऐसे में समय रहते अपनी फसल बेचना लाभदायक रहेगा।



सुनील ठाकुर, लहसुन कारोबारी।

# मक्की की फसल को ऐसे बचाएं 'फॉल आर्मी वर्म' से

**हिमाचल** प्रदेश के समूचे क्षेत्र में मक्की की फसल को नुकसान पहुंचा रहे फॉल आर्मी वर्म कीट ने किसानों को बेहद चिंता में डाल दिया है। इसकी रोकथाम के लिए किसानों को कृषि विभाग की ओर से जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत कृषि विभाग जिला कांगड़ा की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने कृषि विकास खंड देहरा के खुंडियां क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत छिलगा के ठंबा, बल्ला, सियोटी और कंकड़ खोला का दौरा किया। इस दौरान टीम में मुख्य रूप से कृषि विश्वविद्यालय से वैज्ञानिक डॉ. सुखदेव शर्मा व डॉ. सुमन कमार ने बताया कि किसान अपने खेतों में फसल बीजने से पहले 10-15 दिन के लिए गहरी जुताई कर खुला छोड़ दें, ताकि सूर्य की किरणें जमीन के अंदर जा सकें। **-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।**



### प्रभाव दिखते ही कोराजन दवाई का छिड़काव करें

**कृषि** विभाग जिला कांगड़ा की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला द्वारा फॉल आर्मी वर्म के प्रबंधन के लिए एडवाइजरी मई महीने में किसानों के मार्गदर्शन के लिए जारी कर दी गई है। डॉ. विशाखा पॉल, उप परियोजना निदेशक आत्मा पालमपुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। इसके नियंत्रण के लिए कोराजन नामक दवाई का छिड़काव करें। वहीं, कृषि विकास अधिकारी डॉ. आदित्य महाजन ने बताया कि जैसे ही किसान के खेत में कीड़े का प्रभाव दिखाई दे तभी से किसानों को कोराजन नामक दवाई का छिड़काव कर देना चाहिए।

### किसानों को फॉल आर्मी वर्म से निपटने के दिए सुझाव




### चपेट में आए पौधे को उखाड़कर जमीन में दबाएं

**उन्होंने** बताया कि जिस पौधे को कीट ने अपनी चपेट में लिया है उस पौधे को उखाड़ कर जमीन के अंदर दबा देना चाहिए। कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. अंजू ठाकुर ने बताया कि यह कीड़ा फसलों को बहुत हानि पहुंचा रहा है। उन्होंने किसानों को फॉल आर्मी वर्म से निपटने के लिए सुझाव दिए तथा प्रयोगशाला में निर्मित मैटाराइजिम ऐनोसोपिली तथा व्यूबेरिया बेसियाना जैविक दवाई के छिड़काव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# फसल विपणन के लिए टिकाऊ समाधान खोजने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लाहौल और स्पीति में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ताबो ने भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए, विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत एक पखवाड़े तक चलने वाले आउटरीच कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। समापन समारोह स्पीति फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से काजा में आयोजित किया गया और इसमें किसानों और स्थानीय किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कृषि, बागवानी, पशुपालन और आत्मा विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों के साथ कृषि में प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। विशेष रूप से विपणन से संबंधित और संभावित समाधान साझा किए। जनजाति सलाहकार परिषद के सदस्य सोनम टार्गे इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा कृषि विज्ञान केंद्र विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराए गए वैज्ञानिक ज्ञान से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। चर्चा में उच्च विपणन लागत के मुद्दे और फसल विपणन के लिए टिकाऊ समाधान खोजने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो स्पीति के नाजुक ठंडे रेगिस्तान पारिस्थितिकी तंत्र में जलवायु-लचीली खेती के लिए आवश्यक है। केवीके ताबो के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ आर.एस. स्पेहिया ने किसानों से स्थानीय पारंपरिक ज्ञान को वैश्विक किसान नवाचारों के साथ मिश्रित करने का आग्रह किया ताकि अद्वितीय क्षेत्रीय प्रथाओं को संरक्षित करते हुए उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए क्षेत्र के प्राकृतिक खेती से बने उत्पादों को विशेष पैकिजींग के रूप में बढ़ावा देने के लिए 'स्पीति ब्रांड' बनाने का विचार भी प्रस्तावित किया।

### नई फसल किस्मों को लगाने की सिफारिश

डॉ. बंदना धीमान और डॉ. अंकिता धीमान ने स्थानीय वानिकी और बागवानी फसलों के महत्व के बारे में बात की और वैश्विक बाजार की मांग को पूरा करने के लिए नई फसल किस्मों को लगाने की सिफारिश की। आत्मा विभाग से सुजाता नेगी और एफपीओ प्रतिनिधियों ने भी स्पीति घाटी के प्राकृतिक उत्पादों के लिए ब्रांडिंग और किसानों को फसल विपणन को व्यवस्थित करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के सीटारा पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने याक और स्थानीय गाय पालन के लाभों पर चर्चा की। याक आधारित उत्पादों के माध्यम से आय में बढ़ोतरी और इको-टूरिज्म के लिए संभावित आकर्षण हैं।



### सरकारी योजनाओं से करवाया रू-ब-रू

किसानों को पीएम फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, बागवानी एकीकृत विकास मिशन, प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना और पीएम किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का एक उल्लेखनीय आकर्षण बिग बास्केट के प्रतिनिधियों की भागीदारी रही। इस बातचीत ने किसानों और बाजार के खिलाड़ियों के बीच की खाई को पाटने में मदद की और इसे स्पीति जैसे दूरदराज के क्षेत्रों में स्थायी बाजार संपर्क बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बिल का भुगतान न करने पर कटेगा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने कहा विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने मई माह 2025 के बिजली के बिलों का भुक्तान नहीं किया है उन उपभोक्ताओं के बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे और इस बारे में अलग से नोटिस नहीं दिया जाएगा। ये भी सूचित किया जाता है जो घरेलु उपभोक्ता ई-केवाईसी करवाने से वंचित रह गए हैं वह उपभोक्ता अपना बिजली का नया या पुराना बिजली बिल और आधार कार्ड लेकर अपने विद्युत मीटर की विद्युत उपमंडल ढलियारा से करवा सकते है। अन्यथा भविष्य में विभाग से मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रह सकते है। यह सूचना सहायक अभियन्ता ई. मनीष कुमार सन्धू विद्युत उपमंडल ढलियारा ने दी है।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश सिटी यूनिट शाहपुर इकाई धारकंडी क्षेत्र की बैठक प्रधान सेठ राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सुरेश ठाकुर जिला कांगड़ा के अध्यक्ष मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में कुमेर सिंह राणा वारिस्ट उपाध्यक्ष, राधे कृष्ण अतिरिक्त महासचिव व पवन धीमान प्रधान रैत ब्लॉक भी उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर्स की मांगों बारे विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संशोधित वितय लाभ में लीव इन कैशमेंट ब कम्युटेशन की सरकार द्वारा देय न करने साहित मेहगाई भते की तीन किस्तों को न देने के लिए सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इसके साथ ही पेंशनर्स के लंबित पड़े चिकित्सा बिल्लों के भुगतान के लिए सरकार से अपील की गई कि उक्त बिल्लों के भुगतान के लिए विशेष ग्रांट जारी की जाए। बैठक में मौके पर ही सभी पेंशनर्स को लाइफ सर्टिफिकेट भर कर ट्रेजरी में 30 जून के बाद जमा करने को कहा गया।

### मातृ व शिशु पोषण पर लगाया प्रशिक्षण शिविर



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रागपुर के सौजन्य से मिशन तृप्ति के तहत ग्राम पंचायत बणी में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी बलजीत सिंह ने की। इस शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों को मातृ एवं शिशु पोषण, स्वास्थ्य जांच व जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सीडीपीओ बलजीत सिंह ने मिशन तृप्ति के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गर्भवती महिला और नवजात शिशु की देखभाल में गर्भधारण से लेकर बच्चे के दो वर्ष की उम्र तक का समय, जिसे 'सुनहरे 1000 दिन' कहा जाता है, अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में पोषण, नियमित जांच, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाएं मां और बच्चे के स्वस्थ जीवन की नींव रखते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि गर्भावस्था से पूर्व महिला की स्वास्थ्य जांच, गर्भधारण के बाद आंगनवाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य संस्थानों में पंजीकरण, संतुलित आहार और समय पर टीकाकरण अनिवार्य हैं। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान बणी बिंदु ठाकुर समेत लगभग 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### मरम्मत के चलते 18 जून को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि 18 जून को आवश्यक रख-रखाव हेतु चड़ी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी घरोह फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बगरेड़, झिकड, अप्पर और लोअर लांझनी, घरोह, गढ़, गज कॉलोनी, शिवनगर, जटेड़ डुगला भिटलू, दियारा, ऊपरी मेटी, बंडी चौक (धीमान बस्ती), बंडी, स्वाला, ओडर, कलियारा, मनियाना इत्यादि गांवों में प्रातः 9:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने सर्वसाधारण जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील भी की है।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 18 को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का आठवां दीक्षांत समारोह 18 जून को धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में 454 स्नातक व परास्नातक विद्यार्थियों को उपाधियां व मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा पीएचडी धारकों को भी गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री आचार्य (डा.) हरमहेंद्र सिंह बेदी मुख्य संरक्षक, प्रो. सच्चिानंद जोशी कुलपति एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ कार्यक्रम अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में, प्रो. सुशील मित्तल कुलपति पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय जालंधर, प्रो. दिनेश अग्रवाल कुलपति विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय गुरुग्राम तथा प्रो. राज नेहरू पूर्व कुलपति एवं विशेष कार्य अधिकारी हरियाणा शिरकत करेंगे। इस दौरान अकादमिक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। पारंपरिक भारतीय परंपरा अनुसार सभी उपाधिकारियों से दीक्षा संकल्प भी दिलाया जाएगा। यह संकल्प विद्यार्थियों को केवल उपाधि धारक नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। कुलपति प्रो.एसपी बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के डेढ़ दशक से अधिक की शैक्षणिक यात्रा की उपलब्धियों का उत्सव भी है और भविष्य के संकल्पों का उदघोष भी है। इस वर्ष विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किए हैं।

### मंगोलिया और तिब्बत के बीच अनूठा संबंध : दलाईलामा



**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने मंगोलिया के प्रधानमंत्री के रूप में उनके चुनाव पर जंदनशतर गोम्बोजाव को पत्र लिखा है। दलाई लामा ने उन्हे बधाई देते हुए लिखा है कि मैं 1979 में पहली बार आपके देश की यात्रा करने में सक्षम था और मेरे पास उस अवसर और उसके बाद से की गई कई यात्राओं की मधुर यादें हैं। मैं युवा और वृद्ध मंगोलियाई लोगों द्वारा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में दिखाई गई रुचि और उत्साह से बहुत प्रोत्साहित हूँ, साथ ही पारंपरिक बौद्ध ज्ञान को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर भी। उन्होंने लिखा है जैसा कि आप जानते हैं, मंगोलियाई और तिब्बती ऐतिहासिक रूप से जुड़वां भाई-बहन की तरह रहे हैं। तीसरे दलाई लामा, सोनम ग्यात्सो के समय से ही दलाई लामाओं का आपके लोगों के साथ एक अनूठा, घनिष्ठ संबंध रहा है। दलाई लामा ने कहा है, जैसा कि मैंने मंगोलिया की अपनी यात्राओं के दौरान उल्लेख किया है, हालांकि देश में अन्य धर्मों का भी पालन किया जाता है, लेकिन यह बौद्ध धर्म ही है जिसने ऐतिहासिक रूप से आपके लोगों की पहचान, संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन को आकार दिया है। दलाई लामा ने नए प्रधानमंत्री को मंगोलिया के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में सफलता की कामना की।

### संसदीय राजभाषा समिति ने राज्यपाल से की भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संसदीय राजभाषा समिति की प्रथम उप-समिति ने आज यहां राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उप-समिति के सदस्यों ने राज्यपाल को प्रदेश के दौरे तथा विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग के निरीक्षण से अवगत करवाया। उप-समिति 11 से 15 जून तक शिमला तथा आसपास के क्षेत्रों के आधिकारिक दौरे पर है तथा राजभाषा नीति के अनुपालन का आकलन करने के लिए केंद्रीय सरकारी संस्थानों का निरीक्षण कर रही है। सदस्यों ने राज्यपाल को अवगत कराया कि संसदीय राजभाषा समिति एक उच्च स्तरीय निकाय है, जिसका गठन 1976 में राजभाषा अधिनियम, 1963 के तहत किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री समिति के अध्यक्ष हैं जिसमें कुल 30 संसद सदस्य हैं। 20 सदस्य लोकसभा तथा 10 राज्यसभा से हैं। उन्होंने बताया कि समिति को देश भर में केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग का निरीक्षण करने तथा भारत के राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा गया है।

### लोक लेखा समिति की बैठक में की ऑडिट पैरा की समीक्षा, अनिल शर्मा ने कहा-

# राज्य निधि का पारदर्शी ढंग से हो व्यय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



लोक लेखा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कैबिनेट सभागार सभापति अनिल शर्मा।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति की बैठक आज धर्मशाला के कैबिनेट सभागार सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इसमें लोक लेखा समिति ने भारत के महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 तीन वर्षों तक ऑडिट पैरा की समीक्षा की गई।

समिति के सदस्य एवं उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक डॉ. हंस राज, विधायक संजय रत्न, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक, विधायक इंद्र सिंह, राज व मलेंद्र राजन इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति के सभापति अनिल शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी राशि का आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में सदुपयोग हो। जिला के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं आवंटित राशि इत्यादि का पूर्ण विवरण रखें और

**समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न मदों पर रखे विचार**

राज्य निधि का पारदर्शी व जबावदेह ढंग से व्यय सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा आवंटित की गई राशि का सही उपयोग कर इसे जन विकास में व्यय करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि आवंटित बजट के अनुरूप तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को प्राथमिकता दें और अकारण इस राशि को बिना व्यय किए बैंक खातों में न रहने दें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि वे ऑडिट पैरा से संबंधित तथ्यों की पूर्ण जानकारी तय समयावधि में प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि उनका तद्अनुसार समाधान किया जा सके। उन्होंने सभी विभागों व प्रशासनिक अधिकारियों को विकास कार्यों के त्वरित क्रियान्वयन के दृष्टिगत आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा और उम्मीद जताई कि आज की इस बैठक के सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

बैठक में स्वास्थ्य, नगर निकायों, राजस्व, अग्निशमन सहित अन्य विभागों से संबंधित ऑडिट पैरा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न मदों पर अपने विचार रखे और बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

### सुझावों की अनुपालना होगी सुनिश्चित : डीसी

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने समिति के सभापति व सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि आज की इस बैठक में समिति की ओर से प्रदत्त दिशा-निर्देशों व सुझावों की जिला में अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी और सभी विभागों द्वारा तय समयावधि में प्रतिवेदन प्रेषित कर दिए जाएंगे। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा, अनुभाग एवं समिति अधिकारी नैना कोटवी, वरिष्ठ प्रतिवेदक कल्पना वर्मा व श्रीमती अंजुला वर्मा, महालेखा परीक्षक कार्यालय से वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी अनूप कुमार, सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्मशाला-मैक्लोडगंज में बरसे बादल, गर्मी से मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला तथा मैक्लोडगंज सहित निचले क्षेत्रों में मौसम ने आखिरकार करवट बदली है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

**वर्षा के बाद पर्यटकों ने लिया मौसम का आनंद**

शुक्रवार दोपहर जिला कांगड़ा में झमाझम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडी हवाएं चलने लगीं। मैक्लोडगंज व धर्मशाला में दोपहर करीब 2 बजे के बाद यहां बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बारिश की बूंदों ने शहर को भिगो दिया और लोगों को लंबे समय से चली आ रही गर्मी से सुकून मिला। कांगड़ा जिला भर में पिछले कई दिनों से गर्मी का प्रकोप जारी था, लेकिन आज की बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है।

धर्मशाला का तापमान जो वीरवार के दिन 34 डीग्री पर था वे वर्षा के समय 19 डीग्री पर देखा गया, हालांकि वर्षा के बाद तापमान 27 डीग्री हो गया। वर्षा के कारण मौसम में ठंडक आ चुकी है। पर्यटन भी मौसम का आनंद उठाते नजर आए।

### कांशीराम स्कूल के पास गिरा पेड़ , बाल-बाल बचे राहगीर



**गगल।** तूफान आने से गगल धर्मशाला सड़क मार्ग के साथ लगते कांशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर में सड़क के बीच एक पेड़ गिर जाने से बिजली की तारे टूट गई और सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया । यह जाम लगभग 20 मिनट तक चला। फिर सभी लोगों ने इकट्ठा होकर पेड़ को काटकर साइड पर कर दिया ।

### मौसम ने बदली करवट

**नूरपुर ।** नूरपुर क्षेत्र के आसपास मौसम ने अचानक करवट बदली, जिससे तेज हवाओं के साथ बादलों ने बरसना शुरू किया।स्थानीय निवासी सुरजीत सिंह ने कहा कि पिछले तीन चार दिनों से प्रचंड गर्मी पड़ रही थी, लेकिन आज जो बारिश हो रही है इससे मौसम सुहावना हुआ है ।किसान भी बारिश होने पर अपनी खेती के कार्य कर सकेंगे।

# वनों को आग से बचाने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**




वनाग्नि के कारण, प्रभाव और रोकथाम पर जागरूक रैली निकालते हुए छात्र।

हंस फाउंडेशन की पहल पर पालमपुर उपमंडल के भवारना ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घराना में वनाग्नि जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पर्यावरण संरक्षण और वनाग्नि से होने वाले नुकसानों को लेकर समुदाय व छात्रों में चेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

हंस फाउंडेशन, जो हिमाचल प्रदेश में विभिन्न सामाजिक व पर्यावरणीय विषयों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को वनाग्नि के कारण, प्रभाव और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक कर रही है। संस्था की टीम- मुस्कान, शिल्पा और तान्या ने छात्रों के साथ संवाद कर पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को समझाया और

**हंस फाउंडेशन ने स्टूडेंट्स को बताए वनाग्नि रोकने के उपाय**

संरक्षण के सरल लेकिन प्रभावी तरीकों पर चर्चा की।

रैली में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। प्रधानाचार्य मनोज जरियाल ने हंस फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की वनाग्नि जागरूकता गतिविधियां हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में करवाई मैराथन

**अनंत ज्ञान, बड़ोह**

पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के निदेशक पवन डोगरा द्वारा वीरवार को 10 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें कोचिंग सेंटर के 150 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। डॉक्टर रुबी भारद्वाज, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी नगरोटा बगवां द्वारा प्रशिक्षुओं को हाइपरटेंशन के कारणों, प्रारंभिक चेतावनी, संकेतों और हाइपरटेंशन को नियंत्रित रखने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग में दौड़ते समय अपने शरीर को किस तरह सुरक्षित रखें की जानकारी दी तथा युवाओं को देश की रक्षा के लिए प्रेरित किया व मैराथन धावकों को पदक प्रदान किए।

कर्नल रमेश बलिया ने डॉ. रूबी भारद्वाज को शाल और टोपी पहनकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. रोहित पीएचसी कंडी, सीएचओ ऐरला, और सीएचओ सद्दू, आशा वर्कर व कोचिंग सेंटर लूहना का स्टाफ उपस्थित रहा।



### हैप्पी बर्थडे



कांगड़ा की खोली पंचायत के सुरज को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# एक सप्ताह बाद भी लापता इसराइली नागरिक का नहीं मिला कोई सुराग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

धर्मशाला के ऊपरी ट्रैकिंग स्थल त्रियुंड के साथ इंद्रहार दर्रे में बीते 6 जून से लापता इसराइली नागरिक सैमुअल वेंग्रेनोविच (44) का अभी भी कोई सुराग नही मिल पाया है। हालांकि लापता विदेशी का पता लगाने के लिए एक बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान जारी है। इस चुनौतीपूर्ण मिशन में अब एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन (एटीओए) भी शामिल हो गया है। एटीओए को बीते 10 जून को इसराइली बचाव दल से सहायता के लिए एक तत्काल अनुरोध प्राप्त हुआ था। इसके तुरंत बाद, एटीओए के अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में मनाली से तीन अनुभवी पर्वतारोहियों की टीम को तकनीकी पर्वतारोहण बचाव उपकरणों के साथ धर्मशाला भेजा गया।

सैमुअल वेंग्रेनोविच को आखिरी बार 6 जून को दोपहर लगभग 12:37 बजे त्रियुण्ड के ऊपरी क्षेत्र इंद्रहार दर्रे के रास्ते से सटे एक ग्लेशियर के पास देखा गया था। वहीं उनके रास्ता भटक जाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### पंजाबी और उर्दू विषय की पात्रता परीक्षा आज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शनिवार को पंजाबी और उर्दू विषय की अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि 14 जून को सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक पंजीबी विषय का टेट आयोजित होगा। इसके लिए एक ही सेंटर बनाया गया तथा इसके लिए 122 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। दूसरे सत्र में उर्दू विषय के 13 अभ्यर्थियों के लिए भी एक ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# सुधीर शर्मा ने एसपी संजीव पर करवाया मानहानि का मुकद्दमा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



जानकारी देते हुए सुधीर शर्मा व साथ हैं अन्य।

विधान सभा क्षेत्र धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने शुक्रवार को आईपीएस अधिकारी एवं तत्कालीन एसपी शिमला संजीव गांधी के खिलाफ धर्मशाला न्यायालय में मानहानि का मुकद्दमा दायर करवाया है। सुधीर शर्मा सबूतों के साथ अदालत पहुंचे।

उन्होंने आरोप लगाया कि संजीव गांधी ने विधायक की सार्वजनिक छवि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, जो न केवल झूठे और निराधार आरोपों पर आधारित था, बल्कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भी था। शिकायत के अनुसार, 23 मई 2025 को शिमला में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान एसपी संजीव गांधी ने मीडिया के सामने यह दावा किया कि उनके पास विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ आपत्तिजनक और आपराधिक साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मार्च 2024 में छह कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने के पीछे सुधीर शर्मा का षड्यंत्र था और उन्होंने इन विधायकों को रिश्वत देकर पार्टी बदलने के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं, संजीव गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि विधायक शर्मा ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में एक आत्महत्या मामले (बिमल नेगी केस) की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग सोशल मीडिया पर इस मकसद से वायरल करवाई ताकि उन्हें (संजीव गांधी को) लज्जित और अपमानित किया जा सके।

विधायक सुधीर शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि प्रेस वार्ता में लगाए गए सभी आरोप निराधार, गैर-जिम्मेदाराना और मानहानिपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग न्यायालय की अनुमति से हुई थी और उसका किसी प्रकार से संपादन या छेड़छाड़ नहीं की गई। उन्होंने यह भी कहा कि जिस आत्महत्या मामले (सीडब्ल्यूपी 6508/2025) की बात संजीव गांधी ने की, वह मामला कोर्ट के समक्ष विचाराधीन था और कोई भी आम व्यक्ति उस कार्रवाई को देख व समझ सकता है। सुधीर शर्मा ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी द्वारा मीडिया के समक्ष इस प्रकार के गंभीर और असत्य आरोप लगाना न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा पर सीधा हमला है।

शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपों के समर्थन में संजीव गांधी ने कोई डॉक्यूमेंट, इलेक्ट्रॉनिक या मौखिक साक्ष्य पेश नहीं किए। विधायक सुधीर शर्मा की ओर से पेश की गई शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी अदालत में सौंपी गई है, जिसमें संबंधित प्रेस वार्ता की रिकॉर्डिंग संलग्न है। शिकायत में मांग की गई है कि संजीव गांधी को अदालत में समन कर उन्हें भारतीय दंड संहिता के तहत मानहानि के अपराध में आरोपी, अभियुक्त और दंडित किया जाए। बता दें कि एसपी गांधी ने भी सुधीर शर्मा के खिलाफ मानहानि का मुकद्दमा दायर किया है। एसपी ने यह केस, 21 मई को हाईकोर्ट की कार्यवाही के वीडियो क्लिप को कथित रूप से वायरल करने पर दायर किया है।

# जिले में दो हादसों में डूबने से तीन लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में नहाते समय डूबने से दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। इन हादसों में दो कश्मीरी युवकों और एक स्थानीय लड़की समेत तीन लोगों की मौत हुई है। पहली घटना कांगड़ा के रानीताल क्षेत्र के बनेर खड्ड में हुई, जहां जम्मू-कश्मीर के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई।

वहीं दूसरी घटना नूरपुर थाना क्षेत्र के जब्बार खड्ड में हुई, जहां एक स्थानीय लड़की की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पहली घटना में रानीताल के पास ग्राम पंचायत गाहलियां में बनेर खड्ड में नहाते समय जम्मू-कश्मीर के दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेंद्र कुमार (36) और अशोक कुमार (21) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के निवासी थे।

वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ खड्ड में कपड़े धोने गए थे और बाद में नहाने के लिए पानी में उतर गए। नहाते समय वे गहरे पानी की ओर चले गए और मौके पर ही डूब गए। लोगों की मदद से गोताखोरों ने शवों को बाहर निकाला। दूसरे मामले में नूरपुर थाना क्षेत्र के ढक्की गांव में डिफेंस रोड के साथ जब्बर खड्ड में नहाते समय 21 वर्षीय युवती की मौत हो गई।

मृतका की पहचान शीतल पुत्री नरेंद्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 5 नूरपुर के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। दोनों ही घटनाओं में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**सुधार**

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ सफल समापन : प्रो. नवीन कुमार

# 960 गांवों में 85,000 किसानों ने जानी कृषि तकनीक

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रमुख योजना विकसित कृषि संकल्प अभियान का 12 जून 2025 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह अभियान हिमाचल में चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के नेतृत्व में 8 जिलों में संचालित हुआ और ऊना से लेकर लाहौल-स्पीति तक के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों को कवर किया गया।

इस अभियान का शुभारंभ 29 मई 2025 को माननीय कृषि एवं बागवानी मंत्री प्रो. चंदर कुमार द्वारा उनके गृह निर्वाचन क्षेत्र इंदौरा (जिला कांगड़ा) में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और जानकारी से सशक्त करने की दिशा में ऐसे अभियानों की अहमियत को रेखांकित किया।

इस व्यापक कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के आठ कृषि विज्ञान केंद्रों की 21 टीमों ने कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, सिरमौर व ऊना जिलों के 960 से अधिक गांवों में भ्रमण किया और लगभग 85,000 किसानों तक पहुंच बनाई।

अभियान का उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों, विभिन्न केंद्र एवं राज्य योजनाओं और कृषि उद्यमिता के बारे में जागरूकता फैलाना था। इसके अंतर्गत जलवायु-उपयुक्त एवं क्षेत्र-विशेष कृषि तकनीकों को भी बढ़ावा दिया गया।

इस अभियान में कई प्रमुख अनुसंधान संस्थानों ने भागीदारी निभाई, जिनमें क्षेत्रीय केंद्र पालमपुर, क्षेत्रीय स्टेशन जच्छ, मधुमक्खी पालन अनुसंधान केंद्र नगरोटा (कांगड़ा जिला), क्षेत्रीय केंद्र कटरैन एवं, गडसा (कुल्लू जिला) शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, ऊना जिले की किसान उत्पादक कंपनियां - कुटलेहर नैचुरल्स और हरोली फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने भी स्थानीय समुदाय को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में ठोस कदम

**कुलपति** प्रो. नवीन कुमार ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी भागीदार कृषि विज्ञान केंद्रों, शिक्षकों, छात्रों, विभागों और सहयोगी संस्थानों को उनके सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के समन्वित और फील्ड-आधारित प्रयासों से अनुसंधान-आधारित जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचाई जा सकती है, जो 'विकसित भारत' के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है।

# चिट्टे की सूचना देने पर चौली पंचायत देगी 5,000 रुपए का इनाम

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** जहां एक ओर नशा समाज को भीतर से खोखला कर रहा है, वहीं ब्लॉक परागपुर की चौली पंचायत के उपप्रधान दलीप सिंह वर्मा ने इस खतरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि कोई भी व्यक्ति यदि चिट्टे या अन्य नशीले पदार्थों की पुख्ता सूचना देता है, तो उसे 5,000 रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। यह इनाम पूरी तरह निजी स्तर पर दिया जाएगा और सूचनादाता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



दलीप सिंह वर्मा।

दलीप सिंह वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना अब केवल सरकारी एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि 'नशा न केवल युवाओं की जिंदगी को तबाह कर रहा है, बल्कि समाज की बुनियाद को भी हिला रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही ऐसे मामलों में सबसे बड़ा हथियार हैं। दलीप सिंह वर्मा ने एक सकारात्मक सामाजिक आंदोलन की नींव रखने की कोशिश की है। यह पहल न केवल नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि समाज में साहसी नागरिकों को आगे आने के लिए प्रेरित भी करेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री अनिरुद्ध कल करेंगे मेले में शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 15 जून को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री 15 जून को दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत जनेडघाट के बाबा सिद्ध भलावग मेले में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### दिव्यांगों को निःशुल्क बांटे सहायक उपकरण

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के 21 दिव्यांगजन व 3 वरिष्ठ नागरिकों को राज्य 7वें वित्तायोग अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग व भारत सरकार की एडिप योजना, राष्ट्रीय व्योश्री योजना के सौजन्य से दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए। सहायता उपकरण में व्हील चेयर, तिपाहिया साइकिल, तिपाहिया मोटर, फोल्डेबल वॉकर, सीपी चेयर, एल्बो बैसाखी, दृष्टि बाधित कीट, स्मार्ट फोन, सुगम्य केन व हीटिंग सहायता बीटीई प्रदान किये गये। इस अवसर पर नंदलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व भारत सरकार द्वारा दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार के निःशुल्क सहायता उपकरण प्रदान किये जाते है और इसी के तहज आज रामपुर में 24 लाभार्थियों को यह निःशुल्क सहायता उपकरण वितरित किये गये और भविष्य में भी छुटे हुए दिव्यांगजनो व वरिष्ठ नागरिकजन को निःशुल्क सहायता उपकरण वितरित किये जाएंगे।

### होमगार्ड विजय कुमार को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सतलुज नदी के बीच एक पत्थर पर फंसे बंदर को जान जोखिम में डालकर बचाने वाले रामपुर में सेवाएं दे रहे होमगार्ड जवान विजय कुमार को सम्मानित किया गया। इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामपुर में एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डॉ. अनिल कुमार शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुपालन विभाग, और अनिल मोक्ता, अध्यक्ष, ह्यूमेन पीपल एनजीओ द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर गुरहर्ष सिंह, आईएफएस वन मंडलाधिकारी, रामपुर तथा परिक्षित नेगी, तहसीलदार, रामपुर ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### श्रीकृष्ण कथा में बताया मानव जीवन का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीराम मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण कथा के तीसरे दिन साध्वी रूपेश्वरी भारती ने मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव तन ही प्रभु भक्ति और साधना के लिए श्रेष्ठ है, लेकिन आज लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे, जिससे वे अशांत हैं। कथा के दौरान, 'हरि का ध्यान लगा मन मेरे' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और साध्वी जी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि प्रभु की कथा केवल मृत्युलोक में ही संभव है और ग्रंथों की शिक्षाओं को जीवन में उतारने से सभी कष्ट दूर हो सकते हैं। इस अवसर पर विधायक कुलदीप सिंह राठौर और डॉ. लोकेन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। स्वामी धीरानंद ने बताया कि शिमला वासियों के सहयोग से प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

# पीएम सूर्य घर योजना की पंचायत स्तर पर प्रचार की जरूरत : एडीसी

## बोले–शिमला में योजना के तहत केवल 475 आवेदन ही हुए प्राप्त जो लक्ष्य से काफी कम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिमला जिले में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने इस बात पर चिंता व्यक्त की और योजना का पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जिले में इस योजना के तहत केवल 475 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं, जो कि लक्ष्य से काफी कम है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार ने 29 फरवरी, 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा कर आत्मनिर्भर बनाना और सौर रूफटॉप क्षमता को बढ़ाना है। यह योजना सौर ऊर्जा अपनाने वालों को आकर्षक सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 फीसदी और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच की प्रणालियों के लिए अतिरिक्त प्रणाली लागत का 40 फीसदी सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित है।



जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त।

### हर सोलर पर मिलेगा 1000 रुपए का प्रोत्साहन

योजना को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी प्रोत्साहन योजना भी शुरू की गई है। पंचायत के तहत लगने वाले हर सोलर रूफटॉप पर 1000 रुपए का एकमुश्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे पंचायत प्रतिनिधियों को लोगों को जागरूक करने और योजना से जोड़ने में वित्तीय लाभ भी मिलेगा। इच्छुक उपभोक्ता को सबसे पहले राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। यह प्रक्रिया राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करके पूरी की जा सकती है।

### हर जिले में एक आदर्श सौर गांव होगा स्थापित

**इसके** अतिरिक्त 'मॉडल सोलर विलेज' घटक के तहत प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर गांव स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। शिमला जिले में त्यावल, छकड़ेल, नेरवा और सुंदा भौरा गांव का चयन किया गया है। इनमें से एक गांव को आगामी दो महीनों में सबसे अधिक सोलर रूफटॉप स्थापित करने के आधार पर चुना जाएगा। सितंबर 2025 के पहले सप्ताह में जिला स्तरीय समिति गांव का मूल्यांकन कर विजेता का चयन करेगी। चयनित गांव को 1 करोड़ का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# व्यापारियों ने अवैध वेंडिंग के खिलाफ मोर्चा खोला



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ऐतिहासिक** रिज और उसके आसपास फैले अस्थायी वेंडिंग बाजार को लेकर शिमला के स्थानीय दुकानदारों में भारी रोष है। व्यापारियों का आरोप है कि ग्रीष्मोत्सव की आड़ में बाहरी राज्यों के व्यापारी शहर के आकर्षण और वाणिज्यिक संतुलन को बिगाड़ रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापार को भारी नुकसान हो रहा है।

शिमला व्यापार मंडल ने शहरी विधायक हरीश जनारथा के समर्थन से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन अनधिकृत स्टॉलों को तत्काल हटाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि ये स्टॉल 14 दिनों से ज़्यादा समय से लगे हुए हैं, जबकि ग्रीष्मोत्सव आधिकारिक तौर पर 1 से 5 जून तक ही था।

### सीएम सुक्खू ने स्टॉल हटाने के लिए निर्देश

**व्यापार** मंडल के अध्यक्ष हरजीत सिंह मोंगा ने स्पष्ट किया कि हम ग्रीष्मोत्सव के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन रिज को बाहरी राज्यों के व्यापारियों के लिए एक स्थायी वेंडिंग जोन में बदलना स्थानीय व्यापार के लिए घातक है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को स्टॉल हटाने के तत्काल निर्देश देने का आश्वासन दिया है।

# नशा मुक्ति का अभियान बने जन–जन की पहचान, नारों से गूंज उठा जुन्गा




नारी शक्ति और नारी एकता ग्राम संगठन के सौजन्य से जुन्गा में नशा मुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**राष्ट्रीय** ग्रामीण आजिविका मिशन के अंतर्गत गठित नारी शक्ति और नारी एकता ग्राम संगठन के सौजन्य से जुन्गा में नशा मुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न सहायता समूहों की महिलाओं के अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा के बच्चों ने भाग लिया।

यह जागरूकता रैली स्कूल मैदान से आरंभ होकर शहर होते हुए तहसील कार्यालय तक निकाली गई। हाथों में बैनर लिए नशा मुक्ति का अभियान बने जन–जन की पहचान नारों से जुन्गा शहर गूंज उठा। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए सीआरपी कृषि सखी योगमाया शर्मा ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों व बच्चों में नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नशा ऐसा दीमक है जो समय से पहले जीवन को समाप्त कर देता है।

रैली में स्कूल के प्रधानाचार्य महेश शर्मा, केरल से आई मेनटोर डेजी राजू, पशु सखी मीना राणा, एचएनजी रजनी, एलआरपी प्रीती और सुमन, सचिव सुनिता राणा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### दर्शन लाल अध्यक्ष व राकेश बने महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रेहड़ी–फड़ी तहबाजारी यूनियन (सीटू से संबंधित) का 8वां शिमला जिला सम्मेलन कालीबाड़ी हॉल में संपन्न हुआ, जहां दिवंगत अध्यक्ष सुरेंद्र बिट्टू को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस अवसर पर आगामी तीन वर्षों के लिए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें दर्शन लाल को अध्यक्ष और राकेश कुमार को महासचिव चुना गया। यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 9 जुलाई को प्रदेशव्यापी हड़ताल का बड़ा निर्णय लिया है। सम्मेलन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 और सुप्रीम कोर्ट के 2007 के आदेशों को लागू न करने पर प्रशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो तहबाजारियों को उजाड़ने के विरोध में विधानसभा और प्रदेश सरकार सचिवालय का घेराव किया जाएगा। मेहरा ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स सर्टिफिकेट धारक तहबाजारियों को उजाड़ा जा रहा है, लेकिन उन्हें वैकल्पिक स्थान नहीं दिए जा रहे हैं, जोकि एक्ट का सीधा उल्लंघन है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि तहबाजारियों की बेदखली तुरंत बंद नहीं की, तो आंदोलन और तेज होगा।

# छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**

**चौपाल/नेरवा।** चौपाल क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में नशे की रोकथाम के लेकर पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौपाल में नशा एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमे चौपाल के पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवक, स्कूल स्टाफ, छात्र एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूर रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता एसपी नारकोटिक्स टास्क फॉर्स प्रदेश अरविंद दिग्विजय नेगी द्वारा की गई। इस मौके पर अरविन्द दिग्विजय नेगी ने छात्रों व कार्यशाला में मौजूद लोगों को नशे की बुराइयों की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ इसकी रोकथाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य हरी शर्मा से कहा कि वह अपने विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों, समाज के सजग नागरिकों व छात्रों को ऐप्प के माध्यम से प्रचार व प्रसार कर नशा रोकथाम के लिए प्रेरित करें। इसके आलावा मानस हेल्पलाइन के माध्यम से भी नागरिकों को जागरूक कर नशे की रोकथाम के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने अरविंद दिग्विजय को विश्वास दिलाया कि वह चौपाल के समस्त स्कूलों के छात्रों, अध्यापकों से इस मुहिम को आगे बढ़ाने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रधानाचार्य संघ के प्रदेशाध्यक्ष भी है, लिहाजा वह प्रदेश भर के प्रधानाचार्यों को संघ के ग्रुप के माध्यम से मादक पदार्थ अधिनियम के प्रचार प्रसार एवं नशे की रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर इसे एक मुहिम बनाने का आग्रह करेंगे।

### नशे की रोकथाम पर चौपाल में कार्यशाला का आयोजन

कार्यशाला में डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा,डीएफओ चौपाल जंगवीर सिंह दुल्टा,नगर पंचायत उपाध्यक्ष चंद्र मोहन ठाकुर, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश जिंटा, देव दत्त शर्मा, प्रताप नेगी, एसएमसी अध्यक्ष गिरीश ठाकुर, ग्राम पंचायत चांजू के प्रधान शशि चौहान, ग्राम पंचायत पौड़िया के प्रधान, शिशु जोहटा, उमेश शर्मा, कुंदन ब्रागटा, रविंद्र मेहता, जोगिन्दर चौहान, आकाशदीप, विक्रांत, राम लाल, अमित चौहान, रचना, मनीषा, वीना शर्मा एवं विशाल भोटा सहित कई मौजूद रहे।

### 57 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** दो मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 57 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। पहला मामला थाना झंडूता के अंतर्गत सामने आया है, जहां मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार चालक 40 वर्षीय चालक अमित कुमार निवासी गांव तरौंतड़ा डाकघर टकरेहड़ा तहसील घुमारवीं से 48 बोतलें जब्त की।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना झंडूता में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरे मामला थाना बरमाणा के क्षेत्र में सामने आया। जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस टीम गश्त के दौरान पंचायत घर भोली के पास थी, जब उन्होंने एक व्यक्ति को नीचे कच्ची सड़क पर एक बोरा उठाए हुए देखा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे कुछ दूरी पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय राम लाल निवासी भोली डाकघर जुखाला तहसील सदर के रूप में हुई। आरोपी से एक गत्ता पेटी में 9 कांच की बोतलें देशी शराब पाई गईं। इस पर थाना बरमाणा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विधानसभा कल्याण समिति की बैठक बिलासपुर में संपन्न, विधायक मोहन लाल ने कहा–

# वंचित वर्गों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय बिलासपुर के बचत भवन में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं विधायक मोहनलाल ब्राकटा ने की। बैठक में समिति के सदस्य विधायक रणधीर शर्मा, विधायक विनोद कुमार, विधायक रीना कश्यप, विधायक लोकेंद्र कुमार, विधायक दीपराज तथा विधायक अनुराधा राणा उपस्थित रहे।

बैठक में जिला बिलासपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान समिति अध्यक्ष मोहनलाल ब्राकटा ने अधिकारियों से कहा कि समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में अनावश्यक देरी को प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार का एक रूप मानती है और इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजने हेतु रोजगार आधारित योजनाओं की ऋण सीमा बढ़ाने संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही जिला में भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि आवंटन की प्रगति पर भी चर्चा हुई और इस दिशा में कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने समिति को जानकारी दी कि अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत वित्त वर्ष 2023–24 में जिला को रुपये 81.95 करोड़ तथा वर्ष 2024–25 में रुपये 89.52 करोड़ का बजट प्राप्त हुआ है, जिसका अधिकांश भाग विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर व्यय किया गया है।



### जिले में 169 सड़कों के कार्य प्रगति पर

**लोक** निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 169 सड़कों का कार्य प्रगति पर है। इनमें से 38 सड़कें पूर्ण हो चुकी हैं, 63 पर कार्य जारी है, 17 सड़कों पर बजट एवं एफआरए (वन अधिकार अधिनियम) से जुड़ी अड़चनों के चलते कार्य रुका हुआ है, जबकि शेष 51 सड़कों पर कार्य आरंभ किया जाना बाकी है। जल शक्ति विभाग ने जानकारी दी कि 48 पेयजल एवं जलस्रोत संबंधित कार्य जिले में संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 15 कार्य प्रगति पर हैं।

### योजनाओं की जमीनी स्थिति पर समिति की गहन पूछताछ

**बैठक** के दौरान समिति के सदस्यों ने वर्ष 2022 से अब तक अनुसूचित जाति बहुल गांव में निर्मित आवासों, स्वर्ण जयंती योजना, महिला एवं बाल विकास योजनाओं के लाभार्थियों, दिव्यांग कल्याण कार्यक्रमों, एवं अन्य योजनाओं से संबंधित बिंदुओं पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। समिति ने उपस्थित अधिकारियों से फील्ड स्तर पर निगरानी व सक्रियता बढ़ाने, पात्र लाभार्थियों की सटीक पहचान करने तथा योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने को कहा।

### विद्यार्थियों ने टीजीटी परीक्षा में प्रोविजनल तौर पर शामिल होने की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा हाल ही में जारी टीजीटी कमीशन टेस्ट की चयन प्रक्रिया में बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भी भाग लेने की मांग की है। शुक्रवार को बीएड अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम घुमारवीं के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर की अध्यक्षा को इस आशय का ज्ञापन सौंपा।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान में एचपी टीजीटी के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है जबकि उनका बीएड कोर्स अंतिम सेमेस्टर में है। उन्होंने आग्रह किया कि यदि सरकार और आयोग उन्हें प्रोविजनल तौर पर इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देते हैं, तो उनके करियर को एक नई दिशा मिल सकती है। उनका कहना है कि जब तक परीक्षा आयोजित होगी, तब तक उनकी बीएड डिग्री भी पूरी हो जाएगी। बीएड अभ्यर्थियों ने यह भी तर्क दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में वह पूरी तरह से तैयार हैं और डिजिटल व मॉडर्न एजुकेशन तकनीकों में भी दक्ष हैं।

### पिकअप गाड़ी के टायर और स्टेपनी चोरी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पुलिस थाना झंडूता के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र गालियां में पिछली रात चोरों ने एक चोरी की घटना वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने पिछली रात गालियां गांव के समीप खडी पीकअप गाड़ी के तीन टायरों सहित एक स्टेपनी को अज्ञात लोग ले गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की एक टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। गाड़ी मालिक तिलक का कहना है मैंने कुछ दिन पहले ही गाड़ी ली है और यहां खड़ी की थी। सुबह के समय किसी ने मुझे फोन करके बताया कि आपकी गाड़ी के टायर कोई ले गया है। उसके बाद मैंने पुलिस थाना झंडूता को सूचना दी।

### एक व्यक्ति से 49.88 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पुलिस चौकी खारसी की टीम ने नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति से कुल 49.88 ग्राम चरस बरामद की है। यह कार्रवाई खारसी-श्मशान घाट लिंक रोड के पास रेन शेल्टर के नजदीक की गई। आरोपी की पहचान 42 वर्षीय कमल देव निवासी भडेतर डाकघर रानी कोटला तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 25.35 ग्राम चरस प्लास्टिक पाउच में तथा 24.53 ग्राम चरस बिना पाउच के बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन 15 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज को और अधिक बुलंद करने के उद्देश्य से 15 जून को प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। यह सम्मेलन शिमला के समरहिल स्थित कम्युनिटी सेंटर (पुलिस स्टेशन के समीप) में सुबह 11:00 बजे से आरंभ होगा। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने बताया कि इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति में पारदर्शी और जन-केंद्रित विकल्प को सशक्त बनाना है। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के सुझावों एवं विचारों के आधार पर पार्टी के भविष्य की दिशा तय की जाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद एवं सह-प्रभारी विजय फुलारा करेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

### पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के लिए आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल (पुरुष एवं महिला) भर्ती परीक्षा, 15 जून 2025 को सदर उपमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपमंडल दंडाधिकारी सदर, जिला बिलासपुर डॉ. राजदीप सिंह, आईएएस द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 बीएनएसएस के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह परीक्षा राजकीय (ब्वॉयज) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, राजकीय (गर्ल्स) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांदपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठीपुरा तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान शांति बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक रैली, जुलूस, नारेबाज़ी या प्रदर्शन पर 15 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त, 15 जून को सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक उपरोक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास लाउडस्पीकर के उपयोग, निर्माण कार्य, टेंट या मंच की स्थापना अथवा हटाने के कार्यों पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को हथियार, लाठी, गोला-बारूद, तलवार या अन्य किसी भी प्रकार के घातक उपकरण साथ लाने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश जनहित में एहतियातन जारी किया गया है तथा केवल 15 जून 2025 को निर्धारित समयावधि तक प्रभावी रहेगा। उपमंडल दंडाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करें।

### साक्षी ने यूनिवर्सिटी में हासिल किया सातवां स्थान

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की एक होनहार बेटी साक्षी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी की कला स्नातक परीक्षा में प्रदेश भर में सातवां स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डिग्री कॉलेज झंडूता की इस मेधावी छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल अपने गेहडवी क्षेत्र और झंडूता उपमंडल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। साक्षी के पिता वीरेंद्र कुमार एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता स्नेह लता एक आशा वर्कर के रूप में समाज की सेवा में जुटी हैं। साक्षी ने बताया कि वह एक अध्यापक बनकर समाज के लिए योगदान देना चाहती हैं।



# डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने बीएससी में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की छात्राओं ने एक बार फिर से उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए पूरे हिमाचल प्रदेश में कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया है। बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा में कॉलेज की दो छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि बिलासपुर डिग्री कॉलेज की छात्रा मानसी शर्मा ने बीएससी डिग्री अंतिम वर्ष की परीक्षा में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं कॉलेज की ही दूसरी प्रतिभावान छात्रा हरप्रीत कौर ने दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने दोनों छात्राओं को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कठिन परिश्रम, समर्पण और गुरुजनों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि इन बेटियों की उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरा महाविद्यालय परिवार और समस्त जिला गौरवान्वित हुआ है।

डॉ. कटवाल ने कहा कि आज इन होनहार छात्राओं को सम्मानित करते हुए हम सभी को गर्व की अनुभूति हो रही है।

उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि ये छात्राएं आगे भी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

**पहल**

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया खगोल क्लब का शुभारंभ

# छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागी नई चेतना

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शिक्षा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण दिन रहा, जब हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं तथा राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुमारवीं में खगोल क्लब का विधिवत शुभारंभ किया।

यह पहल भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से संचालित क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत आरंभ की गई है। इस अवसर पर धर्माणी ने कहा खगोल विज्ञान न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि यह विद्यार्थियों में तार्किक एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है। खगोल क्लब विद्यार्थियों की कल्पनाओं को साकार करने और उन्हें अनुसंधान की दुनिया से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि आज के बच्चे कल के वैज्ञानिक हैं, और ऐसे क्लब उन्हें ईसरो, नासा जैसी संस्थाओं तक पहुंचाने की प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने खगोल विज्ञान को युवाओं के लिए एक संभावनाओं से भरा करियर विकल्प बताते हुए कहा कि छात्र खगोल वैज्ञानिक, खगोल भौतिकशास्त्री और उपग्रह अभियंता जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेष खगोल दूरबीन की सहायता से पूर्णिमा के चंद्रमा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस गतिविधि के माध्यम से उन्होंने चंद्रमा की सतह, गड्ढों तथा उसकी भौगोलिक विशेषताओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। दूरबीन की कार्यप्रणाली को भी सरल भाषा में समझाया गया, जिससे छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासा और गहराई से प्रज्वलित हुई। धर्माणी ने बताया कि आगामी समय में खगोल क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को आकाश दर्शन, ग्रहों और तारों की पहचान, विशेषज्ञों से संवाद, अंतरिक्ष विषयक कार्यशालाएं तथा शैक्षणिक यात्राएं जैसी रोचक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।




इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने इस अभिनव पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक सशक्त नवाचार बताया। कार्यक्रम के अंत में तकनीकी शिक्षा मंत्री ने खगोल क्लब के सतत संचालन, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। यह खगोल क्लब न केवल विद्यार्थियों के सपनों को पंख देगा, बल्कि उन्हें नए क्षितिजों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास धर्माणी ने व्यक्त किया।

इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी एवं उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा निशा गुप्ता, एनआईटी हमीरपुर से प्रो. कुलदीप एवं प्रो. डॉ. अरुण मदन लाल शर्मा, भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मनदीप, सैमुअल, संतोष, संसार पठानिया तथा डाइट स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया, कार्यक्रम समन्वयक चंद्रकांत, प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा को भी धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी गुरुद्वारा में आज होगा नगर कीर्तन

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** श्री गुरु सिंह सभा सदर बाजार डलहौजी में 11 जून से 99वां सालाना दीवान बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने कहा कि वाहेगुरु जी की कृपा से यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस साल भी बड़ी ही श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन प्रारंभ होगा जोकि कोर्ट रोड, सुभाष चौक, गांधी चौक होते हुए रात को गुरुद्वारा में ही समापन होगा। उन्होंने कहा कि भाई कुलविंदर सिंह खरड़ वाले जो कि अपने मधुर आवाज से सुभाष चौक और गांधी चौक में सारी संगत को शब्द कीर्तनद्वारा निहाल करेंगे और गतका पार्टी द्वारा गतका भी खेला जाएगा जिसका की सारी संगत आनंद लेगी । इसलिए 15 जून को अखंड साहब जी का भोग डाल दिया जाएगा। उसके पश्चात शब्द कीर्तन और अरदास होगी । उन्होंने कहा कि सभी बाहर से आई हुई संगत और स्थानीय संगत से निवेदन है कि गुरुद्वारा साहब पहुंचकर गुरुजी का शबद कीर्तन का आनंद लें अटूट लंगर भी बरताया जाएगा इसलिए लंगर का प्रसाद भी ग्रहण करें।

### बच्चों ने सीखे आपदा से बचाव के गुर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय उच्च वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में प्रधानाचार्य सुरेंद्र सकलानी की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रतिक्रिया दल के द्वारा विद्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों बच्चों ने भाग लिया। इस मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ द्वारा बच्चों को विभिन्न आपदाओं से निपटने की गुर सिखाए गए। आपदा के समय अपना बचाव करना व घायलों को प्राथमिक उपचार देना और सुरक्षित स्थानों पर ले जाना आदि क्रियाकलाप करवाए गए।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अहमदाबाद में हाल ही में हुई भीषण विमान दुर्घटना पर अभिलाषी विश्वविद्यालय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में अनेक निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु हो गई, जिससे संपूर्ण राष्ट्र शोकग्रस्त है। अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने कहा कि यह हृदयविदारक समाचार समूचे देश को झकझोर देने वाला है। हर एक जीवन अपने भीतर अनगिनत सपनों, भावनाओं और संभावनाओं को समेटे होता है। विश्वविद्यालय परिवार की ओर से मैं गहरी संवेदना और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम पीड़ित परिवारों के साथ इस दुःख की घड़ी में पूर्ण रूप से खड़े हैं। इस अत्यंत दुखद हादसे के लिए अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रो-चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी एवं सचिव नरेंद्र ने भी गहरी संवेदना प्रकट की।

### राहगीरों को पिलाया मीठा ठंडा पानी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शुक्रवार को जोगिंद्रनगर के व्यस्त बिलिंग कॉम्पलेक्स के बाहर स्थानीय दुकानदारों ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया। यह सेवा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रही, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आकर ठंडा जल ग्रहण किया और गर्मी से राहत पाई।तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे राहगीरों को जैसे ही छबील की जानकारी मिली, उन्होंने इसका भरपूर लाभ उठाया। दुकानदारों ने स्वयं सेवक की भूमिका निभाते हुए राहगीरों को जल पिलाया और उन्हें ठंडा पानी उपलब्ध करवाया। आयोजन स्थल पर स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। छबील में भाग ले रहे दुकानदारों का कहना था कि गर्मियों में प्यास से बेहाल लोगों के लिए ठंडे पानी की सेवा देना एक छोटा लेकिन महत्त्वपूर्ण कार्य है, जिससे न केवल तन को राहत मिलती है बल्कि मन को भी सुकून मिलता है।

### भाषण प्रतियोगिता में वरुण ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय उच्च पाठशाला सकरोहा में खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्या के आदेशानुसार स्कूल की मुख्याध्यापिका आणिमा कपूर की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। इस दिवस पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल ने स्कूल के बच्चों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। चंदेल ने कहा कि किशोरावस्था संवेदनशील अवस्था होती है इस अवस्था में बच्चा अच्छे की तरफ भी जाता है और बुरे की तरफ भी। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अच्छी संगत करते है वह उच्च स्थान पर पहुंच जाते है और जो बुरी संगत करते है वह अपराधी भी बन जाते है। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में बच्चे आवश्यकता से कम पोषण लेने के कारण बच्चे में कुपोषण, कम वजन, खून की कमी अधिक मात्रा में पाई जा रही है। इस दिवस पर स्कूल के बच्चों की भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें प्रथम स्थान पर वरुण, द्वितीय स्थान पर शालिनी व तृतीय स्थान पर शैलजा रही। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आयुष्मान आरोग्य मंदिर सकरोहा प्रोमिला कुमारी, स्कूल के अध्यापक नीतू, अनिल सेन, हरीश, नंद लाल, धर्मी, दुमा, मुकेश कुमार, ललित कुमार, आशा कार्यकर्ता गुड्डी देवी, किरणा देवी, सोमा देवी और बच्चे व स्टाफ उपस्थित रहे।

### बिजली की क्षमता बढ़ाने की उठाई मांग

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर उपमंडल के एक बड़े भाग में बिजली क्षमता बढ़ाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। उद्यमियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है और ऐसे में बिजली की आंख मिचौनी का सिलसिला लंबा हो चला है। जिससे विद्यार्थियों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। बिजली के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग लंबित पड़ी है और संबंधित विभाग के इस ओर गंभीर न होने से लघु उद्यमियों समेत कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाचन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बुद्धिजीवी लोगों ने भी संबंधित विभाग एवं प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

## नॉन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से लेंगे 100 रुपए एंट्री फीस

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** नॉन यात्रा के दौरान मणिमहेश पवित्र डल झील पर जाने वाले सदस्यों से भरमौर प्रशासन 100 रुपए एंट्री फीस वसूल करेगा यह निर्णय डीएफओ भरमौर के कार्यालय में आयोजित हुई ईको डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में लिया गया है। यह फीस सैनीटेशन और एंट्री के रूप में नॉन यात्रा के दौरान मणिमहेश जाने वाले सभी श्रद्धालुओं व यात्रियों से ली जाएगी। यात्रा के दौरान दुकान व ढाबा लगाने वालों से ईडीसी के मेंबर और सेक्टर अधिकारियों को भरमौर में दुकान और ढाबाओं का पंजीकरण करवाना होगा। जिसमें छोटी दुकान वह ढाबा के लिए 500 रुपए और बड़ी दुकान के लिए 3000 रुपए गुसल किए जाएंगे। एक डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में यह निर्णय भी किया गया कि किसी भी दुकान या ढाबे के आगे गंदगी पाई जाती है तो उससे जुर्माने के तौर पर 5000 रुपए वसूल किया जाएगा।

# ओडरा खड्ड में डूबे दूसरे युवक का शव भी बरामद

## पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्राम पंचायत मंगला की ओडरा खड्ड में लापता वीरेंद्र को स्थानीय युवाओं ने ढूंढ निकाला है। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा दिया गया था। बता दें कि बुधवार सुबह ग्यारह बजे के करीब चुराह विधानसभा क्षेत्र के चरडा निवासी दो युवक नितेश और वीरेंद्र ओडरा खड्ड में नहाने गए थे। जहां पर दोनों डूब गए। स्थानीय लोगों के प्रयासों से नितेश का शव उसी दिन बरामद कर लिया गया था, जबकि वीरेंद्र की तलाश अगले दिन तक जारी रही। वीरवार सुबह एक बार फिर स्थानीय युवाओं ने मोर्चा संभाला और कई घंटों की अथक खोजबीन के बाद वीरेंद्र का शव खड्ड से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा दिया गया था।



इसी संदर्भ में अनंत ज्ञान की टीम ने चंबा के अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा से विशेष बातचीत की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं अत्यंत दुखद हैं। हम सभी से अपील करते हैं कि तेज बहाव वाली नदियों व खड्डों की गहराई में जाने से परहेज करें। यह समय सजगता का है, लापरवाही भारी पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि चंबा जिला प्रशासन, चमेरा जलविद्युत परियोजना चमेरा-II और चमेरा-III समय-समय पर पानी छोड़ने से पहले पूर्व चेतावनी जारी करता है तथा कई संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद यदि लोग जल स्रोतों की गहराई में उतरते हैं, तो यह उनके लिए स्वयं एक गंभीर खतरा बन जाता है। विशेषकर उन स्थानों पर नहीं जाना चाहिए जहां पहले भी डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं और जानें जा चुकी हैं।

**एडीएम की अपील, नदियों व खड्डों में जाने से करें परहेज**

## ठेकेदार यूनियन ने भुगतान न होने पर वूल फेडरेशन के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



भरमौर की श्री मणिमहेश ठेकेदार यूनियन वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**मणिमहेश** ठेकेदार यूनियन भरमौर का एक प्रतिनिधिमंडल यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार बड़धनियां की अगुवाई में क्षेत्र के दौरे पर आए वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर से मिला। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भरमौर लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग में लगभग दो सौ पंजीकृत ठेकेदार हैं, जिनके द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए विभिन्न विकासात्मक कार्यों के किसी भी प्रकार के भुगतान नहीं हुए है। जिस कारण ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है, उनके पास लेबर को भी पैसे देने को नहीं है। उन्होंने कहा कि अगले महीने से विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा शुरू होने वाली है। इस यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए ठेकेदारों को आवंटित किए गए कार्यों को करने के लिए ठेकेदारों को भुगतान करना अति आवश्यक है, जिससे वे लंबित कार्यों को शुरू कर सकें। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से इस संदर्भ में बात करें ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। अन्यथा मणिमहेश ठेकेदार यूनियन मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करने को नहीं हिचकिचाएगी।

# भरमौर के कुगती पास में ग्लेशियर पिघलने से दो हजार से अधिक भेड़-बकरियां फंसी

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



भरमौर के कुगती पास में ग्लेशियर पिघलने से फंसी भेड़-बकरियां।

**भरमौर।** भरमौर के कुगति पास में ग्लेशियर पिघलने से भेड़ पालकों की दो हजार भेड़-बकरियां एक दूसरी साइड फंस गई हैं। ग्लेशियर पिघलने के चलते पहाड़ों में रास्ता कट जाने से समस्या आई है। जानकारी के मुताबिक यहां पर दो भेड़ पालकों की साढ़े चार सौ से अधिक भेड़-बकरियां लाहौल-स्पीति व कुगती पास के आर पार फंस गए हैं।

जानकारी के मुताबिक यहां पर ग्लेशियर पिघल कर नीचे बैठ गया है जिसके चलते पहाड़ों पर रास्ता कट गया है जबकि भेड़पालकों की कुछ भेड बकरियां उस पार चली गई है और कुछ भेड़ बकरियां इस पार रह गई हैं।

गौरतलब है गर्मियों में यहां के भेड़ पालक कुगती, कालीछो बन्नी, और चोबिया पास से होकर लाहौल स्पीति और पांगी में अपनी भेड़ बकरियों को चराने जाते हैं। करीब 2 महीने यहां पर भेड़ बकरी चराने के बाद भेड़ पालक इसी रास्ते से होकर निचले क्षेत्र को पलायन करते हैं। लिहाजा यहां पर रास्ता न होने के चलते भेड़ पालक पूरी तरह से परेशान हो गए हैं। भेड़पालकों को में जिगरी राम ने कहा है कि वहां पर रास्ता न होने के चलते उनकी कुछ भेड़ बकरियां लाहौल स्पीति साइड क्रॉस कर गई है जबकि कुछ भरमौर के हिस्से में रह गई है। उन्होंने शुक्रवार को भूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर के समक्ष जल्द से जल्द इस रास्ते को बनाने की मांग की है ताकि भेड़पालकों को जोत क्रॉस करने में किसी भी तरह की कठिनाई न आए। इस पर बहुत परेशान के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने जल्द से जल्द उपायुक्त चंबा और एडीएम भरमौर से बात करके उनकी इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिलाया है।

गौरतलब है गर्मियों में भरमौर के इन जोतों दर्रा से क्रॉस होकर दर्जनों भेडपालक अपनी भेड़ बकरियों को चराने के लिए पहाड़ी क्षेत्र लाहौल स्पीति और पांगी के लिए जाते हैं ।

# एसडीएम धर्मपुर ने जांचा एनएच निर्माण कार्य

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की लौंगनी ग्राम पंचायत के गांव हुक्कल में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले किए प्रदर्शन की शिकायतों का स्पॉट इंस्पेक्शन शुक्रवार को एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल, तहसीलदार, कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर व किसान सभा के पदाधिकारी के साथ दोपहर बाद चार बजे हुककल में किया। कंपनी के परियोजना निदेशक का जवाब संतोषजनक न होने के कारण उसका कड़ा विरोध किया। जिस कारण उसे वहां से भागना पड़ा। इस दौरान रणताज राणा, देश राज पालसरा, कुलदीप चौहान, बालम राम, कमलेश, कृष्ण देव, पार्वती, कल्पना, बबली, शांता देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ये परियोजना प्रबंधक हर जगह लोगों से बत्तमीजी करता है और उन्हें धमकियां देता है। उसने 23 अप्रैल को बनाल, रियूर और बनेहरडी में निरीक्षण के दौरान भी लीगों से दुर्व्यवहार किया था। वहीं 2 मई को धर्मपुर में एसडीएम स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में भी ऐसा ही व्यवहार किया था। उसी प्रकार आज भी इसने आते ही एसडीएम जोगिन्दर पटियाल के निर्देश को न मानने और अपनी मर्जी से स्कूल का रास्ता बनाने का फरमान दे दिया। जिसका वहां मौजूद लोगों ने कड़ा विरोध किया। इसलिए किसान सभा ने कंपनी पर स्कूल का रास्ता तोड़ने, कल्वर्ट बंद करने और धवाल में की गई अवैध डंपिंग और ब्लास्टिंग के लिए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है और यदि ऐसा नहीं किया गया तो ग्रामीण सड़कों पर उतर कर विरोध करेंगे।

### माकपा नेता व प्रोजेक्ट डायरेक्टर में हुई हाथापाई

**स्पॉट** विजिट को लेकर साइट पर पहुंचे कंपनी प्रोजेक्ट डायरेक्टर जितेंद्र पांडे और किसान सभा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के बीच न सिर्फ जमकर बहस हुई, बल्कि हाथापाई भी हुई। दोनों को एसडीएम जोगिंदर पटियाल ने बीच बचाव करके हटाया। प्रोजेक्ट डॉक्टर को लोगों का गुस्सा देखकर वहां से भागना पड़ा। प्रभावितों का आरोप था कि एसडीएम कंपनी के ठेकेदारों के आगे कठपुतली बन गए हैं जिसका ताजा उदाहरण था कि प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रभावित लोगों और किसान नेताओं को एसडीएम के सामने धमकी देते रहे और एसडीएम मौन बने रहे।



### बर्दाश्त नहीं की जाएगी ऐसी हरकत: एसडीएम

**एसडीएम** धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर गर्म गर्मी हो गई थी। उन्होंने मामला शांत करवाया और प्रोजेक्ट डायरेक्टर को वहां से जाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर लोगों के रास्ते और स्कूल का डंगा और नालियां नहीं बनी तो प्रशासन एक्शन लेगा।

# बच्चों को हर प्रकार के शोषण से बचाने के लिए सतर्कता और संवाद बेहद आवश्यक

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** अंतर्राष्ट्रीय बाल-मजदूरी निषेध दिवस के उपलक्ष्य में चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय कसाकड़ा और नागराज रिहैबिलिटेशन केंद्र कसाकड़ा में किया गया। इस मौके पर लगभग 96 बच्चों, शिक्षकों और केंद्र के स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अगुवाई चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा की काउंसलर नीता देवी और सुपरवाइजर अशोक कुमार ने की। उन्होंने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1098 की महत्ता और इसके माध्यम से मिलने वाली नि:शुल्क सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। यह सेवा नशे की गिरफ्त में आए, अनाथ, अर्ध-अनाथ, घर से भागे हुए, मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, बाल विवाह व बाल-मजदूरी के शिकार बच्चों की मदद के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

**चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने चलाया जागरूकता अभियान**

टीम ने जानकारी देते हुए शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों के साथ खुले संवाद की अपील की। बताया गया कि बच्चों को हर प्रकार के शोषण से बचाने के लिए सतर्कता और संवाद बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम में बाल-मजदूरी की गंभीर बुराइयों पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कार्य कराना गैर-कानूनी है और दोषी पाए जाने पर नियोक्ता व अभिभावकों को सजा व जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि 14 से 18 वर्ष के बच्चों को भी केवल विशेष परिस्थितियों में कार्य की अनुमति है, वह भी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित किए बिना और निर्धारित घंटों के भीतर। सभी उपस्थित लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं भी कोई बच्चा बाल-मजदूरी में संलग्न नजर आए तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस या श्रम विभाग को सूचित करें। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि सूचना देने वाले की पहचान को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

## कुरथला उपकेंद्र में रखरखाव के चलते दो दिन बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, तीसा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 132 केवी विद्युत उपकेंद्र कुरथला में आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते दिनांक 16 व 17 जून को प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक (या कार्य की समाप्ति तक) विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। इस रखरखाव के कारण उपकेंद्र कुरथला के अंतर्गत आने वाले 11 केवी मंगली फीडर, तरेल्ला फीडर एवं देवीकोठी फीडर पूर्णत: बंद रहेंगे, जिससे तरेल्ला, सत्यास, बैरागढ़, गुईला, बंदेंडी, मंगली, घुलेई, देवीकोठी एवं टेपा क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल तीसा ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# बिजली और पानी की समस्या के समाधान में विधायक अक्षम: मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**2022** के प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौली विधानसभा क्षेत्र से आप के प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बिजली व पानी आपूर्ति सबंधित समस्याओं पर डलहौजी विधायक पर निशाना साधा है। मनीष ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कहीं लोग हफ्ता हफ्ता भर पानी की आस लगाए बैठे हैं तो कहीं भरी गर्मी में चार-चार दिन बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। कहने को तो साल 2025 चल रहा है परंतु डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के लिए हालात 1925 के बने हुए हैं। इस से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है की जिस विधायक को विधानसभा क्षेत्र की जनता ने ऐतिहासिक जीत दिलवा कर विधानसभा भेजा, वे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने में पूर्णत: अक्षम हैं। मनीष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं परन्तु विधायक की प्राथमिकताएं इन समस्याओं से पूर्णत: भिन्न हैं। शायद इसी लिए विधायक ने ढाई साल में विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को न तो स्थानीय स्तर पर संजीदगी से लिया और न ही विधानसभा के पटल पर मुख्यमंत्री के समक्ष कभी रखा। केवल धाम, जद्दू, नवाले इत्यादि में ही मगन रहे। मनीष ने कहा कि जिस समय विधायक जी का अपना विधानसभा क्षेत्र बिजली पानी आपूर्ती जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्षरत है



### सूडोकु नवताल- 7460 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7459 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## बाल स्कूल मंडी के एनसीसी कैडेट्स ने झटके 10 मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** के जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह परिसर में एनसीसी के 185 में एनुअल कैंप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल मंडी के एनसीसी कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतिभा का लोहा बनवाया है। कैडेट ने विभिन्न स्पर्धा में 10 स्वर्ण रजत व कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल के एनसीसी ऑफिसरजितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि चार जून से लेकर 13 जून तक कैंप का आयोजन किया गया। बइसमें जिला के 16 पाठशालाओं के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। चुनेस और निखिल ने 3 सेंटीमीटर के ग्रुप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी तरह डेविड ने चार सेंटीमीटर का ग्रुप पर बनाकर रजत पदक तथा नरेश ने 4.5 सेंटीमीटर का ग्रुप बनाकर फायरिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया योग में भी वंश ने स्वर्ण पदक तथा तकि आलम ने रजत प्राप्त किया है रिले रेस में भी पहला स्थान प्राप्त किया है।

**जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में एनुअल कैंप में किया बेहतर प्रदर्शन**

# भट्ठा में फिर टूटा पेड़, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर-सरकाघाट** मुख्य मार्ग पर स्थित भट्ठा क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर पेड़ की टहनी टूटकर सड़क पर गिर गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। तेज़ तूफान के दौरान गिरी इस भारी टहनी की चपेट में आने से एक कार और स्कूटी बाल-बाल बच गईं। गनीमत रही कि किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

इस स्थान पर पहले भी हो चुकी है एक दर्दनाक घटना। 17 मई को इसी जगह पर तेज आंधी में एक सूखा पेड़ गिरने से बस्सी स्कूल में कार्यरत 45 वर्षीय राजमल की मौत हो गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश था और स्थानीय अधिवक्ता सुनित ठाकुर ने उपमंडलाधिकारी (नागरिक) मनीष चौधरी को लिखित शिकायत सौंपी थी।



प्रशासन ने तब मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 133 के तहत कार्रवाई करते हुए वन विभाग को आदेश दिए थे कि भट्ठा क्षेत्र के सभी सूखे और खतरनाक पेड़ों को 15 दिनों के भीतर काटा जाए। वन विभाग ने मौके का निरीक्षण कर खतरे की पुष्टि भी की थी। इसके बावजूद दोबारा पेड़ टूटना यह दिखाता है कि आदेशों पर अमल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर भारी रोष है। लोगों का कहना है कि विभाग तब तक नहीं जागते जब तक किसी की जान न चली जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि और देर किए बिना तुरंत खतरनाक पेड़ों की कटाई की जाए ताकि भविष्य में कोई और जानलेवा हादसा न हो।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 14 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** तृतिया (03:49) : **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा (00:22), **पक्ष:** कृष्ण, **योग** : ब्रह्म (01:12), अभीजित (11:53-12:49)। **राहुकाल** (08:51-10:36)।

### विशेष दिन

- 14 जून 2025: संकष्ट चतुर्थी व्रत आज।
- 14 जून 2025: विश्व रक्तदान दिवस आज।

**मेष:** व्यावसायिक संदर्भ में अपने आप को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है। वरिष्ठों को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

**वृष:** आज आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी।

**मिथुन:** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे।

**कर्क:** आज आप में से कुछ लोगों को आपके व्यवसाय-साथी या किसी करीबी सहयोगी से समस्या हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं दे सकती हैं।

**सिंह:** व्यावसायिक संदर्भ में व्यापार संबंधों और सौदों में उद्यम करने के लिए एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देंगे।

**कन्या:** व्यावसायिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं। योग्य लोगों के साथ स्थायी दोस्ती बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आरामदायक रहेगा।

**तुला:** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवार के माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह चिंताओं का एक स्रोत हो सकती है और आपको तनाव की स्थिति में रख सकती है।

**वृश्चिक:** छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे। पारिवारिक जीवन हमेशा की तरह सुचारु रहेगा। कार्य स्थल पर दबाव से कुछ को बेचैन हो सकते हैं।

**धनु:** यह दिन आप में से अधिकांश के लिए मिश्रित प्रभावदायक है। शिक्षाविदों, बैंकिंग, तकनीकी गतिविधियों से जुड़े पेशेवर संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**मकर:** आज व्यावसायिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है। इस अवधि के दौरान कड़ी मेहनत और विनम्र सफलता की कुंजी है।

**कुंभ:** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे। आज व्यावसायिक एवं आर्थिक लाभ संभव है।

**मीन:** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी। आपकी आमदनी बढ़ेगी।

# आज से शुरू होगा माता नबाही देवी का मेला

## सीएम के राजनीतिक सलाहकार सुनील करेंगे शुभारंभ, विधायक सुरेश करेंगे समापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** उपमंडल की प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता नबाही देवी मेला का शुभारंभ शनिवार दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा द्वारा किया जाएगा जबकि बतौर विशेष अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव पवन ठाकुर होंगे।

मेले का शुभारंभ पंचायत घर नबाही से शोभा यात्रा की अगुवाई के उपरांत माता नबाही देवी मंदिर में किया जाएगा। पहली बार इस मेले में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा 15 जून को पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध गायक सुनील राणा राखी गौतम और हेमराज प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा होगी जबकि 16 जून को दूसरी सांस्कृतिक संध्या में अरविंद राजपूत धीरज शर्मा और जॉनी ठाकुर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव पवन ठाकुर होंगे, जबकि 17 जून को तीसरी सांस्कृतिक संध्या में विशेष अतिथि धोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार होंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका ममता भारद्वाज गगनदीप कुलदीप और ऋषभ भारद्वाज लोगों को अपने गानों से झूमने पर मजबूर करेंगे। मेले का समापन भी विधायक सुरेश कुमार द्वारा किया जाएगा।



गौरतलब है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन ठाकुर की बदौलत पहली बार माता नवाही देवी मेला को तीन की बजाए पांच दिवसीय आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत नबाही देवी मेला कमेटी के आयोजन सदस्यों द्वारा मिले को सफल बनाए जाने को लेकर प्रशासन पुलिस से लेकर आम जनता के सहयोग से व्यापक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी की हैं।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, सुरेखा शर्मा,** उम्र 45 वर्ष, पत्नी श्री राजेश कुमार, निवासी गांव बडवाल, डाकघर पंजाहड़ा, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री के 10वीं और 12वीं प्रमाण पत्र में मेरा नाम सुरेखा शर्मा और मेरी पुत्री नाम अक्षिमा दर्ज है। अब मैं अपना नाम और अपनी पुत्री का नाम बदलकर सुरेखा रानी और अक्षिमा शर्मा करना चाहती हूं। सभी संबंधित नोट करें।

‘**जीवन** में संबंध होना बहुत जरूरी है, पर उससे भी जरूरी है उन संबंधों में जीवन होना। –**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# किसानों की मदद

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। सरकार ने अब आलू पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी देने की बात कही है। निश्चित रूप से इससे किसानों की आर्थिकी सुधरेगी। यदि प्रदेश का किसान खुशहाल होगा तो राज्य की अर्थव्यवस्था को स्वत: ही बूस्ट मिल जाएगा। हिमाचल प्रदेश, जो देश के पर्वतीय राज्यों में अग्रणी है, लंबे समय से कृषि और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर रहा है। राज्य के अधिकांश लोग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि से जुड़े हैं। हालांकि, पहाड़ी भूगोल, बदलते मौसम, बाजार की अस्थिरता और वन्यजीवों के उत्पात जैसी समस्याओं ने हिमाचल के किसानों की आजीविका को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। ऐसे में सुक्खू सरकार की ओर से आलू पर एमएसपी घोषित करने की पहल न केवल किसानों के लिए राहत देने वाली है, बल्कि यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इससे पहले मक्का, धान, दालें और हल्दी पर एमएसपी की घोषणा करके सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वह किसानों की चिंता को गंभीरता से ले रही है।

आलू, खासकर ऊपरी शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में एक महत्वपूर्ण नकदी फसल के रूप में उगाया जाता है। अक्सर बाजार में मूल्य गिरने के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में एमएसपी की गारंटी से किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित होगा, जिससे उत्पाद बेचने की आशंका कम होगी। साथ ही, बिचौलियों पर निर्भरता घटेगी। फसल उत्पादन में भरोसा और रुचि बढ़ेगी। यह पहल खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती है, जो असुरक्षित बाजारों के कारण फसल उत्पादन से हतोत्साहित होते जा रहे हैं। सुक्खू सरकार बागवानी को भी लगातार बढ़ावा दे रही है।

सेब, नाशपाती, खुमानी और अन्य बागवानी उत्पादों के लिए भंडारण और मूल्य स्थिरता पर फोकस किया गया है। आधुनिक कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है जिससे कृषि कार्य में लागत कम होती है और उत्पादकता बढ़ती है। कृषक कल्याण योजनाएं जैसे– प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहन और जल संरक्षण परियोजनाएं भी सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है। इन पहलों का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करना और कृषि को लाभकारी पेशा बनाना है। हालांकि, सरकार की नीतियां सराहनीय हैं, फिर भी किसानों को कई गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खेतों में घूमते लावारिस पशु किसानों की फसलें बर्बाद कर देते हैं। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। यह समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में खेती से विमुखता का एक बड़ा कारण बन चुकी है। पहाड़ी और वनवर्ती क्षेत्रों में बंदर फसलों का व्यापक नुकसान कर रहे हैं। अनेक किसान फसलें उगाने से ही कतराने लगे हैं, जिससे खेत खाली पड़े हैं।

हिमाचल के किसानों को अक्सर उचित मूल्य नहीं मिल पाता, क्योंकि फसल के लिए संगठित मंडियों और भंडारण की व्यवस्था कमजोर है। बिचौलिए अधिक मुनाफा कमाते हैं जबकि किसान घाटे में रहते हैं। अधिकतर युवा कृषि को लाभहीन मानकर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। इससे गांवों में खेत बंजर हो रहे हैं और पारंपरिक कृषि ज्ञान खत्म हो रहा है। भविष्य के लिए सरकार को लावारिस पशुओं और बंदरों पर ठोस नीति बनाना चुनौतीपूर्ण है। गो संरक्षण योजना को मजबूत किया जाना चाहिए। पंचायत स्तर पर गोशालाएं बनाना और उनका सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए। बंदरों की नसबंदी अभियान को तेज किया जाए और वैज्ञानिक तरीके से उनके पुनर्वास की योजना बनाई जाए। फेंसिंग और आधुनिक सुरक्षा साधनों पर सब्सिडी दी जाए, जिससे किसान अपने खेतों की रक्षा कर सकें। हर ब्लॉक में मिनी एग्रीकल्चर मंडियां बनाई जाएं। कोल्ड स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट्स का निर्माण कर किसानों को लंबी अवधि के लिए फसल संरक्षित रखने की सुविधा मिले।

फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन को भी बढ़ावा दिया जाए, जिससे किसान संगठित होकर सीधा बाजार तक पहुंच सकें। हिमाचल की जलवायु जैविक खेती के अनुकूल है। ऐसे में प्राकृतिक कृषि मॉडल को अपनाकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार खोला जा सकता है। जैविक उत्पादों के ब्रांडिंग और मार्केटिंग में सरकार को मदद करनी चाहिए। ड्रोन, स्मार्ट इरिगेशन सिस्टम, मिट्टी परीक्षण किट जैसी तकनीकों को सब्सिडी के साथ किसानों तक पहुंचाया जाए। हर किसान को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाया जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा या बाजार में गिरावट की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। सरकार की किसानों के लिए की गई न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक आशावान संकेत है। यह पहल कृषि को लाभकारी बनाने, किसान की आय को सुनिश्चित करने और युवाओं को खेती से जोड़ने की दिशा में कारगर हो सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### राजनीतिज्ञ, अभिनेत्री व मनोरंजन निर्माता

**किरण** अनुपम खेर एक भारतीय राजनीतिज्ञ, अभिनेत्री, टेलीविजन व्यक्तित्व, गायिका और मनोरंजन निर्माता हैं। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं और मई 2014 में चंडीगढ़ से भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा के लिए चुनी गई। अपने फिल्मी करियर के दौरान, वह दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और एक लक्स स्टाइल पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं और उन्हें चार फिल्मफेयर पुरस्कार नामांकन प्राप्त हुए हैं। किरण ठाकर सिंह संधू का जन्म बैंगलोर, मैसूर राज्य भारत में हुआ था और वे चंडीगढ़ में पली-बढ़ीं। गौतम बेरी से अपनी पहली शादी के दौरान, उन्हें ‘किरण बेरी’ के नाम से जाना जाता था। जब उन्होंने अनुपम खेर से शादी की तो उन्होंने अपना पहला नाम फिर से शुरू किया और अपने नवीनतम पति का उपनाम भी जोड़ा, जिसे ‘किरण ठाकर सिंह खेर’ के रूप में जाना जाता है। बाद के जीवन में, उन्होंने अंकशास्त्र में दृढ़ विश्वास विकसित किया और 2003 में उन्होंने अंकशास्त्रीय गणनाओं के आधार पर अपना नाम ‘किरण’ से बदलकर ‘किरन’ कर लिया, ने अपना पहला नाम छोड़ दिया। ■



किरण अनुपम खेर
जन्म : 14 जून 1952



कविता

### हुई घटना दुखदायी

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली कांगड़ा (हि.प्र.)

*आशा भरी उड़ान, चला जो यान उधर से।*
*लंदन की ले आस, सभी बैठे थे घर से।*
*टेक ऑफ के बाद, नहीं उड़ान भर पाया।*
*लड़खड़ा के जहाज, इमारत से टकराया।*
*बने मौत के ग्रास, हुई घटना दुखदायी।*
*आशा के विपरीत, आज यह विपदा आई।*
*कैसे किस के लेख, ईश ही सब यह जानें।*
*नहीं सके हैं सोच, कहां कब बने बहाने।*
*बिखर गया परिवार, कहीं पर बहना भाई।*
*चंद मिनट के बाद, हुई कैसी विदाई।*
*मार दिए बेमौत, बिलखते रिश्ते नाते।*
*लाश बनी सब खाक, नहीं अब ढूंढे जाते।*
*कहां किसी के साथ, कभी कुछ भी हो जाए।*
*खड़ी शीश पर मौत, कहां कैसे बच पाए।*
*ईश्वर बना विधान, वही तो लिखने वाले।*
*होनी है बलवान, कौन कैसे हैं टाले।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गर्मियों की छुट्टियां नहीं, यह प्रकृति की चेतावनी

हिमाचल प्रदेश, जहां कभी हवाओं में ठंडक होती थी, घाटियों में शांति और पहाड़ों में सुगंधित हरियाली पसरी रहती थी, आज गर्म हवाओं के थपेड़ों से झुलस रहा है। यह वही हिमाचल है, जहां गर्मी के महीने भी सुकून भरे होते थे, लेकिन अब मई-जून में आसमान से अंगारे बरसते हैं। अब यह आम बात हो गई है कि एक दिन अचानक मूसलाधार बारिश हो जाती है और उसके अगले ही दिन सूरज आग बरसाने लगता है।

मंडी, धर्मशाला, शिमला जैसे शहर जहां कभी तापमान 30 डिग्री के पार नहीं जाता था, अब वहां पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। हाल ही में हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा जैसे मैदानी व अर्द्ध-पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जो एक दशक पहले तक असंभव माना जाता था। आश्चर्य की बात यह है कि अब हिमाचल के कुछ क्षेत्रों विशेषकर ऊना, नालागढ़ (सोलन), फतेहपुर, नगरोटा सूरियां, इंदौरा (कांगड़ा) और पांवटा साहिब, कला अंब(सिरमौर) में बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां पहली जून से 30 जून तक घोषित की गई हैं, जबकि अन्य ग्रीष्मकालीन जिलों में एक जून से 8 जून तक छुट्टी हुई थी, यह एक ऐसा निर्णय है जो पहले केवल मैदानी राज्यों पंजाब, हरियाणा या उत्तर प्रदेश में लिया जाता था। हिमाचल में यह स्थिति अत्यंत असामान्य और प्रकृति में हो रहे असंतुलन का जीवंत उदाहरण है। यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि प्रकृति आक्रोश में है। यह बदलाव रातों-रात नहीं आया।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

यह उस अनदेखी और उपेक्षा का परिणाम है जो हमने पिछले कुछ वर्षों में अपने पर्यावरण के साथ की। विकास के नाम पर, आधुनिकता की दौड़ में हमने हिमाचल के पहाड़ों को चीर डाला। जहां कभी देवदार और बांझ (ओक) के घने जंगल हुआ करते थे, वहां अब सीमेंट, डामर (बिटुमेन) और लोहे का साम्राज्य खड़ा हो गया है। पहले जहां वर्षा की फुहारें मिट्टी की सौंधी खुशबू लाती थीं, अब वहीं मूसलाधार बारिश के बाद अगले ही दिन सूरज आग उगलता है। मौसम अब कोई स्थिर चक्र नहीं रहा, बल्कि अराजकता का प्रतीक बन गया है। इस विकृति के पीछे सबसे बड़ा कारण है जलवायु परिवर्तन और उससे भी बड़ा कारण है, हमारा लालच। हिमाचल में अब सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, सुरंगों को पहाड़ों की छाती में आर-पार काटा जा रहा है और हर गांव को विकास के नाम पर सड़क से जोड़ने की होड़ लगी है। पहाड़ों की आत्मा को इस तरह कुरेदना किसी विनाश की तैयारी जैसा है। हर एक सुरंग जो हम बनाते हैं, वह केवल एक मार्ग नहीं खोलती, बल्कि वह एक संतुलन तोड़ती है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, विस्फोटों से पहाड़ों का कंपन, चट्टानों का खिसकना इत्यादि, ये सब केवल भूगर्भीय अस्थिरता ही नहीं बढ़ाते बल्कि स्थानीय जलवायु प्रणाली को भी ध्वस्त कर देते हैं। सूरज की किरणें पहले जब हरे पत्तों से टकराती थीं, तो वे जीवन देती थीं। अब वही किरणें सीमेंट की दीवारों से टकराकर लौ बन जाती हैं। इसी कारण अब ‘हीट आइलैंड’ प्रभाव साफ दिखने लगा है, जिससे छोटे-छोटे शहर भी तंदूर जैसी गर्मी झेलने को मजबूर हो गए हैं। औद्योगीकरण ने भी हिमाचल की आत्मा को गहरा आघात पहुंचाया है।



अनंत ज्ञान

नालागढ़, बद्दी और पांवटा साहिब जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में हजारों वाहन, धुएं के गुबार, केमिकल की गंध और जल स्रोतों पर अत्यधिक दबाव ने एक नया हिमाचल गढ़ा है जो अब ठंडा नहीं, तपता है। प्लास्टिक का कचरा, नालियों में बहती रासायनिक गंदगी और लगातार बढ़ता प्रदूषण ये सब एक ऐसे हिमाचल की तस्वीर बना रहे हैं, जो हमारी पीढ़ियों ने कभी सोची भी नहीं थी। वर्षा अब वरदान नहीं रही, वह एक अनिश्चित आपदा बन गई है।

कभी हफ्तों बारिश नहीं होती, तो कभी एक ही दिन में पूरे महीने का पानी बरस जाता है और फिर बारिश के अगले दिन जब सूरज निकलता है, तो नमी से भरी जमीन से वाष्प उठकर गर्मी को और भयानक बना देती है। बर्फबारी, जो हिमाचल का अभिन्न अंग रही है, अब केवल यादों में रह गई है। जब पहाड़ बर्फ से ढके रहते थे, तो गर्मी भी ठंडी लगती थी। अब बर्फबारी न के बराबर रह गई है, जिससे पहाड़ों की प्राकृतिक शीतलता लुप्त हो गई है। खेती-किसानी पर भी इसका भयावह प्रभाव पड़ा है। समय से पहले फसलें पक रही हैं, मिट्टी की नमी कम हो रही है, जलस्तर गिरता जा रहा है। किसान, जो मौसम पर आश्रित थे, अब उसे कोसने लगे हैं। पशुओं को चराने के लिए घास के मैदान कम होते जा रहे हैं। यहां तक कि प्राकृतिक जल स्रोत जो कभी साल भर बहते थे वे भी अब गर्मियों में सूखने लगे हैं और सबसे चिंताजनक बात यह है कि हम इस सबको ‘सामान्य’ मानने लगे हैं। हमें फिर से वृक्षारोपण को प्राथमिकता देनी होगी, जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा और निर्माण कार्यों को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से परखना होगा। विद्यालयों, पंचायतों और शहरी व्यवस्थाओं में पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य बनाना होगा, ताकि भावी पीढ़ी प्रकृति के साथ जुड़ाव को समझ सके। यदि हमने आज ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाला समय हमें कठोर दंड देगा, क्योंकि प्रकृति क्षमा नहीं करती, वह केवल संकेत देती है। हिमाचल की वादियां आज भी मौन नहीं, पुकार रही हैं एक व्यथा, एक आग्रह, एक चेतावनी लेकर। यहां न केवल हवाओं की दिशा बदली है, बल्कि समय भी अपनी करवट बदल चुका है। सवाल यह नहीं कि बदलाव हो रहा है, बल्कि यह है कि हम इस बदलाव को किस दिशा में ले जाते हैं विनाश की ओर या पुनर्संतुलन की ओर। यह क्षण किसी डर या अफसोस का नहीं, बल्कि एक अवसर है सुनने का, समझने का और समय रहते संभल जाने का, ताकि हमारा प्यारा हिमाचल फिर से वही बन सके ठंडी हवाओं से महकता, शीतलता और शांति से परिपूर्ण, जहां विकास की राहें प्रकृति की गोद में तय हों, न कि उसके विरोध में।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# एयरपोर्ट के पास न हों रिहायशी बिल्डिंगें

भारत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंबर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे।

विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे। विमान ने गुरुवार12/6/25 दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी थी और दो मिनट के बाद ही 1 बजकर 40 मिनट बाद क्रैश हो गया एयर इंडिया के विमान AI-171 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGI Airport) से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी थी किसी भी व्यक्ति के जीवित रहने का कोई संभावना नहीं है, लेकिन रमेश कुमार नामक व्यक्ति बच गए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। दु:खद समाचार है, लेकिन उसमें एक बच गया कोई कुछ भी कहे कि टेक्निकल फाल्ट था, लेकिन उसका इंडिकेशन दिखता है जो होना होगा उसे कोई टाल नहीं सकता, जिसको बचना होगा वो बच जाएगा, जिसकी जितने सांस ईश्वर ने दी है उतनी मिलती है मृतकों के प्रति गहरी संवेदना है।



लेखक : संजय गोस्वामी
अनुशक्ति नगर, मुंबई

ईश्वर सभी मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें एक आदमी बचा और चलने भी लगा इससे साफ जाहिर होता जिसको जिस तरह मरना होता है उसे यह घटना काल बनकर आती है कुछ को बचना लिखा होता है वह बच जाता है जिसमें कितने के फ्लाइट छूट गए हैं उन्ही में से एक यात्रियों में एक महिला सौभाग्यशाली रही कि अहमदाबाद के व्यस्त ट्रैफिक ने उन्हें बचा लिया। ट्रैफिक में फंसने के कारण वह 10 मिनट की देरी से सरदार बल्लभभाई एयरपोर्ट पहुंची थीं। इसके बाद उन्हें अहमदाबद लंदन की फ्लाइट में बोर्डिंग की इजाजत नहीं मिली। उसने एयरपोर्ट स्टॉप से बहुत रिक्वेस्ट की, लेकिन उसको बोर्डिंग पास नहीं मिला और वो निराश होकर रह गई।



मीडिया से बातचीत में भूमि चौहान ने बताया कि फ्लाइट के टेकऑफ के लिए 1:10 बजे का समय शेड्यूल था। भूमि चौहान ने बताया कि इस हादसे की सूचना के मिलने के बाद वह बुरी तरह से कांप गईं। पैर हिलने लगे। काफी देर तक वह सदमें रहीं। भूमि ने बताया कि जब वह दुखी होकर एयरपोर्ट से एग्जिट गेट पर पहुंची तब उन्हें पता चला कि जिस फ्लाइट को उन्होंने मिस किया है, वह क्रैश हो गया है। अनहोनी घटना होती है जो दु:खद होता है, लेकिन कौन मरता नहीं है जिसे बचना होगा वो बच जाएगा दुर्घटना होती है हादसा कह कर नहीं आती और ऐसी दुर्घटना पर किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि यह एक बोइंग विमान था जिसका पूरे विश्व में कम से कम 800 विमानों का ऑर्डर अभी तक पूरा नहीं हुई अभी भी बन रहा है।

अनंत ज्ञान

यदि कोई खामी होती है तो पायलेट विमान इंजीनियर होते है उन्हें विमान के सभी सिस्टम की जानकारी होती है देखिए आपदा में दोष के बजाए लोगों को बचाने और उनके परिवार को संभालने की जरूरत है मौसम भी बढ़िया था और लोग ज्यादा इसलिए मारे गए, क्योंकि विमान टेकऑफ करते समय सीट बेल्ट बांधने से उठने तक का मौका नहीं मिला, लेकिन एक बात हमेशा ध्यान देने की जरूरत है वो यह है कि एयर पोर्ट के आसपास रिहायशी बिल्डिंग का निर्माण न हो पहले एयर पोर्ट बहुत दूर होते थे।

अब सब सामने रहते हैं इससे पायलेट को बहुत सोच समझ कर उड़ान भरना पड़ता है और दुर्घटना में किसी बिल्डिंग पर गिरता है तो वहां भी विमान के दबने से वहां के रहने वाले लोगों की मौत हो जाता है खैर विमान दुर्घटना अन्य देशों के मुकाबले कम हुआ है यह एक आपदा है जिसे कोई नहीं जान सकता है। यह होना लिखा था जान जाना निश्चित था और दु:खद घटना हुई आप ही सोचें कौन मरेगा नहीं आज न कल सभी को इस संसार से विदा लेना है फर्क यही है कोई समय से जाएगा कोई पहले जाएगा, इसलिए हमेशा प्रभु राम का ध्यान करते रहें जो होगा वो संसार की एक प्रक्रिया है जिसे वही टाल सकता है जिसने संसार का निर्माण किया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**देश** के हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति वफादारी निभाए, उसके सम्मान और अखंडता की रक्षा करे, लेकिन जब कोई व्यक्ति अपने आचरण या वक्तव्यों से देश की एकता, अखंडता या सम्मान को चोट पहुंचाता है, तब यह एक गंभीर अपराध बन जाता है, जिसे भारतीय दंड संहिता में देशद्रोह कहा गया है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में घटित एक ऐसा ही मामला पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए चिंता का विषय बन गया है। पांवटा साहिब से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी एक युवक सुलेमान को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वह पांवटा साहिब में सब्जी की रेहड़ी लगाकर जीवनयापन कर रहा था, लेकिन उसने सोशल मीडिया पर एक ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट साझा की जिसमें टूटे हुए विमान के टुकड़ों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारों का जिक्र किया गया।

**रमित चौधरी, गगल**

# पेड़ों की क्यों करते हो कटाई, ये हैं शुद्ध पर्यावरण की दवाई

विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हमें विनाश की ओर ले जा रही है। नई तकनीक वाले वाहनों के लिए पूरे भारत में सड़कों का विशाल जाल बिछाया गया है। सड़कों के आसपास पहले से लगे लाखों पेड़ काट दिए गए, लेकिन उनकी जगह नए पेड़ लगाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। केवल छोटे-छोटे फूल वाले पौधे रोपे गए और बगीचों को ही सजाया गया।

यह तार्किक नहीं है। यही हाल नहरों, सड़कों, खेतों और कॉलोनियों में देखने को मिल रहा है। वास्तव में हम पेड़ों की कमी पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। नहरों के किनारे पेड़ विहीन हैं। पेड़ों की लंबी कतारें कहां गईं? अगर बाड़ ही खेत खा जाए, तो रक्षा कौन करेगा? ऐसे में दोष भी किसे देना है? बात आसानी से समझ में आ जाएगी। एक समय ऐसा भी था जब खेतों में चारों ओर पेड़ों के झुंड हुआ करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब किसानों के पास अपने ही पेड़ों की छाया नहीं है। दो-तीन वृक्षों से ही हम छाया खोजते हैं। बगीचे कहीं नहीं मिलते। वे पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। आबादी बढ़ने के साथ उनकी जगह बहुमंजिला इमारतें, महंगे फ्लैट बन गए हैं। जैसा कि हम अच्छी तरह जानते हैं कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वे जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य के सच्चे साथी हैं। ये हमारे जन्मदाता हैं। ये जहां हमें हवा (ऑक्सीजन) देते हैं, वहीं छाया के भी मुख्य आधार हैं। अफसोस, फिर यह समझ से परे है कि इनको काटने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है। लालच के कारण ही मनुष्य ऐसा कर रहा है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना (हि. प्र.)

यह शालीनता का संकेत नहीं है। वास्तव में मनुष्य लाभ के लिए अपना जीवन दांव पर लगा रहा है और अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों और जंगलों को नष्ट कर रहा है। निस्संदेह आज भी कई जगहों पर हमें स्वयंसेवी संस्थाएं मिल जाएंगी जो अपने बलबूता में हर तरह के अधिकाधिक पेड़ लगाने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही हैं। यह एक महान पुण्य है। पंचायतें, नगर परिषदें, सरकारी, निजी संस्थाएं समय-समय पर कई पेड़ लगाती हैं, लेकिन उसके बाद उनकी ठीक से देखभाल नहीं की जाती है।



आवारा पशुओं, शरारती तत्वों और पानी की कमी के कारण इक्का-दुक्का पेड़ ही उग पाते हैं। हां, जब पेड़ बड़े हो जाते हैं तो उनकी सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री गार्ड्स को हटाना जरूरी होता है ताकि पेड़ ज्यादा फलीभूत हो सकें। खेल के मैदान भी पेड़ों से रहित हैं। अत्यधिक गर्मी में न तो खेलों का आयोजन किया जा सकता है और न ही खेलों का लुत्फ उठाया जा सकता है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी से लाखों लोगों की मौत हो गई थी। सिलेंडर के जरिए मरीजों को कृत्रिम ऑक्सीजन दी गई। पेड़ ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत हैं लेकिन फिर भी हम इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम चिंता करते हैं, लेकिन विचारशील नहीं हैं। छोटे-मोटे अपराध की सजा के लिए अपराधी को एक-दो पेड़ लगाने के लिए कहना चाहिए। भारत देश में एक-दो जगहों पर इस तरह की सजा वकील समेत कोर्ट ने भी दी है। छात्रों को इस महाकुंभ में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना हमारा प्राथमिक नैतिक कर्तव्य है। बेशक, वे पेड़ों के महत्व से अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेकिन दिन भर उनके हाथों में मोबाइल फोन होने के कारण उनके पास पेड़ लगाने की फुर्सत कहां है? वृक्ष वर्षा लाने, बाढ़ को रोकने, ऑक्सीजन प्रदान करने तथा छाया प्रदान करने के साथ-साथ अनेक प्रकार के फल देने में सहायक होते हैं। यह एक सच्चाई है कि पेड़ कभी अपना फल नहीं खाते और कभी अपनी छाया का आनंद नहीं लेते। उनके शीर्ष पर सूर्य चमकता है। हमारे किसान भाइयों को भी इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अपने देश/ राज्य में हम लापरवाह हो रहे हैं।

अनंत ज्ञान

आइए हम भी अधिकाधिक पेड़ लगाएं और अपनी धरती को हरा-भरा बनाएं। वनों का जाल बिछाते हैं। किकर, बरगद, पीपल, नीम और शीशम आदि कई पेड़ खतरे में हैं। आइए हम सब मिलकर संकल्प लें कि कोई भी मैदान, स्टेडियम, सड़कें, नहरें यानी जहां भी खाली जगह हो, वहां ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। राज्य के जल और पर्यावरण को बचाने के लिए जनआंदोलन को संगठित करने की अत्यंत आवश्यकता है। पेड़-पौधों से धरती पर हरियाली पैदा करने का प्रयास करके हम हर हाल में सफल हो सकते हैं, क्योंकि पेड़ों का भी अपना जीवन होता है। पेड़ भी इंसानों की तरह सुख-दुख महसूस करते हैं। तो पेड़ों की भी सुनो---- ‘मनुष्य ! तुम हम पर क्यों करते हो वार?’
हम आपके सुख-दुख के हैं यार
तुम पेड़ों का त्योहार रोज मनाओ पर्यावरण शुद्धिकरण नीति अपनाओ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मिलावट की लड़ाई खाने के स्वाद की नहीं, जिंदगी की सच्चाई की है

मिलावट शब्द सुनते ही जहन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है।

बाजार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं और मजे की बात देखिए—इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। मूंगफली में पत्थर मिलना अब कोई आश्चर्य नहीं रहा। दाल में कंकड़, मटर में रंग, नमक में पाउडर और घी में मोम—ये सब जैसे अब जीवन के स्थायी सदस्य हो गए हैं। दुकानदारों से लेकर बड़े-बड़े ब्रांड्स तक, मुनाफे की अंधी दौड़ में सब शामिल हैं। हर कोई चाहता है कम लागत में ज्यादा मुनाफा और इसका सबसे आसान तरीका है—मिलावट। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा और ग्राहक की सेहत की बलि।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफसोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है।

दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं, बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है और सब्जियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में जहर घोल रहा है। एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था।





आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की जरूरत है —कहीं वह मिलावटी न हो। बाजार में ‘शुद्धता’ अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। ‘100 प्रतिशत शुद्ध’ लिख देने से चीजें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं। बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग— यह सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, यह समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं और अफसोस यह है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो ‘चलता है’ वाली मानसिकता में जीता है और धीरे-धीरे मरता है। मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक— राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो ‘पैकेज’ में आते हैं। आजकल ‘सेक्युलर’ और ‘राष्ट्रवादी’ दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है—बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ—इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट—हर तरफ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है और जब कोई सच्चाई से बोलता है, तो वो या तो ‘एंटी-नेशनल’ कहलाता है या ‘पेड’ एजेंडा वाला। यही है असली त्रासदी। दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही।

अनंत ज्ञान

व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशत पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियां जानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को ‘फ्रेश’ लगेगा और उपभोक्ता को यह सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है, क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है। सरकार समय-समय पर ‘खाद्य निरीक्षण अभियान’ चलाती है। कुछ नमूने जांचे जाते हैं, कुछ लाइसेंस रद्द होते हैं। पर असली सवाल यह है —क्या इस व्यवस्था में भी कोई मिलावट नहीं? कहीं ये अभियान सिर्फ दिखावा तो नहीं? अंतत: यह लड़ाई खाने के स्वाद की नहीं, जिंदगी की सच्चाई की है, क्योंकि आज का मिलावटी खाद्य पदार्थ सिर्फ स्वास्थ्य नहीं बिगाड़ता, वह पूरे समाज को बीमार करता है। एक पत्थर मूंगफली में ही नहीं, रिश्तों और भरोसे में भी चुभता है और अगर अब भी हम नहीं जागे, तो अगली पीढ़ी को हम सिर्फ स्वादिष्ट जहर की थाली सौंपेंगे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सेरली बताही में 4 हफ्ते से पानी नहीं

## ग्रामीण बोले-कई बार नेताओं व विभाग से लगा चुके हैं गुहार, पर नहीं हुआ सुधार

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड्घाट के गांव सेरली बताही में लोग पिछले लगभग चार सप्ताह से पेयजल को तरस रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से पानी की भारी समस्या से जूझ रहे हैं। हम कई बार कांग्रेस व भाजपा के नेताओं व विभाग से पानी के समस्याओं के बारे में मिले, परंतु आज कई वर्ष बीत जाने के बाद भी हमें कोई भी पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं दे सके। पानी न आने के कारण हमारे गांव में लगे नल मात्र शोपीस बन कर रह गए हैं। हमारे गांव से जलस्रोत भी लगभग आधा किलोमीटर से भी अधिक दूर है। स्थानीय लोगों में वार्ड पंच कांता देवी, राकेश आजाद, रवि चंद, ललिता देवी, चुनी लाल, मस्त राम, ईस्वर दास, छवि राम, हरी चंद, कुमारी देवी, बद्री राम, चमन लाल, छवि राम व अनु कुमारी आदि का कहना है कि पिछले लगभग चार हफ्ते से सिर्फ तीन या चार दिन ही पानी आया है हमारे द्वारा कई बार कर्मचारियों व अधिकारियों से पानी की शिकायत की हैं परंतु जल शक्ति विभाग गहरी निद्रा में सोया है अगर अब हमारी पानी की समस्या को दूर नहीं किया तो अब हम सब ग्रामवासी कलखर चौक में जल शक्ति विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसके लिए जल शक्ति विभाग ही जिम्मेदार होगा।


खाली बर्तन दिखाते हुए पटड्घाट पंचायत के सेरली बताही गांव के लोग।

कलखर चौक में जल शक्ति विभाग के विरुद्ध करेंगे धरना-प्रदर्शन

### गांव में जल्द दिया जाएगा पानी: वर्मा

**इस** बारे में सहायक अभियंता दीपक वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला ध्यान में आया है। कर्मचारियों को सेरली बताही के पाइप लाइन पर पेट्रोलिंग करने के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही सेरली बताही गांव में पानी दिया जाएगा।

## गोशाला में लगी आग, छत घास पूरी तरह जलकर राख

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत चनौता में शुक्रवार सुबह एक गोशाला के जल जाने का मामला प्रकाश में आया है। पंचायत प्रधान सविता गुप्ता के अनुसार शुक्रवार सुबह सावित्री देवी पत्नी हरि सिंह गांव छातर के गोशाला में अचानक आग लग गई जिसके कारण गोशाला की छत व उसमें रखा घास पूरी तरह जलकर राख हो गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। गोशाला में आग लगने की घटना की ज्यूं ही भनक लगी, गांववासी इकठ्ठा हो गए और आग पर काबू पा लिया जिससे जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। राजस्व विभाग से संबंधित पटवारी हल्का देशराज ने मौके पर जाकर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को दो तरपाल भी दिए। पटवारी हल्का ने बताया कि सावित्री देवी पति हरि सिंह की गोशाला जलने से लगभग 30,000 रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। रिपोर्ट बनवाकर उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है।

## माता-पिता कैंसर पीड़ित, बेटे ने दानदाताओं व सामाजिक संस्थाओं से की सहयोग की अपील

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर उपमंडल की छत्तर पंचायत के अजय शर्मा का परिवार इस समय गहरे संकट से गुजर रहा है।

उनके माता-पिता कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित हैं और इलाज के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। पहले से ही कमजोर आर्थिक स्थिति अब इलाज के बढ़ते खर्चों के चलते और भी गंभीर हो गई है। जानकारी के अनुसार, अजय शर्मा की माता शकुंतला देवी शिमला के एक अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जबकि पिता हरि कृष्ण शर्मा को फेफड़ों के कैंसर की तीसरी स्टेज का पता चला है। उनके इलाज की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है।

परिवार के पास अब इलाज का खर्च उठाने के लिए साधन नहीं बचे हैं और वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। अजय शर्मा दिन-रात अपने माता-पिता की सेवा में लगे हैं, लेकिन आर्थिक तंगी अब उनके सामने सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है। उन्होंने समाज के जागरूक नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं से सहयोग की अपील की है, ताकि समय पर इलाज करवा कर अपने माता-पिता की जान बचा सकें। जो भी लोग इस संकट की घड़ी में मदद करना चाहते हैं, वे नीचे दिए गए माध्यमों से सहायता राशि भेज सकते हैं। UPI ID: ajaysharma85603-1@oka&is, Google Pay / PhonePe नंबर: 82196 07978 पर सहायता कर सकते हैं। आपका छोटा सा योगदान भी इस परिवार के लिए संजीवनी बन सकता है। आइए, मानवता के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और एक जरूरतमंद परिवार को संबल प्रदान करें।

छत्तर गांव का परिवार आर्थिक संकट में, सहयोग की दरकार

## न्यूज ब्रीफ

### 15 व 16 को इन क्षेत्रों में लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने बताया कि 15 व 16 जून को एलटी तारों का आवश्यक रखरखाव व इनके आसपास लगते पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का कार्य किया जाना है, जिस कारण 11 केवी बरच्छवाड़ मसेरन के तहत आने वाले क्षेत्र सुरजपुर बाड़ी, पिंडी गलू, लुकाणू, सरोली, खलारडू, बाग, ध्यान, मतलग फाल्ड और आस-पास के क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं 16 जून को 11 केवी बरच्छवाड़ गोपालपुर के तहत आने वाले क्षेत्र रखवान, टाल्गी, चम्याण, बैहल, ठौर, नघला, रेडू, नाल्टा सरसेहरा, गोपालपुर, नैन, बैंजी, ठाना डोल और आस-पास के क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भद्रवाड़ में 16 से 20 तक बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ ई. हंसराज ने बताया कि भद्रवाड़ के कुछ क्षेत्रों में 16, 17, 18, 19 व 20 जून को एचटी तारों का आवश्यक रखरखाव व इनके आसपास लगते पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का कार्य किया जाना है, जिस कारण 16 जून को 11 केवी जमणी फीडर, 17 जून को 11 केवी मसेरन फीडर, 18 जून को 11 केवी चन्देश फीडर, 19 जून को 11 केवी पिंगला जबकि 20 जून को 11 केवी जमणी फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### कल से मंडी दौरे पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 15 और 16 जून को को मंडी जिले के दौरे पर रहेंगे। विक्रमादित्य सिंह 15 जून को शिमला से मंडी के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि ठहराव उनका मंडी में होगा। 16 जून को मंडी से पराशर पहुंचेंगे, जहां वे जिला स्तरीय सरनाहूली पराशर मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। पराशर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विक्रमादित्य सिंह कटौला-बोदनधार-कुंदख-टिहरी-कालंग-पटोस सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त वे कमांद-कटौला-बजौरा सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे व पंडोह-शिवाबदार सड़क पर ब्यास नदी के ऊपर प्रस्तावित 110 मीटर लंबे पुल के निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में लोक निर्माण मंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। उसी दिन दोपहर दो बजे पराशर से शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

### कार्यकाल पूर्ण कर चुके जल रक्षक हों नियमित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जलरक्षक संघ के सदस्य काफी लंबे समय से सरकार के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी प्रमुख मांगों पर कोई भी गौर नहीं किया गया है और केवल आश्वासन के सिवा आज तक कुछ हाथ नहीं लगा है। भारी बारिश, बर्फबारी में भी जल रक्षकों ने हमेशा सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य किया है। उसके बावजूद भी उनकी प्रमुख मांगें आज तक पूरी न होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जल रक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल उर्फ ज्वालू राम ने सरकार से आग्रह किया है कि आने वाली कैबिनेट में जो जल रक्षक 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं उन्हें रेगुलर करने की अधिसूचना जारी की जाए ऐसा न होने की स्थिति में हिमाचल के समस्त जल रक्षक आंदोलन की रहा अपना लेंगे जिसकी जिम्मेदार खुद हिमाचल प्रदेश सरकार होगी।

### अनंत राम के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव भगलाना निवासी 78 वर्षीय आईटीबीपी से सेवानिवृत्त डिप्टी कमांडेंट अनंत राम के निधन पर हिमाचल किसान सभा खण्ड कमेटी धर्मपुर ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार प्रधान मेहरचंद गारला व्यापार मंडल प्रधान बिहारी लाल किसान सभा के खण्ड अध्यक्ष रणताज़ राणा सचिव बाला राम, रामचंद ठाकुर, करतार सिंह चौहान, मेहर सिंह पठानिया, ओमचन्द,बीरी सिंह, इंद्र सिंह, रमेश धीमान, मोहनलाल, प्रकाश वर्मा, कश्मीर सिंह, मिलाप चन्देल, टेक सिंह, रूपचन्द, पृथी सिंह, मनोहर लाल, कैप्टन महाजन सिंह, हेमचन्द, रणवीर शास्त्री, बलदेव ठाकुर, इंद्र सिंह परदेशी, श्रवण कुमार, रूपलाल शास्त्री, राकेश बन्याल, लुददर सिंह, प्रकाश सकलानी, भाग सिंह लखरवाल, दूनी चंद, बालम राम, प्रताप सिंह, ओमचंद, पूर्ण पराशर, अमृत लाल, ब्रिजलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, अरुण अत्री,दिनेश काकु, अनिल कुमार, प्रकाश चन्द, नानक चंद, हेमराज, शनवीर, हरजीत सिंह आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### परिजनों को दी 5100 रुपए की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति चोलथरा के सदस्य रहे आईटीबीपी से सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट अनंत राम ठाकुर का गत नौ तारीख को लंबी बीमारी के चलते देहवसान हो गया था। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा उनकी धर्मपत्नी विमला देवी व परिवार को 5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था के चेयरमैन बिहारी लाल ठाकुर, प्रधान सेवानिवृत असिस्टेंट कमांडेंट जगदेव सिंह बंधु, महासचिव सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट श्रवण सिंह भारद्वाज, कार्यकारणी सदस्य सेवानिवृत सहायक अभियंता आरडी कमल, प्रकाश चंद, रणजीत सिंह तथा संस्था के अन्य सदस्यों ने उनकी दुखद मृत्यु पर शोक जताया।

### लंबित बकाया भी शीघ्र किया जाए जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फॉर्म इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक अध्यक्ष इंजीनियर एसके ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव एनआर वर्मा ने किया। वर्मा ने उपस्थित सदस्यों को विद्युत बोर्ड की ताजा गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने बोर्ड द्वारा 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों को बकाया राशि देने पर आभार जताया और अपेक्षा की कि जनवरी 2016 से लंबित अन्य पेंशनरों का बकाया भी शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाए। बैठक में यह भी मांग की गई कि कम्युटेड भुगतान भले ही रुका रहे, परन्तु अन्य देय राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। यूएस कटवाल ने सुझाव दिया कि विद्युत बोर्ड का अध्यक्ष एक टेक्नोक्रेट होना चाहिए, जिसे तकनीकी और प्रशासनिक दोनों ही अनुभव हों। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। बैठक में कुल 115 सदस्यों ने भाग लिया। अंत में निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक बरोट वैली में आयोजित की जाएगी, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

### विमान दुर्घटना पर जताया गहरा दुःख

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वीरवार को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर से जोगिंद्रनगर उपमंडल में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में हुई जनहानि पर जोगिंद्रनगर के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों ने गहरा दुःख प्रकट किया है। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर गुलाब सिंह, जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता गुरुशरण परमार, राकेश चौहान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। सभी ने मृतकों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इसके अतिरिक्त, जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल, जोगिंद्रनगर प्रैस क्लब व अन्य संस्थाओं ने भी सामूहिक रूप से गहरा शोक प्रकट करते हुए हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय संगठनों ने प्रशासन से भी अपील की है कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

# किसान सभा ने मांगों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर बोला हमला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हिमाचल** किसान सभा की मंडी जिला कमेटी की बैठक किसान सभा के जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए किसानों की कई प्रमुख मांगों को दोहराया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा के मंडी जिला अध्यक्ष कुशाल भारद्वाज ने की, जबकि इसमें रामजी दास, जोगिंद्र, महेंद्र राणा, परस राम, हम राज, जगमेल, सुरेंद्र सेन, प्रेम चौधरी, नंद लाल, रविंदर, किशन सिंह, मोहन सरवाल, नरेश, बलदेव व दीप चौधरी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

कुशाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा और प्रदेश की कांग्रेस सरकारें जनविरोधी नव उदारवादी नीतियों को लागू कर रही हैं, जिससे बेरोजगारी, महंगाई और भूखमरी बढ़ रही है।

### बेदखली पर रोक लगाने की उठाई मांग

**बैठक** में किसान सभा ने सरकार से बेदखली पर रोक लगाने, 5 बीघा तक भूमि को मुफ्त नियमित करने, मकानों का मालिकाना हक देने और टमाटर का समर्थन मूल्य घोषित करने जैसी कई मांगें उठाई। इसके साथ ही भूमि अधिग्रहण के मामलों में मुआवजा देने के लिए फैक्टर-2 लागू करने की मांग भी की गई। केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा बंद की गई किसानों की सब्सिडियां बहाल करने, रसोई गैस और बस किराए में हुई वृद्धि को वापस लेने, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों और स्टाफ की रिक्तियों को भरने, पेयजल संकट का समाधान करने और सड़कों की मरम्मत सहित कून का तर में ट्रैफिक ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग भी शामिल रही।

# जन-जन तक पहुंचे आयुर्वेद: प्रो. हरिंद्र चौधरी

## अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति ने की आयुर्वेद के नवोन्मेषी प्रचार की वकालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरिंद्र चौधरी ने अभिलाषी आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आयोजित एक विचार-विमर्श सत्र को संबोधित करते हुए आयुर्वेद को आम जनता तक पहुंचाने के लिए क्रांतिकारी प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल देने का संदेश दिया।

इस सत्र में अभिलाषी चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारियों, आयुर्वेदिक चिकित्सकों एवं सहायक स्टाफ ने भाग लिया। प्रो. चौधरी ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ऐतिहासिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा मानव व पशु रोगों के उपचार में इसके संपूर्ण व समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है आयुर्वेद को पुनः जनमानस से जोड़ने की और इसे आधुनिक जीवनशैली में सहज रूप से अपनाने की। कुलपति ने अभिलाषी आयुर्वेदिक चिकित्सालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अस्पताल परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से 'आयुर्वेद जन-जागरूकता शिविर' आयोजित करें, जिनमें सफल उपचार के उदाहरण साझा किए जाएं और लोगों को लाभकारी औषधीय पेयों का परिचय दिया जाए।


अभिलाषी आयुर्वेदिक चिकित्सालय में सत्र को संबोधित करने के दौरान छात्र व अन्य।

प्रो. चौधरी ने कहा कि जब आम जनता को सरल भाषा में और दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से आयुर्वेद से जोड़ा जाएगा, तभी इसका असली प्रभाव सामने आएगा। उन्होंने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों से अपील की कि वे 'आयुर्वेद के सशक्त दूत' बनें और इस प्राचीन ज्ञान को नई ऊर्जा के साथ देशभर में फैलाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल आयुर्वेद को भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली का एक मजबूत स्तंभ बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्बदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी और अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी के सचिव नरेंद्र कुमार ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और इस दिशा में आगामी योजनाओं को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## बगस्याड़ में पार्किंग व्यवस्था को लेकर जिला दंडाधिकारी ने जारी की अधिसूचना

# एचपी पेट्रोल पंप के पास चार टैक्सियां होंगी पार्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** अपूर्व देवगन ने बगस्याड़ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों को औपचारिक रूप से पार्किंग प्वाइंट्स के रूप में अधिसूचित कर दिया है। जिलादंडाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और बगस्याड़ क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

जिन स्थानों को अधिसूचित किया गया है, उनमें एचपी पेट्रोल पंप के समीप का क्षेत्र शामिल है जहां चार टैक्सियों के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। जीवानंद मीट शॉप से बोर्ड तक के मार्ग पर सात हल्के मोटर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पोल से सोलर लाइट तक के रास्ते में बीस दोपहिया वाहनों की पार्किंग की अनुमति दी गई है। एचपी ग्रामीण बैंक के सामने छह एलएमवी कारों के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। एकांत होम स्टे बोर्ड से लेकर गुंजन ठाकुर की दुकान तक के मार्ग में दस दोपहिया वाहन खड़े किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, एकांत होम स्टे से सोलर लाइट और बिजली के खंभे की ओर जाने वाले रास्ते में दस एलएमवी कारें पार्क की जा सकेंगी। प्रेम हार्डवेयर स्टोर से हैंडपंप तक की जगह में चार एलएमवी कारों के लिए स्थान चिन्हित किया गया है। हैंडपंप से ठाकुर भोजनालय तक के क्षेत्र में सात एलएमवी कारें खड़ी की जा सकती हैं। ठाकुर भोजनालय से पेट्रोल पंप तक के मार्ग पर दस दोपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा दी गई है। सहकारी बैंक से पंचायत भवन की बाईं दिशा में दस एलएमवी कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### स्टॉप पर 15 मिनट से अधिक समय तक न रुके बस

**प्रशासन** द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी बस निर्धारित बस स्टॉप क्षेत्र में पंद्रह मिनट से अधिक समय तक नहीं रुकेगी। यदि कोई बस इससे अधिक समय तक रुकती है तो उसे गांव की सीमा के बाहर पार्क किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारी मालवाहक वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग की प्रक्रिया को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। सभी दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है कि वे अपने माल की अनलोडिंग रात्रि आठ बजे से प्रातः छह बजे के मध्य ही करें, ताकि दिन के समय यातायात में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

# एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में 7 पद खाली, लोगों को होती परेशानी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**एसडीएम** कार्यालय सरकाघाट में विभिन्न श्रेणियों के 7 रिक्त पदों के चलते लोगों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आए दिन लोग दूर दराज से किराया खर्च कर और समय निकाल कर जब एसडीएम कार्यालय पहुंचते हैं, तो रिक्त पदों के चलते उनके काम लटकते रहते हैं। ऐसे में लोगों का धन और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। इसको लेकर क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति खासा रोष पनपा है।

लोगों ने कांग्रेस सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द से विभिन्न श्रेणियों के खाली पदों को भरा जाए। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विधानसभा रमेश चंद भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेज कर मांग की है कि वो एसडीओ (सिविल) कार्यालय में रिक्त पदों की तुरंत भरे। उनके द्वारा ली गई आरटीआई के जवाब के मुताबिक इस कार्यालय में 3 पद वरिष्ठ सहायक व 1 पद जेओए आईटी, दफ्तरी, चौकीदार तथा चालक के कुल 7 पद रिक्त चल रहे हैं। उन्होंने इन पदों पर दिव्यांगों, विधवाओं और गरीबों को प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों द्वारा लंबित मामलों तथा कामों की सूची तैयार रखने का भी आग्रह किया है, जिसे किसी दूसरे अधिकारी की नियुक्ति पर उसे तुरंत सौंपा जा सके।


सामाजिक कार्यकर्ता ने सौंपा ज्ञापन, कहा- तुरंत भरे जाएं पद

# प्रशासनिक कार्यों में ज्यादा पारदर्शिता लाने के बारे में किया जाएगा प्रशिक्षित

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा मंडी के पंडोह स्थित एक निजी होटल में दो दिवसीय संवर्धन एवं परिचयात्मक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के 30 आयुष संस्थानों से आए 115 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला का आयोजन मंत्रालय के निर्देशों पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यशाला का शुभारंभ केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक प्रो. वैद्य रविनारायण आचार्य और उपनिदेशक प्रशासन दीपक कोचर ने किया। प्रो. वैद्य रविनारायण और दीपक कोचर ने बताया कि कार्यशाला में प्रशासनिक कार्यों की देखरेख करने वाले अधिकारी व कर्मचारी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय कार्यशाला में इन्हें प्रशासनिक कार्यों में और ज्यादा पारदर्शिता लाने के बारे में प्रशिक्षित जाएगा। सरकार की ओर से समय-समय पर कई तरह के आदेश जारी किए जाते हैं इनका क्रियान्वयन प्रशासनिक कर्मचारियों व अधिकारियों का दायित्व होता है। इसलिए इन अधिकारियों और कर्मचारियों को उसके बारे में सही और संपूर्ण जानकारी होना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से इन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा जिसके बाद वे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी ला सकेंगे। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह की प्रभारी डा. विनीता कुमारी नेगी ने इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन का दायित्व उनके संस्थान को मिलने के लिए मंत्रालय का आभार जताया।


पंडोह में आयुष मंत्रालय की दो दिवसीय संवर्धन कार्यशाला शुरू

## नशे के खिलाफ पंचायत स्तर पर बनेंगी समितियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नशा मुक्ति अभियान समिति सजाओ एरिया कमेटी की बैठक डॉ. वीना राठौर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रणताज राणा, मुख्य सलाहकार भोलादत्त कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंसराज शर्मा उपाध्यक्ष रक्षा देवी महासचिव सतीश कुमार, सचिव हेमराज, कोषाध्यक्ष रत्तन चन्द, सोहन सिंह, सुरेंद्र कश्यप, चन्द्रकांत राणा,रणवीर चौहान, नरेश ठाकुर व साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति के भूपेंद्र सिंह इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया। इस क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति के जागरूकता शिविर आयोजित करने की योजना बनाई गई। जिसकी शुरुआत 15 जून को घरवासड़ा, 18 को सजाओपीपलु, 19 को लौंगनी और 20 को जोढन पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। एरिया कमेटी की अध्यक्षा सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य डॉ वीना राठौर को बनाया गया है और वे इन सभी शिविरों में भाग लेंगी। इसके अलावा ये भी तय किया गया कि अभियान में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल किया जाएगा और उसी उद्देश्य से जुलाई माह में उनके सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# एनएसआईसी मंडी में नि :शुल्क कौशल विकास कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भारत** सरकार के राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम प्रशिक्षण संस्थान, मंडी द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रायोजित हैं और इनका उद्देश्य मंडी जिले के बेरोजगार व जरूरतमंद युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

एनएसआईसी प्रशिक्षण केंद्र मंडी के मुख्य प्रबंधक लोकेश भाटिया ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कुल छह निःशुल्क प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिनकी अवधि लगभग 3 से 4 माह रहेगी। इन कोर्सों के माध्यम से कुल 140 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन कोर्सों में भाग लेने के लिए कोई भी इच्छुक अभ्यर्थी, जिसकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो, आवेदन कर सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### कोर्सों का विवरण

**प्रशिक्षण** कार्यक्रमों में कटिंग-टेलरिंग के लिए 40 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिसमें न्यूनतम योग्यता 9वीं पास है। सिलाई मशीन ऑपरेटर कोर्स में भी 9वीं पास युवाओं के लिए 20 सीटें उपलब्ध हैं। ऑफिस एग्जीक्यूटिव के लिए 12वीं पास युवाओं को 20 सीटों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि डाटा एंट्री व ऑफिस सहायक कोर्स में 10वीं पास युवाओं के लिए 20 सीटें हैं। डिजिटल अकाउंटिंग और एआई असिस्टेंट कोर्स में क्रमशः 12वीं व 10वीं पास युवाओं के लिए 20-20 सीटें रखी गई हैं।

# वल्लभ महाविद्यालय मंडी को मिला उन्नत भारत अभियान का दायित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**ग्रामीण** विकास की दिशा में वल्लभ महाविद्यालय मंडी को उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है, जो भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी विकास एवं जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को सक्रिय भागीदार बनाना है। इस परियोजना के तहत महाविद्यालय ने जिला मंडी की पांच ग्राम पंचायतों नसलोह, लरवाहण, सदयाणा, बग्गी और ठनौत को गोद लिया है। इन गांवों के समग्र विकास के लिए महाविद्यालय की एक समर्पित पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिसमें मुख्य अनुसंधानकर्ता एवं बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ. तारा देवी सेन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपाली अशोक, डॉ. सूरज मणि, गणित प्रवक्ता अनिता, पर्यटन विभाग से डॉ. अरविंद कुमार एवं पर्यावरण विज्ञान से प्रवक्ता मनोज कुमार शामिल हैं।

### 5 प्रमुख विषयों पर गांवों में करेंगे कार्य

**वल्लभ** महाविद्यालय और छात्र पांच प्रमुख विषयों पर गांवों में कार्य करेंगे। जैविक खेती और ग्रामीण उद्यमिता, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता, शिक्षा और डिजिटल साक्षरता, स्थायी जीवनशैली और पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय संसाधनों से रोजगार सृजन शामिल है। महाविद्यालय की टीम और छात्र इन विषयों पर मिलकर कार्य करते हुए ग्रामीण समुदाय के साथ जुड़ेंगे और सकारात्मक बदलाव की दिशा में योगदान देंगे।

**अनदेखी** बीमार लोगों को उठाकर एक किमी तक पगडंडी से मसेरन सड़क तक लाने को मजबूर

# अब भी सड़क सुविधा से वंचित ठाठी गांव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** में चाहे कांग्रेस रही हो या भाजपा, दोनों ही पार्टियां हर गांव तक सड़क पहुंचाने का दावा करती रही हैं। लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत मसेरन के अनुसूचित जाति बहुल ठाठी गांव के दो दर्जन परिवार आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। यहां के ग्रामीणों की मजबूरी इस कदर है कि बीमार लोगों को पीठ पर या पालकी में उठाकर एक किलोमीटर खड़ी चढ़ाई और संकरी पगडंडी से होकर मुख्य सड़क मसेरन तक लाना पड़ता है। शुक्रवार सुबह गांव की 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला कमला देवी अचानक बीमार हो गईं। गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों ने उन्हें पालकी में उठाकर खतरनाक रास्ते से मुख्य सड़क तक पहुंचाया और वहां से पपरोला अस्पताल ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 30 वर्षों से प्रधान, विभागीय अधिकारियों और विधायकों से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उन्हें हर बार केवल आश्वासन ही मिले हैं। सड़क के अभाव में गांव में अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों की समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से मौत हो चुकी है।


मरीज को उठाकर अस्पताल ले जा रहे लोग।

गृह निर्माण सामग्री हो या आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं, बिना सड़क के सब कुछ मुश्किल हो गया है। पूर्व वार्ड सदस्य सिमरो देवी, ओम चंद, सुरेश कुमार, अमर सिंह, विजय कुमार, ज्ञान चंद सहित अन्य ग्रामीणों ने मसेरन से ठाठी गांव तक जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। सरकार को चाहिए कि स्लोगन से आगे बढ़कर जमीनी हकीकत पर काम करे।

# न्यूज ब्रीफ

## विधायक सोलंकी ने चिंतपूर्णी दरबार में लगाई हाजिरी



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** नाहन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अजय सोलंकी ने शुक्रवार को परिवार सहित मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी और माता के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने चिंतपूर्णी मंदिर के लंगर हॉल का निरीक्षण भी किया और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने माता चिंतपूर्णी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने माता की कृपा और आशीर्वाद से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## किसान की चोरी हुई भैंस पर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने एसपी ऊना से डुहल बंगालवा के किसान रतन चंद की भैंस के चोरी होने के मामले में संज्ञान लेने का निवेदन किया है। यह भैंस कुछ महीने पहले चोरी हुई थी, जिस पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। विनोद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा पुलिस को इस मामले में आदेश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने एसपी ऊना से आग्रह किया है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और किसान की भैंस को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि किसान रतन चंद की भैंस का चोरी होना एक गंभीर मामला है और इसकी जांच करवाई जानी चाहिए। उन्होंने एसपी ऊना से मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और किसान को न्याय दिलाया जाए।

## ऊना जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ऊना जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अब जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे। यह संशोधित समयसारिणी तत्काल प्रभाव से लागू होगी और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि यह निर्णय विशेष रूप से गर्मी के बढ़ते प्रकोप और मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि छोटे बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

## कल का नहीं कोई भी भरोसा : समाजसेवी अनुज



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** कभी बेमौसमी बरसात और आसमान से पत्थर की तरह ओलावृष्टि मनुष्य के लिए चेतावनी है। आसमान में हरकत है और पलक झपकते बड़ा हवाई हादसा भी बहुत कुछ बयान करता है। बढ़ूही के प्रसिद्ध समाजसेवी अनुज चोपड़ा ने समाज को एक गहरा और विचारणीय संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 'जीवन बेहद अनिश्चित है। कभी भी कुछ भी हो सकता है। हम छुट्टियों पर जाते हैं और आतंकवादी हमला कर देते हैं, जश्न मनाते हैं और भगदड़ मच जाती है, फ्लाइट में बैठते हैं और वह क्रैश हो जाती है।' उन्होंने आगे कहा कि 'एक ही पल में खुशी तबाही में बदल सकती है। हम सोचते हैं कि हम जीवन पर नियंत्रण रखते हैं, लेकिन हकीकत में यह नियंत्रण महज एक भ्रम है।' उन्होंने कहा कि हम लोग समाज में देखते हैं कि छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं। लोग छोटी-छोटी बातों को दिल में रखते हैं, जिससे एक-दूसरे के खिलाफ नफरत का भाव उत्पन्न होता है। इसलिए उन्होंने समाज को संदेश दिया कि हमेशा सच बोलें, सबसे प्रेम करें और जल्दी माफ करने की भावना रखें और पूरी तरह से जिएं, क्योंकि 'कल का कोई भरोसा नहीं' है।

## संस्था के सदस्यों ने जांबाज का कुशलक्षेम जाना



**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री राम फाउंडेशन हरोली के सदस्यों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में अपनी वीरता व अदम्य साहस का लोहा मनवाने वाले व्यास देव का कुशलक्षेम जाना व उनकी वीरता के लिए उनको सम्मानित किया। व्यास देव ने श्री राम फाउंडेशन हरोली के सदस्यों को बताया की किस तरह पाकिस्तान ने हमला किया और कैसे भारत माता के सपूतों ने पाकिस्तान को नाकों चने चबा दिए। श्री राम फाउंडेशन से सतीश ठाकुर ने बताया कि व्यास देव ने पाकिस्तानी हमले में अपनी एक टांग खोई। उनका जज्बा आज भी बहुत मजबूत है। उन्होंने व्यास देवके जज्बे को सैल्यूट भी किया व उनके लिए मंगलकामना भी की।

## टक्का में दहाजा कार्यक्रम किया आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के निकट टक्का गांव के वार्ड नंबर एक में बाबा सिद्धचाणों मंदिर में दहाजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवादारों ने बताया कि पवन कुमार एंड पार्टी लाठियाणी वालों ने बाबा जी का गुणगान किया। इस अवसर पर झांकियों का भी आयोजन किया गया और भंडारे का प्रसाद भी बरताया गया।

## भरवाई चौक में वाटर कूलर लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंदिर न्यास माता श्री चिंतपूर्णी द्वारा भरवाई चौक में निर्मित वर्षाशालिका के पास वाटर कूलर लगाने की मांग उठाई जा रही है। वर्तमान में वहां पर एक पानी की लोहे की टंकी स्थापित है, जिससे पानी का रिसाव होता रहता है और राहगीरों को गर्म पानी मिलता है। हाल ही में अपने दौरे के दौरान राज्यपाल महोदय ने भरवाई से लेकर चिंतपूर्णी तक वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए थे। इस आदेश का पालन करते हुए मंदिर न्यास को वर्षाशालिका के पास वाटर कूलर लगाना चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाटर कूलर लगाने से श्रद्धालुओं और राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी, खासकर गर्मियों के मौसम में। उन्होंने मंदिर न्यास से मांग की है कि जल्द से जल्द वाटर कूलर लगाया जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके।

## गुरु रविदास के भक्तों ने लगाई छबील



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संतोषगढ़ टाहलीवाल मार्ग पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास गुरु रविदास अनुयायियों सनोली के युवाओं द्वारा बढ़ रही गर्मी में राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाकर सूखे गले को तर किया। ठंडे पानी की छबील के साथ चने का प्रसाद भी आते-जाते राहगीरों के लिए वितरित किया, जिससे उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिली। इस अवसर पर हरबंस लाल, संत राम, सीता राम, हरीश भटिया, जिंदर, लक्की भटिया, चंदन, सौरव, जरनैल, योगेश, विशाल, गौरू राहुल, शिव, आदी, नितिन, वंशु सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## संतोषगढ़ में युवाओं ने दिखाया सेवा भाव



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भीषण गर्मी के चलते अंबेडकर चौक संतोषगढ़ में युवाओं ने जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए ठंडे पानी की छबील लगाई। राहगीरों व वाहन चालकों के लिए यह छबील राहत का जरिया बनी रही। युवाओं ने बताया कि गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और युवाओं के इस योगदान को प्रेरणादायक बताया। युवाओं ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर पंकज, अमन, नवीन, रवि, आशु, बंटू, राजन, शिवु, करण, रामदेव, इंद्रजीत, सनी, महादेव, हरमन, धीरज, दमन, मणि, गगन, हरमन, वीरू अन्य युवाओं ने सेवा की।

## थानाकलां व मैहतपुर विद्युत मंडलों के आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा भुगत रहे रामगढ़ धार वासी

# लो वोल्टेज से गहराया जल संकट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र की रामगढ़ धार पंचायत में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या ने अब जल संकट का गंभीर रूप धारण कर लिया है। थानाकलां जलशक्ति मंडल के सहायक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि सतलुज से पानी उठाने के लिए लगाए गए मोटर पंप को सुचारु रूप से चलाने के लिए 415 वोल्ट की आवश्यकता होती है, जबकि मौजूदा समय में केवल 362 वोल्ट ही उपलब्ध हो पाते हैं। इससे मोटर पंप पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे और परिणामस्वरूप पानी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।



सहायक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि पानी की सप्लाई की व्यवस्था सतलुज नदी से की गई है। ज्ञात रहे रामगढ़ धार की यह समस्या सिर्फ तकनीकी ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक उपेक्षा का उदाहरण भी बनती जा रही है। यहां की पानी की लाइनें थानाकलां और मैहतपुर विद्युत मंडल के अंतर्गत आती हैं। दोनों ही विद्युत मंडलों की आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा गांव वालों को भुगतना पड़ रहा है। दोनों ही मंडल समस्या का हल करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। कम वोल्टेज की यह गंभीर समस्या कोई नई नहीं है।

हाल ही में घरवासड़ा में आयोजित 'प्रशासन जनता के द्वार' कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने भी समस्या को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। स्थानीय जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने कई बार जिला परिषद की बैठकों में रामगढ़ धार की इस समस्या को उठाया है। उन्होंने प्रशासन और विद्युत विभाग से वोल्टेज सुधारने की मांग की, लेकिन उनकी आवाज़ को अनसुना कर दिया गया। कृष्ण पाल शर्मा का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्र के सैकड़ों परिवार जल संकट की चपेट में आ सकते हैं। रामगढ़ धार की चार पंचायतों में रहने वाले सैकड़ों परिवार इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गांव की महिलाओं को खासतौर पर पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। दिन भर इंतजार के बाद भी नल सूखे ही रहते हैं, जिससे उन्हें दूर जाकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है।

कुटलैहड़ में एक ओर जहां भीषण गर्मी में बिजली की समस्या आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, वहीं पानी की कमी ने स्थितियों को और विकराल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार 'हर घर जल%' योजना की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गांवों में पानी की एक-एक बूंद को लोग तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि रामगढ़ धार के लिए अलग से विद्युत फीडर स्थापित किया जाए ताकि वोल्टेज की समस्या स्थायी रूप से हल हो। बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर निरीक्षण करें और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए। दोनों विद्युत मंडलों के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर समस्या का तकनीकी समाधान निकाला जाए। स्थानीय जनता का कहना है। कि हमने हरसंभव माध्यम से अपनी आवाज उठाई, लेकिन किसी ने अब तक कोई ठोस कदम उठाया है। हमारी बात सिर्फ कागजों में रह गई है।

### समस्या का जल्द होगा समाधान : विधायक विवेक

कुटलैहड़ क्षेत्र की वर्षों पुरानी कम वोल्टेज की समस्या अब जल्द ही समाप्त होने की उम्मीद है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस विषय को गंभीरता से लिया गया है और विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला हमारे ध्यान में है और जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने पूर्ववर्ती जयराम सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र को उस समय पांच विभागों का कैबिनेट मंत्रालय मिला था, लेकिन तब भी इस गंभीर समस्या का समाधान क्यों नहीं किया गया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार जनहित में कार्य कर रही है और क्षेत्र की आधारभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रामगढ़ धार की बिजली आपूर्ति को स्थायी रूप से बेहतर बनाने के लिए कार्य जल्द शुरू होगा और क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिलेगी।

# अंबोटा में बड़ी कार्रवाई : अवैध लकड़ी से भरी 10 गाड़ियां पकड़ी

**अनंत ज्ञान टीम, गगरेट/बढ़ूही**



वन विभाग ने पकड़ी अवैध लकड़ी से भरी गाड़ी।

वन विभाग अंब की टीम ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गगरेट के अंबोटा एक्सप्रेस रूट पर अवैध रूप से लकड़ी से भरी 10 गाड़ियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इन गाड़ियों में सरींह, आम, सफेद व सिंबल की कीमती लकड़ी लादी गई थी, जिसे चोरी-छिपे होशियारपुर की ओर ले जाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, वन रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर के नेतृत्व में फॉरेस्ट गार्ड बलदेव, विक्रांत, पंकज, अंकज, दिनेश कुमार, पंकज कुमार और फॉरेस्ट वर्कर गुरदयाल सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अंबोटा क्षेत्र में रात करीब 10.30 बजे नाका लगाया। इसी दौरान दो गाड़ियों को मौके पर ही दबोच लिया गया। जैसे ही अन्य गाड़ियों के चालकों को इसका पता चला, उन्होंने अपनी गाड़ियों को जंगल में छिपा दिया, लेकिन टीम ने हिम्मत नहीं हारी।

रेंज ऑफिसर राहुल ठाकुर ने तुरंत अपनी टीम को छोटी-छोटी टोलियों में बांटकर जंगल में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। करीब रात 2 बजे तक चलाए गए इस ऑपरेशन में बाकी की आठ गाड़ियों को भी पकड़ लिया गया। राहुल ठाकुर ने बताया कि सभी 10 गाड़ियों को जब्त कर लिया गया है और छानबीन के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि ये गाड़ियां देहरा, हमीरपुर और धर्मशाला की ओर से आई थीं और इनका उद्देश्य लकड़ी को होशियारपुर पहुंचाना था। गौरतलब है कि हाल ही में वन विभाग की सक्रियता से वन माफियाओं पर लगाम कसने में कई अहम सफलताएं मिली हैं। विभाग की यह कार्रवाई न केवल तस्करों के हौसले पस्त करने वाली है, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम भी है।

## बढ़ूही बाजार में तूफान से गिरा पेड़ मची अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** शुक्रवार को बढ़ूही क्षेत्र में आए तेज तूफान और बारिश ने लोगों को जहां भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं बाजार क्षेत्र में पेड़ गिरने की घटनाओं से हड़कंप मच गया। तेज हवाओं और बारिश के चलते एक बड़ा पेड़ अचानक बाजार के बीचोंबीच गिर गया, जिसकी चपेट में एक कार भी आ गई।

हालांकि गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। कार को मामूली नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने मिलकर कड़ी मशक्कत से पेड़ को सड़क के किनारे हटाया, जिससे आवागमन बहाल हो सका। लोगों ने बताया कि अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बाजार क्षेत्र में कई पेड़ों की डालियां भी टूटकर सड़क पर आ गिरीं। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि बाजार क्षेत्र में कमजोर व पुराने पेड़ों की समय रहते छंटाई की जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## गर्मियों में एसी को 26 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखें : बिजली बोर्ड

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बढ़ती गर्मी के कारण इंजीनियर उदित सिंह सहायक अभियंता बिजली बोर्ड सब डिवीजन बंगाणा, बिजली बोर्ड के उपभोक्ताओं से आग्रह करता हूं कि बिजली उपभोक्ता बिजली उपयोग न होने पर अपने उपकरणों को बंद रखें तथा एसी का तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रखें। अगर थोड़ी एहतियात बरती जाए तो बिजली का बिल भी कम आएगा और साथ में एसी भी ठीक रहेगा।

गर्मियों के सीजन में जब एसी का टेंप्रेचर 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच चलता है तो उस तापमान को बनाए रखने में एसी पूरा दिन चला रहता है। इससे बिजली की ज्यादा खपत होती है, वहीं बिजली का बिल भी ज्यादा आता है। इससे एसी के जलने का भी खतरा बना रहता है।

**उपयोग नहीं होने पर बंद रखें बिजली के उपकरण**

कोई भी व्यक्ति गर्मियों के सीजन में 26 डिग्री सेल्सियस में अच्छा महसूस करता है। गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। बिजली उपयोग न होने के दौरान विद्युत उपकरणों को बंद रखें। यदि एसी को 26 डिग्री सेल्सियस तक चलाएंगे तो इससे उपभोक्ताओं को काफी लाभ होगा। इससे बिजली की खपत कम होगी और एसी भी खराब नहीं होगा।

## सोनालिका इंडस्ट्री ने जिला प्रशासन को भेंट किया ट्रैक्टर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** सोनालिका ट्रैक्टर इंडस्ट्री होशियारपुर ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शुक्रवार को जिला प्रशासन ऊना को एक डीआई-47 मॉडल ट्रैक्टर भेंट किया। इस ट्रैक्टर की अनुमानित कीमत 7.50 लाख रुपए है। कंपनी के एचआर मैनेजर जितेंद्र सिंह ने उपायुक्त ऊना जतिन लाल को यह ट्रैक्टर उपायुक्त कार्यालय परिसर में औपचारिक रूप से सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं सीपीओ संजय सांख्यान तथा कृषि अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट के कृषि विज्ञानी सौरभ शर्मा भी उपस्थित रहे। उपायुक्त जतिन लाल ने कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ट्रैक्टर कृषि अनुसंधान उपकेंद्र अकरोट के विभिन्न गतिविधियों में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, खनन निरीक्षण जैसे प्रशासनिक कार्यों में भी यह वाहन पुलिस विभाग के लिए उपयोगी होगा।

## स्फूर्ति कार्यक्रम के तहत कार्यशाला में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों के तहत शुक्रवार को ऊना में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के बैठक कक्ष में स्फूर्ति योजना पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में 60 से अधिक पारंपरिक कारीगरों सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान व स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ऊना के परियोजना अधिकारी के.एल. वर्मा, स्वां महिला फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आरके डोगरा, जाग्रति फाउंडेशन के अजय कुमार व स्नेहलता, कार्यक्रम आयोजक शौर्य, जिला उद्योग केंद्र ऊना से रिसोर्स पर्सन अक्षय सिंह और प्रबंधक अखिल का विशेष योगदान रहा।

कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर विवेक ने स्फूर्ति योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। यह योजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज (नैबकॉन्स) के सहयोग से संचालित की जा रही है।

इसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों व ग्रामीण उद्योगों को समूहों के रूप में संगठित कर उन्हें तकनीकी सहायता, डिजाइन नवाचार, विपणन, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और बाजार तक पहुंच प्रदान करना है, जिससे उनकी आय बढ़ाई जा सके और वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिक सकें।

## पीडब्ल्यूडी ने टूटे चेंबर के ढक्कन पर लगाया लोहे का जाल



टूटे चेंबर की लोक निर्माण विभाग मरम्मत करवाता हुआ।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** पीडब्ल्यूडी भरवाई द्वारा रेही में अंधे मोड़ पर नाली के चेंबर के ढक्कन के टूटने के बाद लोहे का नया जाला लगाने के मामले में दिखाई गई तत्परता की प्रशंसा हो रही है। यह स्थान एक्सीडेंट प्वाइंट है, जहां पर कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों महेंद्र पाल, सचिन शर्मा, अनूप कुमार आदि ने प्रशासन द्वारा दिखाई गई इस तत्परता की सराहना की है और अधिकारियों का धन्यवाद किया है। लोगों ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग की इस पहल से क्षेत्र की सुरक्षा में सुधार होगा और दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

**अधिकारियों को मिली प्रशंसा :** पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मिली इस प्रशंसा से स्पष्ट है कि उनकी मेहनत और तत्परता से क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। विभाग की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार होगा।

## पानी की समस्या से जूझ रही कुटलैहड़ की जनता

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ऊना जिले के पिपलू गांव में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले को राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से योजनाबद्ध ढंग से विफल किया गया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़ा यह मेला वर्षों से नरसिंह नारायण मंदिर पिपलू की परिक्रमा और भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होता रहा है, लेकिन इस बार उसे नजरअंदाज कर दिया गया।

वीरेंद्र कंवर ने आरोप लगाया कि सरकार ने क्षेत्रीय परंपराओं और धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है। इस मौके पर भाजपा नेता चरणजीत शर्मा, वीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, किसान नेता राकेश शर्मा मौजूद रहे।

**सीएम के दौरे से नहीं मिला कोई लाभ :** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यमंत्री सुक्खू के कुटलैहड़ दौरे पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता को उनसे विकास की अनेक अपेक्षाएं थीं, लेकिन वह अधूरी रह गईं। उन्होंने कहा कि सीएम के प्रवास के बावजूद कुटलैहड़ के लिए न तो किसी बड़ी परियोजना की घोषणा हुई, न ही बंद पड़े विभागीय कार्यालयों को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया। कंवर ने कहा कि बीते अढ़ाई वर्षों में मुख्यमंत्री का कुटलैहड़ के यह पहला प्रवास था।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और उनके समर्थक।

**दोनों कांग्रेस विधायकों पर लगाए आरोप :** पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने दोनों कांग्रेस विधायकों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक विधायक ने 14 महीने और दूसरे ने एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, लेकिन कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए एक रुपए का भी विकास कार्य नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता गहरे आक्रोश में है। पूर्व मंत्री ने सबसे गंभीर मुद्दे के रूप में पानी की समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में पेयजल की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि कई लोग आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता है। वीरेंद्र कंवर ने चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के भीतर पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भाजपा जनता के साथ मिलकर जलशक्ति विभाग के खिलाफ शुरू करेगी। इस संबंध में जिलाधीश ऊना से लेकर जलशक्ति मंत्री तक को शिकायतें भेजी जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही वह इस समय विपक्ष में हैं, लेकिन वह जनता की समस्याओं को लेकर किसी भी स्तर पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे।

## मरम्मत के चलते कुछ सड़कें हुई बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि उपमंडल अंब और गगरेट में कुछ प्रमुख सड़कों पर आवश्यक निर्माण कार्यों के चलते निर्धारित अवधि तक जनहित में यातायात पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि चुरुड़-लोहारली सड़क पर यातायात 14 जून से 11 जुलाई तक पूर्णत: बंद रहेगा। इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को नंदपुर से कुठेरा जसवाला तथा कुठारी से टटेहरा के वैकल्पिक मार्गों से आवागमन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इसी प्रकार, गगरेट-ईसपुर-ऊना मार्ग पर 16 जून से 18 जून तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि यह निर्णय गगरेट कस्बे में सीवरेज उपचार संयंत्र को मुख्य सीवरेज लाइन से जोड़ने के लिए लिए गए कार्यों के चलते लिया गया है। उक्त अवधि के दौरान गगरेट-ईसपुर-ऊना मार्ग पर यात्रा करने वाले वाहन शिवाबाड़ी से कलोह बाईपास सड़क के वैकल्पिक मार्ग से गुजर सकेंगे।

**लाभ** जिला प्रशासन की मानकों में ढील से अधिक छात्राएं होंगी लाभान्वित

# बेटियों को नया संबल दे रहा सामर्थ्य कार्यक्रम

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** जिला प्रशासन ऊना द्वारा संचालित सामर्थ्य कार्यक्रम गरीब और जरूरतमंद बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल की नवाचारी सोच से प्रारंभ इस जनहितकारी कार्यक्रम में हाल ही में दो अहम संशोधन किए गए हैं, जिनके माध्यम से योजना को और अधिक समावेशी व व्यावहारिक बनाया गया है।



**अब और अधिक बेटियां बनेंगी पात्र :** जिला प्रशासन ने अब इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र परिवारों की वार्षिक आय सीमा 60 हजार से बढ़ाकर 80 हजार कर दी है। साथ ही, दिव्यांगता की पात्रता को लेकर भी संशोधन किया गया है। पहले जहां छात्रा के पिता के 60 प्रतिशत या अधिक दिव्यांग होने पर सहायता प्राप्त की जा सकती थी, अब यह सीमा घटाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है, बशर्ते दिव्यांगता प्रमाण-पत्र कम से कम एक वर्ष पुराना हो। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि सामर्थ्य कार्यक्रम को और अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पात्रता मापदंडों में यह संशोधन किया गया है, ताकि कोई भी बेटी सिर्फ आर्थिक कठिनाई के कारण अपने सपनों से वंचित न रह जाए।

**क्या है सामर्थ्य कार्यक्रम :** 'सामर्थ्य' उपायुक्त ऊना जतिन लाल की परिकल्पना से जन्मा एक नवाचारी कार्यक्रम है, जिसे प्रशासन द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद छात्राओं और महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में समर्थन देना है।

### ये हैं प्रमुख सुविधाएं और सहायता

**सामर्थ्य** कार्यक्रम के अंतर्गत ऊना जिले की उन छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिनके पिता जीवित नहीं हैं या जो शारीरिक रूप से अक्षम (पूर्व में 60 प्रतिशत, अब 40 प्रतिशत) हैं। पात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मेडिकल शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 25 हजार से लेकर 2 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। इसमें 12वीं के बाद किसी भी डिग्री, डिप्लोमा या अन्य कोई व्यवसायिक कोर्स के लिए आर्थिक मदद के अलावा यूपीएससी, नीट, आमी जैसी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए भी वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है।

इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से महिलाओं के लिए सिलाई, डिजिटल लिटरेसी, स्वयं सहायता समूह, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने का भी प्रावधान किया गया है। वहीं, समाज जागरूक करने के मकसद से स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान और नशा मुक्ति अभियान भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं।

**अब तक 26 बेटियों को मिला लाभ :** जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के सचिव एवं सीपीओ संजय सांख्यान ने बताया कि अब तक सामर्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की 26 छात्राओं को उच्च शिक्षा, कोचिंग इत्यादि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। संशोधित पात्रता मानकों के बाद यह संख्या आगामी महीनों में और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

**कहां करें आवेदन :** सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत मदद के लिए उपायुक्त कार्यालय के कक्ष संख्या 413 में संपर्क कर आवेदन किया जा सकता है।

# अंब की संजना हिमाचल विवि की मेरिट सूची में शामिल



संजना को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब की छात्रा संजना देवी ने 9.18 सीजीपीए प्राप्त करके विज्ञान स्नातक (नॉन मेडिकल) तृतीय वर्ष की परीक्षा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पांचवां स्थान हासिल करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। संजना की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय और अंब क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने छात्रा संजना का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। महाविद्यालय की छात्रा की इस बड़ी उपलब्धि पर प्राचार्य ने संजना को नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर भी सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय परिवार को आज अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आपने विश्वविद्यालय परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, शिक्षकों और कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी आप प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।

प्राचार्य ने महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय पीटीए अध्यक्ष रविंद्र बंसल, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. कौशल कुमार चौहान, प्रो. सुखदेव, डॉ. अरुण कुमार, प्रो. अमित कुमार सहित अन्य शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान भारत सरकार द्वारा 14 दिनों तक जिले की विभिन्न जगहों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इसमें केंद्र सरकार द्वारा कृषि, बागवानी और पशु पालन विभागों में दिए जाने वाले अनुदान का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही कृषि, बागवानी में उपयोग में लाए जाने वाले सभी उपकरणों पर केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस शिविर का समापन शुक्रवार को कोकसर में हुआ। इस मौके पर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने भी शिरकत की।

### शवाड़ फीडर में रविवार को बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, आनी।** रविवार को 22 केवी के नगान-शवाड़ फीडर के उचित रख रखाव और मरम्मत के चलते शवाड़, विनन, विशलाधार, कोठी, करशाला, पोखरी, वालू वल्हेड, चखाना आदि क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता एमआर कश्यप ने बताया कि उपरोक्त क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की।

### बाराहार सड़क की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की महाराजा कोठी की बाराहार पंचायत को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत का कार्य अब शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वहीं, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग रखी है कि अब पधर से लारी सड़क की मरम्मत भी की जाए, ताकि कुल्लू आने वाले स्कूल के छात्रों व अन्य लोगों को सुविधा मिल सके। बाराहार पंचायत के प्रधान परस राम ने बताया कि साल 2023 में हुई भारी बारिश के चलते बाराहार सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में उन्होंने बीते दिनों ही ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला प्रशासन के साथ मुलाकात की थी और डीसी कुल्लू ने भी उन्हें सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिया था, अब सड़क के मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है, जिससे निगम की बस भी अब काफी आगे तक आ रही है। प्रधान परस राम ने बताया कि अब जिला प्रशासन से मांग है कि पधर से लारी सड़क जो की 5 किलोमीटर है। उसकी भी मरम्मत की जाए।

### बाल श्रम से जुड़े मामलों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में बाल और किशोर श्रम पर चर्चा करने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने की। बैठक में बाल श्रम से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई और बाल श्रम की रोकथाम के लिए योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में बाल श्रम की पहचान और रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने पर चर्चा की गई। बाल श्रम की रोकथाम के लिए बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम-2005 की धारा 13, 14 और 15 के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई। बाल श्रम से मुक्त किए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए आवासीय विद्यालय में नामांकन और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की योजना पर चर्चा हुई। बाल श्रम करने वाले नियोजकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। श्रम विभाग को बाल श्रम से संबंधित मामलों की जांच और कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में डीएसपी राजेश ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

### आनी कॉलेज में प्रवेश के लिए 19 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में सत्र 2025-26 के लिए बीए, बीकॉम और बीएससी कोर्सों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जून से शुरू हो चुके हैं और इसकी अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है। बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम वर्ष की पहली मेरिट सूची 20 जून को जारी की जाएगी, जिसके तहत चयनित विद्यार्थियों को 21 से 23 जून तक फीस जमा करनी होगी। दूसरी मेरिट सूची 24 जून को निकलेगी और उसमें चयनित अभ्यर्थी 25 से 27 जून तक फीस ऑनलाइन जमा करा सकेंगे। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को रोल ऑन आधार पर प्रवेश मिलेगा, जिनकी फीस जमा करने की तिथि 12 से 23 जून तक तय की गई है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के प्रत्येक विषय के लिए दो-दो पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे निर्धारित समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें। सभी संकायों की नियमित कक्षाएं 1 जुलाई से आरंभ होंगी।

### जिले के 50 स्कूल प्रमुखों को दी जानकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में 5 दिनों तक स्कूल लीडरशिप कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित की गई थी और इस कार्यशाला में जिला कुल्लू के विभिन्न स्कूलों से 50 स्कूल प्रमुखों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्कूलों में लीडरशिप को बढ़ाना और अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जागरूक करनारहा। समग्र शिक्षा अभियान के संयोजक श्यामलाल हांडा ने बताया कि इस कार्यशाला में आईआईएम सिरमौर से प्रशिक्षण लेकर लौटे स्रोत व्यक्तियों के द्वारा स्कूल के सभी प्रमुख को जानकारी दी गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि किस तरह से सरकारी स्कूलों में अन्य गतिविधियों को बढ़ाया जाए और छात्रों के बीच भी नेतृत्व की क्षमता को विकसित किया जा सके, ताकि सरकारी स्कूलों में भी शिक्षा के स्तर को ऊंचा बनाया जा सके। श्याम लाल हांडा ने बताया कि 5 दिनों तक इस कार्यशाला में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया और विभिन्न तरह की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। आने वाले समय में फिर से इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा और अन्य स्कूलों के प्रमुखों को भी इस में शामिल किया जाएगा।

# इंद्रदेव हुए मेहरबान, सुहावना हुआ मौसम

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू/केलांग।** आखिर लंबे अरसे के बाद इंद्रदेव मेहरबान हुए हैं और कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में बारिश का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार शाम से मौसम के बदले मिजाज से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

बारिश की हल्की बूंदाबादी के बाद मौसम सुहावना हो गया है और हल्की हवाओं का दौर भी शुरू हो गया है, जिससे मौसम कूल-कूल हो गया है। चढ़ते तापमान के बावजूद बर्फ के फाहों और बारिश ने ठंडक बढ़ा दी है। मौसम के करवट लेते ही चोटियों पर बर्फबारी भी हुई है, जिससे ठंडक बढ़ गई है। मौसम के बदले हुए स्वरूप के कारण रोहतांग, शिंकुला, कुंजम और बारालाचा दर्रे में हल्का हिमपात हुआ है। दूसरी ओर लाहौल व मनाली घाटी में बारिश होने से मौसम कूल-कूल हो गया है। मैदानी क्षेत्रों से ठंडक की तलाश में मनाली पहुंचे पर्यटकों के लिए मौसम पसंदीदा हो गया है। शुक्रवार को सुबह के समय धूप खिली। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच रोहतांग, कोकसर, अटल टनल, शिंकुला व बारालाचा का रुख किया। दिन भर बर्फ में अठखेलियां करने के बाद पर्यटक मनाली लौट आए। मनाली में शाम को उनका स्वागत बारिश की बूंदों से हुआ। पर्यटकों ने बारिश में भीगने का भी आनंद लिया। शाम चार बजे मनाली में हल्की बुंदबांदी शुरू हो गई, जो साढ़े पांच बजे तेज रफ्तार में बदल गई।



मनाली के मालरोड में बारिश के बीच चहलकदमी करते हुए पर्यटक।

### कुल्लू-मनाली व लाहौल की ठंडी फिजाओं में पहुंच रहे पर्यटक

**गर्मी** से राहत पाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से सैलानी कुल्लू-मनाली व लाहुल की ठंडी फिजाओं में पहुंच रहे हैं। घाटी में रोज 20 से 25 हजार से अधिक सैलानी आ रहे हैं। वीकेंड के साथ पूरे सप्ताहभर में कुल्लू व लाहौल-स्पीति में रौनक देखने को मिल रही है। इससे कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। पर्यटन विकास निगम के होटल भी पैक हैं। ऑनलाइन एडवांस बुकिंग भी जोर पकड़ रही है। वहीं, शुक्रवार को बारिश होने से अब पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### एसडीएम मनाली ने नदी किनारे से हटाए पर्यटक

**कड़ी** धूप में पर्यटक ठंडक पाने के लिए नदी का रुख कर रहे हैं। नदी किनारे जाना पर्यटकों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। मनाली में वशिष्ठ चौक, बाहंग, रांगड़ी, ग्रीन टैक्स बैरियर, क्लाथ, 15 मील व पतलीकूहल क्षेत्र में पर्यटक नदी किनारे जा रहे हैं। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने मनाली से पतलीकूहल तक का दौरा किया और नदी किनारे अठखेलियां कर रहे पर्यटकों को वहां से हटाया। उन्होंने पर्यटकों को खतरे से भी अवगत करवाया और नदी किनारे न जाने का आग्रह किया। एसडीएम ने स्थनीय पर्यटन कारोबारियों व लोगों से आग्रह किया कि वह पर्यटकों को नदी किनारे जाने से होने वाले नुकसान से अवगत करवाएं।

# मैन्युअल स्कैवेंजर एक्ट-2013 को अक्षरश: लागू किया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मैन्युअल स्कैवेंजर एक्ट-2013 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि इस एक्ट के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति का गठन किया गया है, जिसका मुख्य कार्य जिला में मैन्युअल स्कैवेंजर एक्ट-2013 के प्रावधानों के अंतर्गत अपेक्षित कार्रवाई की समीक्षा करना है।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति के सभी सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सुनिश्चित करें कि इस एक्ट को अक्षरश: लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्थानीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को दिए जा रहे अवकाश, न्यूनतम वेतन एवं तथा ग्रेच्युटी आदि का रिकॉर्ड जांच कर आवश्यक प्रावधानों अनुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में जानकारी दी गई कि उक्त प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए सभी नगर निकायों सहित सफाई कार्य करवाने वाले ठेकेदारों को पत्राचार कर इसकी सूचना मांगी गई है। बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष में दो बार स्थानीय निकाय एवं अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करवाना आवश्यक है तथा सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करना भी अनिवार्य है। बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम कुल्लू।

# निशक्त व्यक्तियों के लिए विधिक संरक्षकता के प्रावधानों पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने विधिक संरक्षकता की नियुक्ति के संबंध में एक बैठक ली। इस बैठक में, अतिरिक्त उपायुक्त ने राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत निशक्त व्यक्तियों के लिए विधिक संरक्षकता के प्रावधानों पर चर्चा की और बताया कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद, निशक्त व्यक्तियों के लिए माता-पिता, रिश्तेदार या पंजीकृत संगठनों को विधिक संरक्षक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

बैठक में जानकारी दी गई कि विधिक संरक्षकता एक कानूनी व्यवस्था है, जो निशक्त व्यक्तियों को कानूनी रूप से सक्षम करने के लिए प्रदान की जाती है, ताकि वे अपनी देखभाल और वित्त के मामलों का प्रबंधन कर सकें। यदि कोई निशक्त व्यक्ति 18 वर्ष से अधिक का है, लेकिन अपने मामलों को स्वयं प्रबंधित करने में सक्षम नहीं है, तो विधिक संरक्षक उसे यह करने में मदद करेगा। जिले में विधिक संरक्षकता की नियुक्ति निशक्त व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए की जा रही है। यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें उचित कानूनी सहायता प्राप्त हो और वे अपने मामलों का प्रबंधन करने में सक्षम हो सकें। बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी दी कि अभी तक जिले में अशक्त व्यक्तियों के लिए कुल 193 विधिक संरक्षक मामलों को मंजूरी दी जा चुकी है तथा बैठक में 7 नए मामलों का अनुमोदन किया गया। बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अभियोजन विभाग तथा पुलिस विभाग को लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गई। बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी दी कि विभिन्न न्यायालय में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कुल 67 मामले लंबित हैं।

# चंद्रताल झील के पास पुलिस आज स्थापित करेगी सीजनल पुलिस चेक पोस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पीक सीजन के दौरान चंद्रताल झील पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस लाहौल-स्पीति आज शनिवार से चंद्रताल में एक सीजनल पुलिस चेक पोस्ट (एससीपी) स्थापित कर रही है।

यह चेक पोस्ट पूरे पर्यटन सीजन के दौरान सक्रिय रहेगी और सुरक्षा, आपातकालीन सहायता, मौसम और मार्ग से संबंधित जानकारी प्रदान करने और सुरक्षित और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। चंद्रताल जाने वालों की सुविधा के लिए स्थानीय पर्यटन कारोबारियों ने टैंट लगा दिए हैं। पर्यटकों को रहने व खाने-पीने की सुविधा मिल गई है। चंद्रताल झील के दीवाने पर्यटकों का पिछले कुछ दिनों से आना-जाना शुरू हो गया है। पुलिस ने सभी पर्यटकों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा के दौरान सीजनल चेक पोस्ट के संपर्क में रहें और जिला पुलिस द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। जिला पुलिस सभी आगंतुकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति इल्मा अफरोज ने कहा कि लाहौल-स्पीति में कोकसर से लेकर बातल तक कोई नेट कनेक्टिविटी नहीं है, जिस कारण चंद्रताल झील की ओर आने-जाने वाले पर्यटकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चंद्रताल में शनिवार को सीजनल पुलिस चेक पोस्ट (एससीपी) स्थापित की जा रही है। पर्यटकों से आग्रह है कि वह सड़क की समस्त जानकारी लेने के बाद ही ग्रांफू-काजा मार्ग पर सफर करें।

### बारालाचा दर्रे में पहुंचे 17680 वाहन

**रोहतांग** के साथ-साथ अब बारालाचा दर्रा भी सैलानियों को आकर्षित करने लगा है। 16 मई से 12 जून तक मनाली से लेह एवं लेह से मनाली के मध्य यात्रा करने वाले कुल वाहनों की संख्या 17680 पहुंच गई है। 8018 वाहन मनाली की ओर से आए, जबकि 9262 वाहन लेह व सरचू की ओर से मनाली आए। एसपी लाहौल-स्पीति इल्मा अफरोज ने बताया कि इस अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था शांतिपूर्ण एवं सुचारु रही। लाहौल-स्पीति पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों- विशेषकर सरचू, कोकसर, दारचा एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया गया।

# ईको क्लब में आरव, रिद्धि बने कप्तान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित छात्र परिषद् का औपचारिक प्रवेश हुआ। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार द्वारा मंच पर चारों सदनों और छह क्लबों के कप्तानों, उपकप्तानों नवगठित कार्यकारिणी समिति को बैज और सैशे से अलंकृत किया गया। जूनियर विंग से वाइस कप्तान पर्णिता , कैरवी, रिजुल और चेतन आदि चुने गए। सीनियर विंग से वैभवी, जीशांत, जागृति और हिमानी बने। हाउस कप्तान (जूनियर विंग ) से रविंद्र, भव्यश्री, मुस्कान और आर्या, सीनियर विंग से शिविका, सान्वी, श्रेया, हिमानी आदि चुने गए। इको क्लब में आरव, रिद्धि प्रेजिडेंट और शिवेन, आकांक्षा वाईस प्रेजिडेंट चुने गए। साइंस क्लब प्रेजिडेंट अमीषा, यामिनी और वाईस प्रेजिडेंट समृति चुने गए। स्पोर्ट्स क्लब प्रेजिडेंट मानविक और वाइस प्रेजिडेंट पार्थ चुने गए। स्पोर्ट्स क्लब प्रेजिडेंट सीनियर विंग से सोनम वांगचुक, आंचल और वाईस प्रेजिडेंट तबसुम और युद्धवीर चुने गए।

योग क्लब प्रेजिडेंट जूनियर विंग कोविद और हितेश चुने, योगा क्लब प्रेजिडेंट सीनियर विंग मान्यता और वनमयी चुने गए। लिटरेरी क्लब जूनियर प्रेजिडेंट और वाइस प्रेजिडेंट विंग प्रांजल और विहान चुने गए और सीनियर विंग से निहिता और शिवांगी चुने। कल्चरल क्लब प्रेजिडेंट जूनियर विंग से अन्वेषा और वाइस प्रेजिडेंट निशा चुने। कल्चरल क्लब प्रेजिडेंट और वाइस प्रेजिडेंट जूनियर विंग विभोर और गुरजोत चुने। क्लास प्रिफेक्ट्स एक्वा हाउस सैजल और पूर्वांशी, टेरा हाउस तंजील और शिवांश, इग्निस हाउस जहान्वी और अनुराग और वेंट्स हाउस अक्षत और कीर्ति चुने। डिप्टी हेड बॉय अभय राज और डिप्टी हेड गर्ल करुणा को चुना गया। हेड बॉय और हेड गर्ल जूनियर विंग आर्यांश और आरुषि तथा हेड बॉय सीनियर विंग सक्षम और ओजस्वी को चुना गया।



कुल्लू कॉन्वेंटस्कूल में आयोजित अलंकरण समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थी।

# कृषि की उन्नत तकनीकों और सरकारी योजनाओं से परिचित करवाया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) क्षेत्रीय स्टेशन कटराईं में विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। विकसित भारत-2047 के तहत चलाए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों और सरकारी योजनाओं से परिचित कराना था।

इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत देशभर में 2170 वैज्ञानिक दलों ने 700 जिलों के 1.02 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया। आईएआरआई कटराईं के वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार ने बताया कि कुल्लू जिले के नग्गर खंड के दल ने पिछले 15 दिनों में 45 गांवों का दौरा कर 4000 से अधिक किसानों को उन्नत किस्मों, तकनीकों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। समापन समारोह आईएआरआई अध्यक्ष डॉ. चंद्र प्रकाश की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. चंद्र प्रकाश ने आईएआरआई कटराईं द्वारा विकसित नई सब्जी फसलों की प्रजातियों पर प्रकाश डाला और नग्गर खंड के दल को बधाई दी। डॉ. आराधिका त्रिपाठी ने किसानों को सब्जी फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।



किसानों को सब्जी प्रदर्शन क्षेत्र का भ्रमण करवाते हुए।

### राष्ट्र स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में अक्षित दिखाएगा हुनर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** छोटी सी उम्र में वुशू में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाला कुल्लू जिले के अक्षित का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 14 जून से 19 जून तक होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता भारतीय वुशू संघ द्वारा पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर में की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू का अक्षित अपना हुनर दिखाएगा। अक्षित का चयन राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता से हुआ था। इसमें उसने 2 स्वर्ण पदक हासिल किए थे। राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जिला सोलन वुशू संघ द्वारा आईईसी यूनिवर्सिटी बद्दी में 4 और 5 जून को किया गया था। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने दी। राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए जाने वाले सभी वुशू खिलाड़ियों का एक्सीलेंस सेंटर कंस चौक जिला मंडी में 7 दिन का कैंप लगा था। इस कैंप में सभी जिलों से आए हुए लगभग 50 वुशू खिलाड़ियों ने कैंप में भाग लिया।

**तैयारी** लाहौल-स्पीति में आगामी मानसून सीजन को देखते हुए आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से तैयारियों की समीक्षा की

# जिले में घटित आपदाओं के स्थलों की सूची तैयार करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आगामी मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से तैयारियों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने की। बैठक में डीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से एक-एक नोडल अधिकारी नामित कर उनकी जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को जल्द उपलब्ध करवाएं, ताकि आपात स्थिति में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व में जिले में घटित आपदाओं के स्थलों की सूची तैयार की जाए और प्रत्येक संभावित आपदा स्थल के लिए त्वरित कार्य योजना पूर्व से तैयार रखी जाए। डीसी ने कहा कि जिन विभागों के पास सैटेलाइट फोन उपलब्ध हैं, उन्हें सक्रिय स्थिति में रखा जाए, ताकि सामान्य संचार माध्यमों के विफल होने की स्थिति में सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सके। बैठक में मानसून से संबंधित अन्य विषयों पर भी गहन चर्चा की गई तथा सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा, एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया सहित राजस्व, बागवानी, जल शक्ति, लोक निर्माण, बिजली, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### प्रमुख नदियों के जलस्तर की जानकारी केंद्रीय जल आयोग से करें प्राप्त

**उन्होंने** लोक निर्माण विभाग को मानसून से पूर्व सड़कों के किनारे की नालियों और जल प्रवाह चौनलों की सफाई, मशीनरी की कार्यशीलता सुनिश्चित करने तथा निजी क्षेत्र से मशीनों की उपलब्धता की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मार्ग बाधित होने की स्थिति में जल्द बहाली संभव हो सके। डीसी ने खंड विकास अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों को आपदा प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करने और प्रशिक्षित करने पर बल दिया साथ ही डीडीएमए को निर्देशित किया कि जिले की प्रमुख नदियों के जलस्तर की जानकारी दैनिक आधार पर केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त की जाए। उन्होंने सीमा सड़क संगठन और लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया कि निर्माण कार्यों में कार्यरत श्रमिकों के टेंट नदियों और नालों के किनारे से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए जाएं।

### पर्याप्त मात्रा में जीवनरक्षक, अन्य दवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश

**उन्होंने** स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दवाओं, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रचलित बीमारियों की दवाएं एवं सर्पदंश रोधी औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। वहीं, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को पर्याप्त खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने बिजली विभाग को बिजली लाइनों के समीपवर्ती पेड़ों की समय पर छंटाई कर निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। जल शक्ति विभाग को मानसून के दौरान शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति के लिए समयबद्ध कदम उठाने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस, सीमा सड़क संगठन और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि वे जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स व स्लिपरी पॉइंट्स पर एक माह के भीतर चेतावनी संकेतक बोर्ड स्थापित करें।

# बच्चों ने नाटक से पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू घाटी के आसपास के सरकारी स्कूलों में स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा निशुल्क नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन करवाया जा रहा है।

इसी कड़ी में पांचवीं नाट्य कार्यशाला का समापन राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला गांधीनगर में डॉ. हेमंत कुमार द्वारा लिखित तथा मीनाक्षी द्वारा निर्देशित लघु नाटक 'चिड़ियों का अनशन' मनभावन मंचन से हुआ। यह नाटक मीनाक्षी द्वारा संचालित एक माह अवधि की बाल नाट्य कार्यशाला में पनपा था। पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के छात्रों ने नाटक में भाग लिया। नाटक की कहानी दो नदियों से शुरू होती है, जो हमारे बिगड़ रहे पर्यावरण पर चिंतन करते हुए जंगल की चिड़ियों तक पहुंचाती हैं, जहां चिड़ियां मानवों द्वारा किए जा रहे वन कटान से चिन्तित होती हैं और सत्य और अहिंसा की राह पर चलते हुए मानवों की लालची और स्वार्थी नियति के खिलाफ अनशन करती हैं और अंतत: मानवों को यह महसूस करवाती हैं कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने से केवल हम चिड़ियों को ही नुकसान नहीं है, बल्कि पूरी सभ्यता को ही नुकसान होगा। बच्चों ने नाटक के माध्यम से पर्यावरण बचाने का सशक्त संदेश दिया। नाटक में नितिन, लावंया, तनुजा, हिमानी, टीना, विशाल, स्नेहा, रूही, कल्पना, परिधी, निधिका, अंशिका, मोनिका, रचना, अक्षा, तरूण, रितिका, परवीन व जाह्नवी आदि बच्चों ने अपनी प्रतिभा परिचय दिया। इस दौरान खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कुल्लू गीता शर्मा तथा मुख्य अध्यापक वीर सिंह अन्य अध्यापकों तथा जेबीटी प्रशिक्षुओं सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे।



राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला गांधीनगर में आयोजित नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यार्थियों के साथ गणमान्य।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़लाघाट कॉलेज में नए सत्र के दाखिले शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में सत्र 2025-26 के लिए बीए,बी कॉम के लिए नए दाखिले शुरू हो गए है। प्राचार्य डॉ रुचि रमेश ने बताया कि इस वर्ष बी कॉम तृतीय वर्ष का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। महाविद्यालय में सभी विषयों के प्राध्यापक मौजूद है। एडमिशन प्रक्रिया संबंधी जानकारी के लिए आवेदक 01796-248084 इस फोन नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### पार्किंग में पेड़ गिरा, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में तेज हवाएं चलने से शुक्रवार को नगर निगम की पार्किंग में एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। उपमहापौर मीरा आनंद ने बताया कि निगम ने संबंधित विभाग को खतरनाक अवस्था में पड़े पेड़ों को काटने के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने सरकार व प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित में प्रार्थना पत्र आता है, उस पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

### हस्ताक्षर की चादर पर 75000 हस्ताक्षर हो चुके

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए दाड़लाघाट के सेवानिवृत्त सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस कड़ी में सेवानिवृत्त सैनिकों का दल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर पहुंचा। सेना मेडल से सम्मानित कैप्टन रमेश ठाकुर इस दल का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में सेना के प्रति कृतज्ञता तथा सम्मान की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से उन्होंने यह हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिस पर उन्हें बहुत सफलता मिल रही है और हस्ताक्षर की चादर पर 75000 हस्ताक्षर हो चुके हैं।

### शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल लगाएगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा में इस बार बद्दी हिमाचल की शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल 25वां विशाल भंडारा लगाने जा रही है। 3 जुलाई से शुरू होने वाला यात्रा समाप्ति तक चलाया जाएगा। शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल बद्दी की बैठक प्रधान रामलोक चौधरी की अध्यक्षता में रुचि मसाले परिसर में संपन्न हुई। इसमें संस्था के चेयरमैन लाला हरविलास जिंदल पंचकूला वाले विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में भंडारे की तैयारियों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया कि पवित्र गुफा से 14 किलोमीटर पहले बालटाल दोमेल में भंडारा लगाने के लिए 18 जून को सबसे पहले शेड स्थापित करने के लिए सामान भेजा जाएगा। इसको स्थापित करने के लिए एक दर्जन से अधिक कारीगर साथ जाएंगे, जो करीब एक सप्ताह में शेड फिट करके सजावट, शौचालय, किचन, भंडार आदि बनाकर आएंगे, जब शेड स्थापित हो जाएगा, तो यहां से 25 जून को राशन से लदे पांच ट्राले रवाना किए जाएंगे। भंडारे के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन से तमाम औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं।

### कंडाघाट नगर पंचायत यथावत रखने की मांग

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विगत दिनों करीब साढ़े चार साल पहले गठित नगर पंचायत को भंग करके इसे ग्राम पंचायत बनाने की मांग कुछ लोगों ने विभिन्न माध्यमों से सरकार से उठाई। इसके विपरीत शुक्रवार को कंडाघाट के करीब 200 लोगों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले। उन्होंने कहा नगर पंचायत से सुविधाएं मिल रही हैं। कंडाघाट एक कस्बाई क्षेत्र है, इसकी जरूरतों के मुताबिक यहां नगर पंचायत होना जरूरी है। इसलिए इसे नगर पंचायत ही रहने दिए जाए। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मांग पर विचार किया जाएगा और जो लोगों के हित में होगा, वहीं फैसला लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल में स्टॉफ सहित अन्य कई मांगें उठाई गई। इन सभी पर पूर्ण कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### भलावग का सिद्ध मेला 15 जून को होगा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल के समीप भलावग गांव का सिद्ध बाबा मेला रविवार 15 जून को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मेला कमेटी के प्रधान चेतन चौहान ने बताया कि इस मेले के समापन मौके पर प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। मेले में कुश्ती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह मेला प्राचीन जुग्गा रियासत काल से आयोजित होता है और यहां की देव परंपरा से जुड़ा है।
चायल में निशुल्क आंखों की जांच और ऑपरेशन शिविर रविवार को

### चायल में कल करवाएं निशुल्क आंखों की जांच

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** जेपी अस्पताल मोहाली का दूसरा गिरधारी लाल गांधी स्मृति निशुल्क आंखों की जांच और ऑपरेशन शिविर 15 जून रविवार को पंचायत घर चायल में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी शिविर आयोजक समाजसेवी नरेश गांधी ने दी। चायल में पहला शिविर 14 अप्रैल को आयोजित किया गया। इसमें अन्य उपचार के अतिरिक्त 20 लोगों के आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए गए। रविवार को इन सभी को निशुल्क चश्में दिए जाएंगे। इस दिन लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन किए जाएंगे। पंचायत घर में इस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह जसवाल, संजय मिश्रा, डॉ. आस्था गंबर और उनकी टीम आंखों की जांच करेंगे।

### जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने जलवायु परिवर्तन पर राज्य मानव विकास रिपोर्ट के निर्माण पर केंद्रित परामर्श बैठक आयोजित की बैठक का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में जलवायु-लचीले मानव विकास के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए जानकारी जुटाना था। इस सत्र में हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग (डीईएसटीएंडसीसी) के निदेशक डॉ. सुरेश अत्री के साथ-साथ विशेषज्ञों की एक टीम और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों में पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रमुख और राज्य मानव विकास रिपोर्ट पहल के समन्वयक डॉ. एसके भारद्वाज, संकाय सदस्य, विषय विशेषज्ञ और पीएचडी विद्वान शामिल थे। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. विशाल राणा और खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश शर्मा ने भी बदलती जलवायु परिस्थितियों में सतत विकास पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। अपने स्वागत भाषण में डॉ. भारद्वाज ने जलवायु प्रभाव अनुसंधान में विभाग के चल रहे काम पर प्रकाश डाला और एक कार्रवाई योग्य खाका की आवश्यकता पर बल दिया, जो वैज्ञानिक समझ को जमीनी हकीकत से जोड़ता हो।

## शूलिनी मेले की आड़ में शहर में डेरा डाल रहे भिखारियों पर कार्रवाई

# भंडारा लगाने पर नहीं देना होगा शुल्क

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में भंडारा लगाने के लिए 2000 रुपए शुल्क तय करने के निर्णय को नगर निगम प्रशासन ने मॉडिफाई किया है, अब भंडारा लगाने पर संबंधित संस्था को सफाई व्यवस्था की अंडर टेकिंग देनी होगी। साथ ही जो संस्था निगम के माध्यम से सफाई करवाना चाहेगी, उसे शुल्क देना होगा। वहीं, मेले के दौरान बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में भिखारी के रूप में सोलन शहर में डेरा जमा रहे लोगों को अभी से परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस समस्या को देखते हुए मेयर उषा शर्मा की मांग पर प्रशासन और पुलिस ने बाहरी लोगों की वेरिफिकेशन शुरू कर दी है। साथ ही जगह-जगह भीख मांग रहे बाहरी तत्वों को वापस भेजा जा रहा है। कबिलों के रूप में सोलन में पहुंच रहे भिखारी माल रोड के इर्द-गिर्द डेरा जमा कर खुले में शौच कर गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे में अब इन पर कार्रवाई की जा रही है।


प्रवासी श्रमिकों का सत्यापन करती पुलिस।

### वापस भेजे 20 प्रवासी श्रमिक

शूलिनी मेले के उपलक्ष्य में जिला सोलन में बाहरी राज्यों के लोगों के बढ़ते हुए आवागमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला पुलिस सोलन द्वारा प्रवासी श्रमिकों का सत्यापन करने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया गया है। जिला पुलिस सोलन द्वारा मई महीने से अब तक कुल 328 प्रवासी श्रमिकों का सत्यापन किया गया है, जिनके स्ट्रेंजर रोल काटकर उनके संबंधित थाना को भेजे गए हैं। इनमें से 20 से ज्यादा ऐसे लोग पाए गए, जिनके पास अपनी पहचान के संबंधित कोई भी उचित दस्तावेज नहीं थे, जिनके फोटोग्राफ आदि के बाद औपचारिकताएं पूर्ण करके उन सभी लोगों को जिले से बाहर वापस भेजा गया है और जिले में प्रवेश सही पहचान पत्रों के आधार पर ही दिया जा रहा है। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### जन भावनाओं का ध्यान में रख लिया निर्णय

**मेयर** ने कहा कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में शुल्क लगाने का फैसला भारतीय जनता पार्टी की पार्षद और बीते वर्ष कार्यकारी मेयर मीरानंद ने लिया है। उषा ने बताया कि 3 अगस्त, 2024 को हुई बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया था। दूसरी तरफ मेयर के बयान के बाद डिप्टी मेयर ने भी खुलकर इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव हाउस में आया था। प्रोसिडिंग भी हुई, लेकिन इसमें ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि शूलिनी मेले में भी शुल्क लिया जाए। माता शूलिनी के मेले में लाखों लोगों की धार्मिक आस्था है। लिहाजा, यहां भंडारे में शुल्क नहीं लगना चाहिए। ऐसे में जनहित में लिया निर्णय का स्वागत है।

### 3 दिन राहत, बाकी दिन वही नियम

नगर निगम ने साफ कर दिया है कि रियायत सिर्फ शूलिनी मेले को लेकर ही दी जा रही है। इसके बाद जैसे ही मेला खत्म होगा तो फिर से पुराने नियम ही लागू हो जाएंगे। मसलन यदि कोई भी व्यक्ति अपने घर में जागरण, भंडारा, शादी या अन्य कोई भी आयोजन करता है, तो उसे नगर निगम में पहले सूचना देनी होगी और उसके बाद ही वह घर में आयोजन करवा सकेगा। बाकायदा उसे शुल्क भी जमा करवाना होगा। **एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम, सोलन।**

## ममता भारद्वाज के गीतों से सजी ग्रीष्मोत्सव की सांस्कृतिक संध्या


ग्रीष्मोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल की लोक संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित ग्रीष्मोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

संध्या के मुख्य आकर्षण रहे गोपल मुसाफिर बैंड (पंजाबी व हिंदी गायक समूह) और ममता भारद्वाज (पहाड़ी व हिंदी गायिका), जिनकी संगीतमय प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता व प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रघुवीर सिंह बाली मुख्यातिथि रहे, जबकि व्यवसायी विनय शर्मा कार्यक्रम में वशिष्ठातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि हिमाचल की लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। युवा प्रतिभाओं को मंच देना भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। मनीष (वार्ड 1) ने भी इस आयोजन में सहभागिता की और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में युवाओं ने संवाद शैली, आत्मविश्वास और रैंप वॉक से निर्णायकों को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में नताशा चौहान, एकता सूरी, प्रीति, अभय शर्मा और मनीष तोमर शामिल रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सिर्फ सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि युवाओं को सार्वजनिक मंच पर व्यक्तित्व विकास का अवसर देना था।

## पांवटा-कालाअंब में जुआरियों से तीन मामलों में 3180 रुपए की करंसी पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला पुलिस सिरमौर ने जुआ अधिनियम के तहत कालाअंब व पांवटा साहिब में तीन अलग-अलग मामलों में 3 जुआरियों को दबोचते हुए आरोपियों के कब्जे से 3180 रुपए की करंसी पकड़ी है।



जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना कालाअंब की पुलिस टीम गश्त के दौरान मछली मार्केट नजदीक साबू सरिया कंपनी सड़क के बाईं तरफ एक व्यक्ति सड़क से आवाजें लगाकर 10 रुपए के 80 रुपए ले जाओ का लालच देकर आम लोगों को दड़ा-सट्टा लगाने के लिए प्रेरित कर रहा था। एसपी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति मनोज कुमार पुत्र विरेंद्र निवासी गांव बिछौला डा. व त. सिरा जिला बदायूं उ.प्र को पुलिस टीम द्वारा काबू किया गया, उसके कब्जे से दड़ा सट्टा के 1030 रुपए की करंसी बरामद की गई। इसी कड़ी में सब्जी मंडी त्रिलोकपुर रोड कालाअंब पर एक व्यक्ति रामवीर पुत्र दोध राम निवासी ढाका, डाकघर आखा, तहसील औला, जिला बरेली उप्र सरेआम सड़क पर पैसों का लालच देकर लोगों से दड़ा सट्टा लगवा रहा था। एसपी ने बताया कि तलाशी के दौरान दड़ा सट्टा से 1330 रुपए की करंसी बरामद हुई। एसपी ने बताया कि पुलिस चौकी सिंगपुरा की टीम ने गश्त दौरान गुप्त सूचना के आधार पर मानपुर में यशपाल पुत्र स्व. मोलड राम निवासी गांव मानपुर डा. मानपुर देवड़ा को अपना दुकान में पैसों का लालच देकर लोगों से दड़ा सट्टा लगवाते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दड़ा सट्टा के 720 रुपए की करंसी बरामद हुई। आरोपियों को हिरासत में लेकर जुआ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं।

## 25 के चालान और 4 टिप्पर किए जब्त

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा की अगुवाई में यह कार्रवाई 12 और 13 जून की रात पांवटा साहिब व रामपुर घाट क्षेत्र में की गई। इस अभियान के तहत पुलिस थाना पांवटा साहिब और रामपुर घाट की टीमों ने रातभर भारी वाहनों की जांच की। चैकिंग के दौरान कुल 16 चालान किए गए, जिनमें से 4 टिप्पर जब्त किए गए। सभी चालान अब भुगतान के लिए न्यायालय को भेजे गए हैं। जिला सिरमौर में चलाए गए इस अभियान में एक ही दिन में कुल 25 चालान अवैध माइनिंग और ओवरलोडिंग के मामले में किए गए हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं को जन्म देते हैं इसीलिए ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा, ताकि मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## शिलाई का सर्वांगीण विकास लक्ष्य : हर्षवर्धन

### रावमापा ठोंठा में 30 लाख से निर्मित तीन कमरों का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जिला सिरमौर के प्रवास कार्यक्रम के दौरान शिलाई विधान सभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठोंठा में 30 लाख की लागत से नवनिर्मित तीन कमरों का लोकार्पण किया।



कार्यक्रम में पहुंचे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों के मूलभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा स्कूलों में आधुनिक शिक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है, जिसके मद्देनजर शिलाई विधानसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। इस कार्यकाल में शिलाई विधानसभा क्षेत्र के 80 प्रतिशत अध्यापकों के पद भरे गए हैं, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वह बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि हर स्कूल का रिजल्ट विद्यार्थियों की मेहनत के साथ-साथ अध्यापकों की मेहनत को भी दर्शाता है। इस कार्यकाल में अभी तक शिलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र के हर इलाके का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके मद्देनजर लगभग 250 करोड़ से अधिक के विकासात्मक योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत करवाया गया है, जिनका कार्य प्रगति पर है।

## विनोद सुल्तानपुरी ने रनो पंचायत में किए 45 लाख के उद्घाटन और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने विकास खंड सोलन की रनो पंचायत में 45 लाख रुपए की लागत से नौ कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।



कार्यक्रम में पहुंचे विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

प्रदेश का अधिकतर क्षेत्र गांव में रहता है। इसके चलते प्रदेश सरकार पंचायती संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्राकृतिक खेती से उगाए गए उत्पादों को सरकार बेहतर भाव दे रही है। हल्दी को प्रदेश सरकार 90 रुपए किलो खरीद जा रहा है। इससे ग्रामीण किसानों का आर्थिक जीवन सुधर सके। प्रदेश में राजनीति को, विकास के आड़े नहीं आने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू के रहनुमाई में प्रदेश प्रकृति के पथ पर अग्रसर है और शीघ्र ही हमारा प्रदेश आत्म निर्भर हो जाएगा। रनो पंचायत के प्रधान संजीव ठाकुर द्वारा आयोजित एक सादे और गरिमा पूर्ण समारोह में, विधायक सुल्तानपुरी ने हनुमान मंदिर खड़ीयाना में शेड का शिलान्यास, प्राथमिक पाठशाला रनो के भवन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास, स्थानीय मिडिल स्कूल में सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन, त्राशली लोहारा में बन रहे खेल के मैदान के प्रथम चरण का उद्घाटन, पंशोड़ा से कोठी करो सड़क मार्ग को पक्का करने का शिलान्यास, साथ ही रनो पंचायत में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इसी पंचायत के तीन गांव में पंचायत द्वारा बनाए गए, पेयजल स्टोरेज टैंक का उद्घाटन कर, उन्हें जल शक्ति विभाग को सौंप दिया गया। समझ में विधायक सुल्तानपुरी ने स्वच्छता अभियान को लेकर पूरी पंचायत में मुफ्त डस्टबिन देने की अभियान की भी शुरुआत की।

## ढाई साल में सभी वर्गों को दुखी किया सुक्खू सरकार ने : पम्मी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दून हल्के के पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान सुक्खू सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों को परेशान किया। कोई वर्ग प्रदेश में ऐसा नहीं बचा, जिसको इस सरकार से नुकसान न हुआ हो।



पम्मी ने कहा कि किसान हो या बागवान, मजदूर हो या कर्मचारी, दुकानदार हो या उद्योगपति, आईआरडीपी में या एपीएल में सभी वर्ग बुरी तरह परेशान हैं। डिपुओं से सामान गायब अगर मिले भी तो महंगे दामों पर। घरेलू बिजली के साथ-साथ किसानों के नलकूप को मिलने वाली बिजली भी महंगी। उद्योगपति इस कदर परेशान की पलायन कर रहे हैं। मजदूर वर्ग भी बुरी तरह परेशान हैं। बेरोजगारी इस कदर है कि सरकारी क्षेत्र में तो नौकरी सपना ही रह गई है, निजी क्षेत्र में भी नहीं मिल रही। प्रदेश में झूठी गारंटियों के सहारे बनी सरकार, अब पतन की और जा रही है। प्रदेश में लोगों को अब विकास देखने को नहीं मिल रहा। मात्र भाजपा के समय के कार्यों को दर्शा कर जनता को बेवकूफ बना रहे है। अवैध खनन के साथ-साथ चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पूरे प्रदेश में जानलेवा चिट्टे जैसे खतरनाक नशे की चपेट में है। ढाई साल के शासन काल में सरकार से लोगों का मोह भंग हो चुका है। सरकार अपने और अपने मित्रों के खर्चों पर तो कोई कटौती नहीं कर पा रही है, लेकिन आए दिन जनता के ऊपर कोई न कोई नया बोझ लादा जा रहा है। आखिर इस सरकार की सोच से हर कोई परेशान है।

## स्कूल शिक्षा निदेशक ने व्यावसायिक प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ का स्कूल शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश आशीष कोहली ने औचक निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर प्रिंसिपल पूनम काल्टा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने उनका हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक ने विद्यालय परिसर में स्थानीय जनता, विद्यालय प्रबंधन समिति व विद्यालय कर्मचारियों के सहयोग एवं दान से निर्मित व्यवसायिक प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रयोगशाला की स्थापना छात्रों के व्यावसायिक कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा। स्कूल की उपलब्धियों, अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों तथा समर्पित स्टाफ के कार्यों की सराहना करते हुए कोहली ने विद्यालय के समग्र कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया।

## डॉ. परमार का अपमान कर रही है कांग्रेस : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

संगड़ाह नोहराधार भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार 23 जून को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर जहां हिमाचल निर्माता स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा लगी है ठीक उसी के समांतर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगाने जा रही है।



उस प्रतिमा में कांग्रेस सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता बताया है। रावत ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से सवाल करते हुए पूछा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का हिमाचल बनाने में कौन सा योगदान रहा है, जो आप उनको आधुनिक हिमाचल का निर्माता बता रहे हैं। हिमाचल निर्माता तो स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार हैं, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने उनको प्रदेश का प्रथम मुख्यमंत्री बनाया था इसीलिए उनको हिमाचल निर्माता बताया जाता है। रावत ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता बताकर हिमाचल निर्माता स्वर्गीय डॉ. यशवंत सिंह परमार का अपमान करते हुए जिला सिरमौर के लोगों का भी अपमान किया है। इसके लिए, विक्रमादित्य सिंह को जिला सिरमौर की जनता से व्यक्तिगत तौर पर माफी मांगनी चाहिए क्योंकि डॉ. यशवंत सिंह परमार जिला सिरमौर के ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के कद्दावर नेता थे इसलिए उनका अपमान करना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**आयोजन** जिला सिरमौर में दक्षिण पश्चिम मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# सड़कों के साथ लगती नालियों की साफ-सफाई करें

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा ने डीसी कार्यालय नाहन के सभागार में जिला सिरमौर में दक्षिण पश्चिम मानसून की तैयारियों की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।


बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा।

उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान होने वाली आपदा से निपटने के लिए संबंधित विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्य योजना बनाएं। जिला मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर-1077 है, जिस पर कोई भी व्यक्ति आपदा की सूचना भेज सकता है। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को दूरदराज के क्षेत्रों में राहत सामग्री और आवश्यक आपूर्ति का भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को मानसून से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए आपदा मित्र तथा अन्य स्वयं सेवकों को एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ का दल मानसून के दौरान आपदा से निपटने के लिए रेणुका स्थित कुब्जा पवेलियन में तैनात रहेगा। डीसी ने बांध के निचले इलाकों में खतरे को कम करने के लिए अलार्म सिस्टम और चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने के लिए बांध अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से मौसम व अन्य चेतावनियों की जानकारी के लिए भारत सरकार की दामिनी, सचेत तथा मौसम ऐप को अपने मोबाइलों में डाउनलोड करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च मार्ग व नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़कों के साथ लगती नालियों की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें, ताकि वर्षा के दौरान जल भराव की स्थिति न बने। उन्होंने जल शक्ति तथा पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल स्रोत तथा पेयजल टैंकों की साफ-सफाई तथा क्लोरिनेशन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जल जनित रोगों से बचा जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मानसून से पूर्व स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित दवाइयों विशेषकर सांप के काटने की दवा की व्यवस्था करें। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग मशीनरी की आवश्यक मरम्मत तथा इन्हें आपदा संभावित क्षेत्रों में पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मानसून के दौरान चूड़धार यात्रा में सावधानी बरतने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। इसके उपरांत, डीसी ने बताया कि नाहन के चौगान मैदान में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन प्रातः 7 बजे किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए और लोगों के अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कल से : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जनजातीय समुदाय के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला सोलन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आरंभ किया गया है। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

डीसी ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य देश में जनजातीय समुदाय के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 26 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि अभियान में उन गांव को सम्मिलित किया गया है, जहां अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत सोलन जिले की 9 ग्राम पंचायतों के 10 गांवों को सम्मिलित किया गया है। इनमें नालागढ़ उपमंडल की बैरचा, मस्तानपुर, गोल जमाला, धाना, कौंडी, मलपुर, लेही, मखनु माजरा गांव तथा पट्टा उपमंडल के कारुवाना व कंबरवाला गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान सोलन जिले में 15 जून से 30 जून तक कार्यान्वित किया जाएगा।

इस अभियान के तहत जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंधित गांव में अधिक से अधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) की स्थापना की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इस अभियान के तहत ग्रामीण विकास, जल शक्ति, बिजली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, दूरसंचार और जनजातीय विभाग प्रमुख रूप से शामिल होंगे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह अभियान केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### समिति संभालेगी वैस्टर्न टावर्स सोसायटी की बागडोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शुक्रवार को वेस्टर्न टावर्स सोसायटी निवासियों ने एक अहम बैठक आयोजित की, जिसमें जी, वी, सी और रेसीडेंट वेलफेयर सोसायटी की कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई। निवासियों ने निर्णय लिया कि सोसायटी की बागडोर 7 मेंबर्स वाली समिति संभालेगी। सोसाइटी की भविष्य की सभी गतिविधियों, दैनिक संचालन का ध्यान गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। निवासियों ने रेसीडेंट वेलफेयर सोसाइटी को त्याग दिया। भविष्य का सारा काम काज सोसायटी की 7 मेंबर्स कमेटी ही देखेगी। कमेटी के सदस्य नरेंद्र जैतक, कुलदीप कक्कड़, पल्लवी, सीए जसलीन, एडवोकेट अमरदीप सिंह, धनजीत सिंह व तरुण गुप्ता को बनाया गया है।



### चंडीगढ़ भाजपा ने पूर्व सीएम रूपाणी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ की ओर से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के पूर्व सांसद सत्यपाल जैन, पूर्व अध्यक्ष संजय टंडन, पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद, चंडीगढ़ की महापौर हरप्रीत कौर बबला, भाजपा चंडीगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि रूपाणी का जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण और जनकल्याण को समर्पित रहा। उनके निधन से पार्टी ने एक सच्चे, सादगीपूर्ण एवं कर्मठ नेता को खो दिया है। इसके साथ ही, इस शोक सभा में उस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने असमय अपनी जान गंवा दी। सभी दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवारजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। भाजपा चंडीगढ़ परिवार सभी दिवंगतों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

### योग के साथ युवा अपनाएं अनुशासित जीवनशैली : राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर योग के प्रति अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता को दोहराया। यह प्रशिक्षण सत्र आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। गुरुग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। राव ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत है, बल्कि यह सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, समरसता और आत्मिक शांति का संदेश देने वाला विज्ञान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक पहचान बना चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है और आयुष विभाग द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजनों से प्रदेश में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे योग को अपने जीवन में अपनाएं और उसे एक अनुशासित जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

### ओसवाल पंप्स कंपनी का आईपीओ ओपन

**एजेंसी, मुंबई।** पंप और मोटर बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स का IPO यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग शुक्रवार से ओपन हो गया है। निवेशक इसमें 17 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 20 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। ओसवाल पंप्स आईपीओ के जरिए कुल 1,387.34 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसमें से 890 करोड़ के नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी किए जाएंगे और 497.34 करोड़ रुपए के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से अब तक 78 मौतें

**एजेंसी, केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा शुक्रवार को देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के उन इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हाल की विनाशकारी बाढ़ में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य चौथे दिन भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। राष्ट्रपति रामाफोसा पूर्वी केप प्रांत के म्थाथा शहर जाएंगे, जहां मंगलवार की सुबह बाढ़ ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। रामाफोसा की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब आपदा के शुरुआत में प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना हो रही है। अत्यधिक खराब मौसम को आपदा का कारण माना जा रहा है। तीव्र बारिश, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग ने पिछले हफ्ते ही खराम मौसम की चेतावनी दी थी। (अनंत ज्ञान)

### गोविंद ने किया जीजा राजा का पिंडदान

**एजेंसी, उज्जैन।** राजा के मोक्ष के लिए बड़े भाई विपिन रघुवंशी और भतीजे विधान ने सिद्धवट पर नारायण बलि का पूजन-अर्चना कर पिंड बनाकर उनका पूजन किया। इस दौरान सोनम का भाई भी साथ-साथ रहा। उसने राजा की मोक्ष की कामना को लेकर तर्पण किया और पूरे समय परिवार के साथ ही दिखाई दिया। इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शिलांग पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। वहीं राजा रघुवंशी के परिजन अपने बेटे के मोक्ष की कामना को लेकर धार्मिक नगरी उज्जैन में पहुंचे। यहां उन्होंने सिद्धवट पर नारायण बलि का पूजन अर्चन कर पिंड बनाएं उनका पूजन किया और फिर इन्हें मां शिप्रा प्रवाहित किया। (अनंत ज्ञान)



# सीएम का दावा-योग दिवस पर 11 लाख साधक एक साथ करेंगे योगाभ्यास

## कुरुक्षेत्र में एक लाख की भागीदारी से रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में लगभग 11 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है,जिससे एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया जा सके।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भानू में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर को में भाग ले रहे थे। सैनी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के अद्भुत योगदान को नमन करते हुए कहा कि यह स्थान अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की जीवंत परंपरा है। हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उत्तर-पूर्वी सीमाओं की दिन-रात रक्षा करते हैं।



सीएम ने जवानों के साथ किया योग

आज का यह योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर विशेष महत्व रखता है,क्योंकि यह देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के लिए आयोजित किया गया है। योग हमें उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने के अतिरिक्त टीम भावना, आपसी सहयोग और अनुशासन भी सिखाता है, इसलिए योग और सैनिकों का गहरा संबंध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न योग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेशभर में अब तक लगभग 15 लाख 60 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी कर योग का अभ्यास किया है। योग कार्यक्रमों के दौरान 61 हजार से ज्यादा औषधीय पौधे लगाए गए हैं।

हरित योग अभियान के तहत 21 जून तक 10 लाख औषधीय पौधे बांटे जा रहे हैं। इसके अलावा, सरकार ने एक पोर्टल भी बनाया है, जिस पर अब तक 7 लाख 65 हजार 500 लोगों ने 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने प्रदेशभर में जिला स्तर पर योग मैराथन रैलियां, जागरूकता अभियान और सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# जन घोषणाओं को धरातल पर लाने की तैयारी में जुटा प्रशासन: डॉ. साकेत

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्त मंत्री के रूप में वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में की गई घोषणाओं को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर तीव्रता लाई जा रही है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ये घोषणाएं केवल वादे नहीं, बल्कि जनकल्याण के लिए संकल्प हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि दिसंबर 2025 से पूर्व सभी घोषणाओं की ठोस प्रगति नजर आनी चाहिए।

डॉ. साकेत शुक्रवार को हरियाणा निवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें बिजली, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, शहरी स्थानीय निकाय, माध्यमिक, उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन एवं विरासत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, नगर एवं ग्राम आयोजना, अभिलेखागार तथा आवास विभाग से संबंधित 79 घोषणाओं की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को अपनी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए ताकि कार्यप्रणाली में स्पष्टता और उत्तरदायित्व बना रहे। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि घोषणाओं के लिए आवश्यक धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में शिक्षा से जुड़ी सर्वाधिक 28 घोषणाएं की गई हैं। माध्यमिक, उच्चतर और तकनीकी शिक्षा विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अन्य संबद्ध विभागों के साथ समन्वय कर फाइल प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करें, ताकि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी घोषणाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर हरियाणा इंजीनियरिंग वर्कस पोर्टल पर अपलोड करें और जल्द से जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी करें।

### शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था भी एजेंडे में

**उन्होंने** शहरी क्षेत्रों में पुराने कचरे के निस्तारण को भी प्राथमिकता से करने को कहा ताकि स्वच्छता के क्षेत्र में ठोस बदलाव महसूस हो सके। डॉ. साकेत के नेतृत्व में हुई यह समीक्षा बैठक एक स्पष्ट संदेश देती है कि सरकार की घोषणाएं केवल भाषण तक सीमित नहीं, बल्कि जनहित के ठोस कदम हैं, जिन्हें तय समय में साकार किया जाएगा।

## वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझने पर हेल्पएज इंडिया रिपोर्ट की लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



विश्व बुजुर्ग दर्व्यवहार जागरूकता दिवस 15 जून को चिह्नित करने के लिए, हेल्पएज इंडिया ने 'अंतर-पीढ़ीगत गतिशीलता और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना' रिपोर्ट लॉन्च की, जो अपनी तरह का पहला राष्ट्रीय अध्ययन है। रिपोर्ट को श्री परमजीत सिंह, राज्य निदेशक, मेरा युवा भारत (पंजाब और चंडीगढ़) और श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत चंडीगढ़ द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ में जारी किया गया।

अध्ययन में 5798 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें युवाओं (18-30 वर्ष) का अनुपात-70 प्रतिशत और बुजुर्गों (60 वर्ष और उससे अधिक) का अनुपात - 30 प्रतिशत था। मीडिया बुजुर्गों के बारे में युवाओं की धारणाओं को बहुत प्रभावित करता है, 80त्न ने कहा कि चित्रण उनके विचारों को प्रभावित करते हैं-अकसर बुजुर्गों को बुद्धिमान और देखभाल करने वाले के रूप में दिखाते हैं, लेकिन साथ ही आश्रित या हास्यपूर्ण भी दिखाते हैं।

## कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन संयुक्त प्रॉस्पेक्टस 2025-26 का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उच्च शिक्षा निदेशालय, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रकाशित संयुक्त प्रॉस्पेक्टस का विमोचन शुक्रवार को राजीव वर्मा, आईएएस, मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़, प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव शिक्षा और रुबिंद्रजीत सिंह बराड़, पीसीएस, निदेशक उच्च शिक्षा द्वारा किया गया।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से संबद्ध सरकारी और निजी तौर पर प्रबंधित सहायता प्राप्त कॉलेजों में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदकों के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लगभग 21,500 सीटें उपलब्ध हैं। सरकारी कॉलेजों में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में बीबीए 240, बीसीए 320, बीकॉम 700, बीए 3000 और बीएससी 640 सीटों उपलब्ध हैं।

सरकारी कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों की सीटों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और सभी स्नातकोत्तर डिग्री (2 वर्षीय) पाठ्यक्रम पिछले वर्ष की तरह इस सत्र में भी जारी रहेंगे।

## एलआईसी एजेंट एसोसिएशन ने लगाई मीठे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

शुक्रवार को एलआईसी एजेंट एसोसिएशन अलीका यूनिट एक सेक्टर-17 चंडीगढ़ की ओर से मीठे पानी, चना, हलवे के प्रसाद की छबील लगाई गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने मीठे पानी की छबील का आनंद लिया।

एसोसिएशन की ओर से जून महीने में हर साल मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान अनिल कुमार एवं जरनल सेक्रेटरी केके मरवाह और सभी एक्जीक्यूटिव मेंबर्स शामिल रहे। साथ ही शाखा के सीनियर ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार और उनके साथ बीएम एजेंसी तेनजिन दावा ने भी छबील में सेवा में मौजूद रहे। यह छबील सुबह से दोपहर 3.30 बजे तक चली, जिसमें एसोसिएशन के सभी मेंबर्स ने छबील में खूब सेवा की।

## देश-विदेश

# देश के नौ राज्यों में हीटवेव दिल्ली-पंजाब में रेड अलर्ट

## हरियाणा में तापमान 48 डिग्री तक पहुंचने की आशंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश के 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है।

कर्नाटक के हुबली में वीरवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## सोना 99,150 के पार, चांदी 1.06 लाख प्रति किलो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना 13 जून, शुक्रवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोने का भाव 1,715 रुपए बढ़कर 99,058 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। बीते दिन सोने की कीमत 97,455 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं इससे पहले 21 अप्रैल को सोना 99,100 रुपए पर पहुंचा था। चांदी में भी शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। यह 742 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,05,498 रुपए प्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 169 अंक फिसला

**एजेंसी, मुंबई**

इसराइल के ईरान पर हमले के बाद 13 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी में भी करीब 169 अंक की गिरावट रही। यह 24,718 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 4 में तेजी और 26 शेयर में गिरावट रही। बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, ऑटो और आईटी शेयर ज्यादा गिरे। पिछले कल एयर इंडिया के विमान के क्रैश होने के बाद एयरलाइन कंपनियों के शेयर भी टूटे हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का शेयर 4 प्रतिशत गिरा है। स्पाइसजेट 1.61 प्रतिशत टूटा है। वहीं, एयर इंडिया को ऑपरेट करने वाले टाटा ग्रुप के सभी शेयर नीचे रहे।




### एशियाई बाजारों में भी दर्ज की गई गिरावट

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 338 अंक (0.89 प्रतिशत) गिरकर 37,834 पर और कोरिया का कोस्पी 0.87 प्रतिशत नीचे 2,894 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 142 अंक (0.59 प्रतिशत) गिरकर 23,892 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट अंक 25 (0.75 प्रतिशत) गिरकर 3,377 पर क्लोज हुआ।

### इसराइल का ईरान पर हमला गिरावट का बड़ा कारण

**इसराइल** ने ईरान पर हमला किया है। यह बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण है। जब भी दो बड़े देशों के बीच युद्ध या तनाव बढ़ता है, तो निवेशक घबरा जाते हैं और शेयर बाजार से पैसे निकालने लगते हैं। इस बार इसराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और मिलिट्री साइट्स पर हमला किया, जिससे डर है कि मिडिल ईस्ट में युद्ध और बढ़ सकता है।

### कच्चे तेल की कीमतें 10 प्रतिशत तक बढ़ीं

**हमले** के बाद कच्चे तेल की कीमतें 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गईं, क्योंकि मिडिल ईस्ट से ही दुनिया का ज्यादातर तेल आता है। अगर वहां सप्लाई रुकती है तो तेल और महंगा हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह और भी चिंता की बात है, क्योंकि हमें ज्यादातर तेल बाहर से खरीदना पड़ता है। इससे महंगाई फिर बढ़ सकती है।

# असम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बड़ी जीत

## राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए दो उम्मीदवार, विपक्ष ने खड़ा नहीं किया प्रत्याशी

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम से एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के दो उम्मीदवार, भाजपा के कनद पुरकायस्थ और असम गण परिषद (एजीपी) के बिरेंद्र प्रसाद बैश्य निर्विरोध रूप से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। चुनाव अधिकारी के अनुसार, विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया, जिसके चलते दोनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि वीरवार थी। अधिकारी ने बताया, चूंकि विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं था, इसलिए भाजपा के कनद पुरकायस्थ और एजीपी के बिरेन्द्र प्रसाद बैश्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इन दोनों सीटों के लिए चुनाव 19 जून को प्रस्तावित थे, लेकिन अब चुनाव की आवश्यकता नहीं रह गई।

कनद पुरकायस्थ पहली बार संसद सदस्य बनेंगे। वे वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबिंद्र पुरकायस्थ के बेटे हैं। वे सिलचर से ताल्लुक रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की याचिका की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार को दी गई 'जेड प्लस' सुरक्षा हटाने की याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता बिकाश साहा को चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार इसी तरह की निराधार याचिकाएं दायर करना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और भविष्य में ऐसा करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और कोई भी व्यक्ति अदालत की प्रक्रिया को दबाव में नहीं ले सकता। न्यायमूर्ति मनमोहन ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'कोई भी व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि किसे कितनी सुरक्षा मिलेगी। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, जो संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट पर आधारित होती है।' अदालत ने यह भी कहा कि अगर कल को कुछ घटना घट जाती है, तो क्या याचिकाकर्ता इसकी जिम्मेदारी लेगा? (अनंत ज्ञान)



### दो बार याचिका दायर कर चुका याचिकाकर्ता

**बिकाश** साहा नाम के व्यक्ति ने पहले भी इसी मुद्दे पर दो बार याचिका दायर की थी, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। साहा ने इस बार फिर से एक पुरानी याचिका में 'स्पष्टीकरण' के नाम पर नया आवेदन दायर किया, जिसमें अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की मांग की गई थी, लेकिन अदालत ने साफ कर दिया कि साहा को इस मामले में कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनका अंबानी परिवार से कोई संबंध नहीं है।

## निर्यात

### ट्रंप की धमकी के बावजूद इस साल 27 हजार करोड़ के आईफोन अमेरिका भेजे

# अमेरिका में बिकने वाले 97 % आईफोन भारत में बने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एप्पल को डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईफोन भारत में बन रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एपल ने मार्च से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए, उनमें से 97 प्रतिशत अमेरिका भेजे गए हैं। इनकी कीमत 3.2 बिलियन डॉलर (27,000 करोड़ रुपए) रही।

सिर्फ मई में ही करीब 1 बिलियन डॉलर यानी 8,600 करोड़ के आईफोन भारत से अमेरिका भेजे गए हैं। यानी एप्पल अब भारत में आईफोन एक्सक्लूसिव तौर पर अमेरिकी बाजार के लिए बना रहा है। जनवरी से मई 2025 तक भारत से अमेरिका को 4.4 बिलियन डॉलर(37 हजार करोड़ रुपए) के आईफोन एक्सपोर्ट हो चुके हैं। ये आंकड़ा 2024 के 3.7 बिलियन एक्सपोर्ट से भी ज्यादा है। 2024 तक अमेरिका में बेचे जाने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बनते थे। (अनंत ज्ञान)



### ट्रंप ने एप्पल को दी थी धमकी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 23 मई को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एप्पल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने 15 मई को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी थी। उन्होंने आगे कहा कि तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील ऑफर की है। इसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, देखो, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी प्रोजेक्ट्स को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में प्रोडक्शन करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो (यूकेके) के तीसरे सत्र में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि आगामी सत्र के लिए नीलामी में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र की शुरुआत 29 नवंबर से हो रही है। हम गर्व के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि इसमें पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह कदम न केवल लीग की प्रतिस्पर्धा को नयी ऊंचाई देगा बल्कि भारत को खो-खो का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी दृष्टि को भी दर्शाता है।'' (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ की सोनम वर्मा ने शूटिंग में जीता सिल्वर मेडल

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ की रहने वाली सोनम वर्मा ने अपनी पहली ही शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर पिस्टल (एनआर) श्रेणी में सिल्वर मेडल जीतकर बैजनाथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोनम ने प्रथम हिमाचल प्रदेश प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत पीएस-122 महिला वर्ग में भाग लिया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। सोनम वर्मा बैजनाथ के खड़ानाल की निवासी हैं। वह स्क्वाड्रन कमांडर कमल कुमार की पत्नी हैं। सोनम ने न केवल पदक जीता, बल्कि स्टेट चैंपियनशिप और देहरादून में होने जा रही ओपन नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई किया है। सोनम अब आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों में जुटी हुई हैं और उनसे और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### सुरुचि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता सोना

**एजेंसी, म्यूनिख।** उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पाई। (अनंत ज्ञान)

### एना के आगे मॉडल्स भी फेल

**सर्बिया।** सर्बिया की टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक भी खूबसूरती में किसी से पीछे नहीं हैं। वह दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनकी सुंदरता के आगे कई मॉडल्स फेल हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती हैं।



# इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटी टीम इंडिया

## भारत का इंट्रा-स्क्वॉड मैच आज; कुलदीप-जडेजा पर होगी नजर

**एजेंसी, लंदन**




इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया अंतिम तैयारियों में जुट गई है। टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। आज से सीनियर टीम बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वॉड मैच में भारत-ए का सामना करेगी। यह मैच 3 बजे से खेला जाएगा। इस मैच का लाइव नहीं होगा।


यह मैच भारत-ए की इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के बाद हो रहा है। दोनों मैच ड्रॉ हुए थे। भारत एक टीम के लिए सीनियर टीम से 18 में से 7 प्लेयर्स को चुना गया था, जिसमें कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, शार्दूल ठाकुर और नीतीश कुमार रेड्डी शामिल थे।

इस मैच में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है, क्योंकि इसमें कोई बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाता है, तो उसे फिर से अपने को साबित करने का मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# मां के बीमार होने के कारण भारत लौटे गौतम गंभीर

**एजेंसी, बेकेनहैम ( ब्रिटेन )**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने परिवार में आपात स्थिति के कारण शुक्रवार को स्वदेश लौट गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गंभीर को अपनी मां से मिलने के लिए वापस जाना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है।




सूत्र ने कहा, ''हां। वह पारिवारिक आपातस्थिति के कारण भारत वापस लौट गए हैं।'' गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे भारत और भारत-ए के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के दौरान मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक जैसे अन्य कोचिंग स्टाफ से सहायता मिलेगी। अगर गंभीर के घर पर सब कुछ ठीक रहा, तो उनके एक सप्ताह के भीतर इंग्लैंड लौटने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

# टी20 मुंबई लीग: मुंबई फाल्कन्स को हराकर मराठा रॉयल्स बना चैंपियन

**एजेंसी, मुंबई**




राजेश सुतार के अर्द्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना होगा महत्वपूर्ण: मोर्कल

**एजेंसी, बेकेनहैम ( केंट )**

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।



नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की सीरीज के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा, ''मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो।''

उन्होंने कहा, ''हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है, हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं, इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं।'' भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे।

मोर्कल ने कहा, ''कुल-मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था, लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है। आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी।''

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि अब तक परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। मोर्कल ने कहा, ''अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। यह बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी थी, जिससे उन्हें आगामी चुनौती के लिए तैयार होने में भी मदद मिली।'' भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**एजेंसी, ब्रनो ( चेक गणराज्य )।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।
भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)



# हुलेनकोर्ट महिला ओपन में अवनि दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, हुलेनकोर्ट**

भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने चार अंडर 68 के स्कोर के साथ सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की, जिससे वह हुलेनकोर्ट महिला ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।



अवनि ने दोपहर के समय अंतिम ग्रुप में खेलते हुए तीन बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाईं। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट पहले दिन 67 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। अवनि और जर्मनी की हेलेन ब्रीम उनसे एक शॉट पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अवनि लेडीज यूरोपियन टूर की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सात भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। अनुभवी दीक्षा डागर ने प्रतियोगिता के पहले दौर में पार 72 से शुरुआत की और वह 22वें स्थान पर हैं। अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह ने दो ओवर 74 का कार्ड खेला और वे संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर ने 76 का स्कोर बनाया जिससे वे संयुक्त 89वें स्थान पर हैं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी हिताशी बक्शी ने 79 का स्कोर बनाया और वह 125वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

# डुमखर मैदान में हैमरबॉल चैंपियनशिप शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के डुमखर मैदान में आयोजित दूसरी सीनियर हैमर बॉल चैंपियनशिप में देशभर के 15 राज्यों की महिला व पुरुष टीमों ने भाग लेकर खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया है। चैंपियनशिप के पहले ही दिन मुकाबले इतने दिलचस्प रहे कि हर मैच फाइनल जैसा महसूस हुआ।

**15 राज्यों की महिला व पुरुष टीमों ने लिया भाग**

चैंपियनशिप का उद्घाटन राजा शिवेंद्र पाल ने मुख्यातिथि के रूप में किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही। टूर्नामेंट का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को मंच देना है, बल्कि हैमर बॉल जैसे पारंपरिक भारतीय खेल को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोकप्रिय बनाना भी है।

पहला पुरुष मुकाबला छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बीच हुआ। महाराष्ट्र ने पहले खेलते हुए 110 प्वॉइंट्स बनाए, लेकिन छत्तीसगढ़ ने शानदार पीछा करते हुए 111 प्वॉइंट्स बनाकर मैच जीत लिया। महिला वर्ग का मुकाबला उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश ने पहले बैटिंग में 212 प्वॉइंट्स स्कोर किए, जिसका पीछा करते हुए राजस्थान की टीम ने 217 प्वॉइंट्स बनाकर जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग का दूसरा मैच हिमाचल प्रदेश और उड़ीसा के बीच हुआ, जिसमें हिमाचल ने 191 प्वॉइंट्स का स्कोर खड़ा किया, लेकिन उड़ीसा ने 192 प्वॉइंट्स बनाकर जीत अपने नाम की।चौथा मैच उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच हुआ, जिसमें उत्तराखंड ने आठ यूनिट में 121 प्वॉइंट्स बनाए, लेकिन उत्तर प्रदेश की टीम ने केवल चार यूनिट में यह लक्ष्य प्राप्त कर मुकाबला जीत लिया।

पांचवें मैच के मुख्यातिथि वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर रहे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। हम हिमाचल में हैमर बॉल को हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन में मान्यता दिलाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति अध्यक्ष देवराज शर्मा, चरणजीत शर्मा, रमेश शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, सोनी लाल ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस भव्य आयोजन में हैमर बॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अहम भूमिका रही। उपस्थित पदाधिकारियों में राष्ट्रीय सचिव मनीष श्रीवास्तव, टेक्निकल बोर्ड अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोगेंद्र देव आर्य, राजस्थान महासचिव विजयपाल आदि शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन व खेल विभाग का सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में बेहद मददगार रहा है। अब डुमखर मैदान न केवल ऊना जिले, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख खेल स्थल बनता जा रहा है। हैमरबॉल की यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप भविष्य में और भी भव्य रूप में आयोजित होगी, ऐसा विश्वास आयोजकों ने जताया। (अनंत ज्ञान)

# डब्ल्यूटीसी फाइनल: ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 282 रन का लक्ष्य

**एजेंसी, लंदन**


शॉट खेलता एडेन मार्करम।

मिचेल स्टार्क (नाबाद 58) की अर्द्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कागिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मार्करम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाए। वह वीरवार को जब क्रीज पर उतरे थे उस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम 73 रन पर सात विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आखिरी विकेट के लिए 59 रन जोड़ कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद मजबूत कर दी।

स्टार्क और हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए तीन बार पचास से अधिक की साझेदारी करने वाली दूसरी जोड़ी है, उनसे पहले यह उपलब्धि बीजे वाटलिंग और ट्रेंट बोल्ट ने हासिल की थी। दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने परेशान किया। समाचार लिखे जाने तक साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। एडेन मार्करम 39 और कप्तान टेम्बा बावुमा 2 रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## हॉकी

### सोनम, लालथंतलुआंगी और कनिका ने भारत की तरफ से किए गोल

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एजेंसी, एंटवर्प**

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए।

सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर, जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

**भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से**



### भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

**एजेंसी, लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है। यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, ''चिली के सैंटियागो में शुक्रवार को आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।'' भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी के मोनचेंग्लाडबैक में खेलने गए टूर्नामेंट भारत तीसरे और दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में खेले गए टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था। गोलकीपर निधि के नेतृत्व में टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना में संपन्न चार देशों के टूर्नामेंट में चार मैच जीते और दो हारे थे। भारतीय टीम ने उरुग्वे को दो बार हराया तथा चिली और अर्जेंटीना के खिलाफ एक-एक मैच जीता था। (अनंत ज्ञान)